धनबाद, शुक्रवार 26.04.2024
मूल्य- ₹ 3
वर्ष-30 अंक-65 पृष्ठ- 12
वैशाख कृष्ण पक्ष-3
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक
# बिहार ऑब्जर्वर



## दूसरे चरण की 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान आज

### राहुल गांधी, हेमा मालिनी, अरुण गोविल, शशि थरूर, भूपेश बघेल, केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर, केसी वेणुगोपाल समेत कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर 0 दूसरे फेज में 1,198 प्रत्याशी मैदान, इनमें 1,097 पुरुष और 100 महिला उम्मीदवार, एक प्रत्याशी थर्ड जेंडर है



**नई दिल्ली (ईएमएस):** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को १२ राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की ८८ सीटों पर मतदान होगा। पहले इस फेज में ८९ सीटों पर वोटिंग होनी थी, लेकिन मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद इस सीट पर अब ७ मई को चुनाव होंगे। पहले चरण के कम मतदान को देखते हुए चुनाव आयोग ने अपने कर्मियों को लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने इस बार से एक नया प्रयोग भी किया है, उसने शहरी इलाकों की बहुमंजिली इमारतों में वहीं पर मतदान की व्यवस्था की है। मतदान का समय सुबह ७ बजे से शाम ६ बजे तक है। उधर मौसम विभाग के अनुसार दूसरे चरण में जिन क्षेत्रों में मतदान होना है वहां शुक्रवार को भयंकर गर्मी पड़ने की संभावना है। पारा ३८ डिग्री से लेकर ४३ डिग्री तक जाने की संभावना है। इससे कम मतदान की आशंका जताई जा रही है।

दूसरे चरण में असम की ०५, बिहार की ०५, छत्तीसगढ़ की ०३, जम्मू-कश्मीर की ०१, कर्नाटक की १४, केरल की २०, मध्य प्रदेश की ०६, महाराष्ट्र की ०८, राजस्थान की १३, त्रिपुरा की ०१, उत्तर प्रदेश की ०८ और पश्चिम बंगाल की ०३ सीटों पर पर मतदान होना है। जनता दूसरे चरण में २ कैबिनेट और ४ राज्यमंत्रियों की किस्मत का फैसला करेगी। दूसरे चरण में वायनाड से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, मथुरा से हेमा मालिनी, मेरठ से अरुण गोविल मैदान में हैं। तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर का मुकाबला केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर से है। जम्मू लोकसभा सीट से भाजपा के जुगल किशोर का मुकाबला कांग्रेस के रमन भल्ला से है, यहां गुलाम नबी आजाद की पार्टी डीपीएपी ने जीएम सरुरी को चुनावी मैदान में उतार कर मुकाबले को त्रिकोणीय करने का प्रयास किया है। यहां पर कुल २२ उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। २०१९ में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को ५० और एनडीए के सहयोगी दलों ने ८ सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में २१ सीटें गईं थीं। अन्य को ९ सीटें मिली थीं। इस चरण में २९ सीटें ऐसी हैं, जहां भाजपा ने कभी जीत हासिल नहीं की है। इनमें सबसे ज्यादा केरल की २० सीटें हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के दूसरे फेज में १,१९८ कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें १,०९७ पुरुष और १०० महिला उम्मीदवार हैं। एक प्रत्याशी थर्ड जेंडर है। ▶▶ 4

## झामुमो ने जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से समीर मोहंती और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में कल्पना सोरेन को उम्मीदवार बनाया

**रांची (ससे):** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से समीर मोहंती को चुनाव मैदान में उतारा है।

गांडेय विधानसभा उपचुनाव में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार होंगी। पार्टी ने सुप्रीमो शिबू सोरेन के निर्देशानुसार गुरुवार को गांडेय विधानसभा उपचुनाव और जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया।

इसके साथ ही इंडिया गठबंधन की ओर से राज्य के सभी १४ सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान हो चुका है। रांची और जमशेदपुर की सीट पर संशय बना हुआ था।

कांग्रेस ने जहां रांची से पिछले दिनों यशस्विनी सहाय के नाम का ऐलान किया वहीं



गुरुवार को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा ने समीर मोहंती को प्रत्याशी बनाने की घोषणा कर दी। कल्पना सोरेन के गांडेय विधानसभा उपचुनाव लड़ने पर भी गुरुवार को पार्टी ने मुहर लगा दी।

## देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ने शुरु की व्हाट्सएप सेवा

### सीजेआई ने जारी किया आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर



**नई दिल्ली (ईएमएस):** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट व्हाट्सएप संदेशों के द्वारा से अधिवक्ताओं को वाद सूची, केस फाइलिंग और केस लिस्टिंग के बारे में जानकारी प्रसारित करना शुरू कर देगा। वाद सूची किसी विशेष दिन पर अदालत द्वारा सुनवाई के लिए निर्धारित मामलों की रूपरेखा तैयार करती है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत के सुप्रीम कोर्ट ने एक छोटी सी पहल शुरू की। व्हाट्सएप मैसेंजर हमारे दैनिक जीवन में एक सर्वव्यापी सेवा रही है। न्याय तक पहुंच के अधिकार को मजबूत करने और न्यायिक प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए शक्तिशाली संचार उपकरण की भूमिका निभाई है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी प्रश्न पर सुनवाई शुरू करने से पहले, सीजेआई ने यह घोषणा की। सीजेआई ने कहा कि अब अधिवक्ताओं को केस फाइलिंग के संबंध में स्वचालित संदेश प्राप्त होगा।

इसके अतिरिक्त, बार के सदस्यों को प्रकाशित होते ही उनके मोबाइल फोन पर कारण सूची भी प्राप्त होगी। यह सुविधा और सेवा हमारी दैनिक कार्य आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। इस कदम के बारे में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह एक और क्रांतिकारी कदम है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट का आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर भी प्रदान कर स्पष्ट किया कि वह किसी भी संदेश या कॉल को स्वीकार नहीं करेगा। सीजेआई चंद्रचूड़ के मार्गदर्शन में सुप्रीम कोर्ट सक्रिय रूप से न्यायिक कार्यों के डिजिटलीकरण को आगे बढ़ा रहा है।

## ओडिशा में हुई मुठभेड़ में दो माओवादियों की मौत

**बौध (ईएमएस):** ओडिशा के बौध जिले में गुरुवार को तड़के सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में करीब दो माओवादी मारे गए। हथियार, हथगोले और अन्य सामान भी बरामद हुआ है।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पारहेल आरक्षित वन क्षेत्र में माओवादियों और ओडिशा के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई।

उन्होंने कहा, घटनास्थल से दो माओवादियों के शव मिले हैं और उनके पास से हथियार, हथगोले और अन्य सामान भी बरामद हुआ है।

## मोदी-राहुल के चुनावी भाषणों पर नोटिस

### भाजपा-कांग्रेस पार्टी के अध्यक्षों से 29 अप्रैल तक जवाब मांगा

**नई दिल्ली (ईएमएस):** चुनाव आयोग ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के भाषणों पर नोटिस जारी किया।

यह नोटिस आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर जनप्रतिनिधि कानून के सेक्शन ७७ के तहत इश्यू किया गया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से २९ अप्रैल सुबह ११ बजे तक जवाब मांगा है।

चुनाव आयोग को पीएम मोदी और राहुल गांधी के भाषण में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया कि ये लीडर्स धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्षों को जिम्मेदार माना





ये शिकायतें मिलने के बाद इलेक्शन कमीशन ने भाजपा और कांग्रेस पार्टियों के अध्यक्षों को नोटिस भेजा। आयोग ने स्टार प्रचारकों की फौज उतारने के लिए पहली नजर में पार्टी अध्यक्षों को ही जिम्मेदार ठहराया है। आयोग ने कहा कि अपने प्रत्याशियों के कामों के लिए राजनीतिक दलों को ही पहली जिम्मेदारी उठानी ▶▶ 4

## सीएम योगी को जान से मारने की धमकी

**प्रयागराज (ईएमएस):** प्रयागराज के युवक ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी है। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें कह रहा है- मेरा झामगंज में घर है। चैलेंज दे रहा हूं, योगी बुलडोजर चलाकर दिखाएं...काट डालेंगे। वीडियो के आधार पर सोशल एक्टिविस्ट सर्वेश कुमार ने आरोपी शमीम उर्फ बबलू के खिलाफ नवाबगंज थाने में एफआईआर कराई। फिलहाल, शमीम फरार है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने उसकी गिरफ्तारी के लिए ३ टीमें बनाई है। हालांकि, वीडियो कब का है इसकी ऑफिशियल पुष्टि नहीं हुई है। शमीम प्रयागराज के लाल गोपालगंज कस्बे के झामगंज इलाके का रहने वाला है।


## संदेशखाली केस में पहली एफआईआर दर्ज

**कोलकाता (ईएमएस):** कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पश्चिम बंगाल के संदेशखली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) से केस में पहली एफआईआर दर्ज की है। इसमें ५ मुख्य आरोपियों के नाम शामिल हैं। हालांकि ये आरोपी कौन हैं, ये सामने नहीं आया है, लेकिन कहा जा रहा है कि ये प्रभावशाली लोग हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने १० अप्रैल को संदेशखाली मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। अपने आदेश में कहा कि सीबीआई कोर्ट की निगरानी में जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। मामले की अगली सुनवाई २ मई को होगी। संदेशखाली की महिलाओं ने ८ फरवरी को तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर यौन उत्पीडऩ और जबरन जमीन कब्जाने का आरोप लगाया था। मामले में ३ आरोपी शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार हिरासत में हैं।

## चीन ने फिर हदें कीं पार! सियाचिन ग्लेशियर के पास सड़क बना रहा ड्रैगन

**नई दिल्ली (एजेंसी):** चीन ने फिर से हदें पार की हैं. अब वह पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (झजध) में सियाचिन ग्लेशियर के पास सड़क बना रहा है. यह खुलासा सैटेलाइट इमेज के जरिए हुआ है. जानकारी के मुताबिक, यह सड़क कंक्रीट की है.

भारत को इस पर आपत्ति है. यह सड़क अवैध रूप से कब्जाए कश्मीर में यानी दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धस्थल सियाचिन के उत्तर में बन रही है. अंग्रेजी न्यूज चैनल 'इंडिया टुडे' की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से एक हिस्सा चीन के पास १९६३ में गया था. वहां शक्सगम घाटी में चीन हाइवे जी-२१९ का विस्तार कर रहा है. यह इलाका चीन के शिनजियांग से सटा हुआ है. यह सियाचिन ग्लेशियर के इंदिरा कोल से ५० किलोमीटर दूर उत्तर दिशा की तरफ है.



न्यूज़ रिपोर्ट के मुताबिक, सामने आई ताजा सैटेलाइट तस्वीरें यूरोपीयन स्पेस एजेंसी ने ली हैं. पता चला कि पिछले साल जून से अगस्त ▶▶ 4

## पैसों की किल्लत से दो चार हो रही अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा

### इसरो के लिए सरकार ने खोल दिया खजाना

**नई दिल्ली (ईएमएस):** चंद्रयान-३ मिशन की सफलता के बाद भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। अगले कुछ साल में इसरो की योजना मंगलयान-२ और शुक्र मिशन जैसे प्रोग्रामों को अंजाम तक पहुंचाने की है। इसरो के लिए मोदी सरकार के पास फंड की कोई कमी नहीं है। इसके उलट अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा फंड की किल्लत से रूबरू है। न सिर्फ नासा का बजट घटता जा रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी स्पेस एजेंसी पर ऐसी कंगाली क्यों आई है? यह समझने की कोशिश करते हैं।




अक्टूबर १९५७ में सोवियत संघ ने पूरी दुनिया को चौंका दिया था। तब उसने पहली आर्टिफिशियल सैटेलाइट स्पुतनिक लांच की थी। इस घटना ने अमेरिका को अपने अंतरिक्ष प्रोग्राम को ▶▶ 4

## तिहाड़ जेल में दो गुट आपस में भिड़े, चार कैदी घायल

**नई दिल्ली (ईएमएस):** देश की जानी मानी तिहाड़ जेल में संदिग्ध गैंगवार और जेल में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर जेल नंबर ३ के अंदर कैदियों के दो समूह आपस में भिड़ गए। इसमें चार कैदियों के घायल होने की खबर है। एक अधिकारी ने बताया कि घटना बुधवार सुबह की है। पुलिस ने घटना के संबंध में संबंधित धाराओं के तहत दोनों कैदियों समूह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि घायल अलग-अलग समूहों से थे। ▶▶ 4

## दूल्हा और दुल्हन को बिना लाइन में लगे मिलेगी मतदान की सुविधा

**नई दिल्ली (ईएमएस):** चुनाव आयोग ने प्रथम चरण में कम मतदान होने के कारण समीक्षा बैठक की। उसके बाद सभी राज्यों के चुनाव आयुक्त को निर्देश दिए गए हैं। शादी ब्याह का मौसम होने के कारण दूल्हा दुल्हन को बिना लाइन में लगे तत्काल मतदान की सुविधा दी जाये। शादी के इस मौसम में दूल्हा दुल्हन भी मतदान कर पाएं। मतदान अधिक से अधिक हो इसके लिए मतदान केंद्र में छाया और पेयजल इत्यादि की व्यवस्था करने के लिए भी कहा गया है।

मतदान बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश में तरह-तरह की प्रयास शुरू किए गए हैं। गांव गांव में ६५००० बूथ अवेयरनेस समूह ▶▶ 4

## वायु सेना का टोही विमान क्रैश, कोई जनहानि नहीं

**जैसलमेर (ईएमएस):** जैसलमेर से ३० किमी दूर भारतीय वायुसेना का एक टोही विमान क्रैश हो गया। हादसा गुरुवार सुबह १० बजे के करीब पिथला-जाजिया गांव के पास भोजाणियों की ढाणी के पास हुआ। हालांकि हादसे में किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के साथ वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। वायुसेना के अधिकारी क्रैश के कारणों की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक यह ▶▶ 4



## अरुणाचल प्रदेश में लैंड स्लाइड

**ईटानगर (ईएमएस):** अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली में लैंड स्लाइड के चलते नेशनल हाईवे-३१३ का बड़ा हिस्सा ढह गया है। चीन सीमा से लगे दिबांग वैली जिले का संपर्क पूरे देश से कट गया। दिबांग वैली जिला प्रशासन के मुताबिक बुधवार को हाईवे पर लैंडस्लाइड हुई। अधिकारियों के मुताबिक, लैंड स्लाइड में ढहे हिस्से के कंस्ट्रक्शन में कम से कम ३ दिन लगेंगे। कई दिनों से दिबांग वैली में जारी बारिश जारी की वजह से लैंड स्लाइड। दिबांग वैली को पूरे देश से नेशनल हाईवे ३१३ जोड़ता है। अधिकारियों के मुताबिक, दिबांग वैली में पिछले कई दिनों से भारी बारिश हो रही है। हुनली और अनीनि के बीच हाईवे ३१३ का काफी बड़ा हिस्सा लैंड स्लाइड में ढह गया है। हाई-वे की मरम्मत के लिए टीम भेजी गई है।

## सिरसा में भूकंप के झटके, पंजाब सीमा पर जमीन से दस किलोमीटर नीचे हलचल

**सिरसा (ईएमएस):** पंजाब सीमा से सटे हरियाणा के सिरसा में गुरुवार शाम भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता ३.२ आंकी गई है। शाम ६ बजकर १० मिनट पर भूमि में हलचल महसूस की गई। बताया गया कि जमीन से दस किलोमीटर नीचे हलचल हुई जिस कारण झटके महसूस किएं गए हैं। जानकारी अनुसार सिरसा में पंजाब की सीमा से लगे मंडी डबवाली के करीब भूकंप का केंद्र रहा। इस क्षेत्र को भूकंप के जोन दो में रखा जाता है।

आमतौर पर बताया जाता है कि ऐसे क्षेत्र में भूकंप का खतरा कम ही रहता है। भूकंप के झटके सिरसा के अलावा राजस्थान के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और पंजाब के अबोहर, बठिंडा और मानसा क्षेत्र में भी महसूस किए गए हैं।

## ईडी का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा, केजरीवाल की गिरफ्तारी सही

**नई दिल्ली (ईएमएस):** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में दिल्ली शराब नीति केस में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका का विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में ईडी ने कहा कि कई बार समन भेजे जाने के बावजूद उन्होंने एजेंसी के साथ सहयोग नहीं किया। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि नौ बार समन मिलने के बावजूद केजरीवाल पूछताछ से बच रहे थे। उनके इसी रवैए से जांच अधिकारी को गिरफ्तारी की वजह मिली है। साथ ही जांच अधिकारी के पास मौजूद चीजों ने भी यह साबित करने में मदद की है कि वे दोषी हैं।




ईडी ने यह भी कहा कि केजरीवाल को किसी दुर्भावना या दूसरे कारणों से गिरफ्तार नहीं किया गया है। किसी अपराध की जांच एक ऐसा क्षेत्र है जो जांच एजेंसी के लिए रिजर्व है। ▶▶ 4

## संकट में पति कर सकता है स्त्रीधन इस्तेमाल, बाद में लौटाना होगा : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी):** महिलाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महिला का स्त्रीधन उसकी पूर्ण संपत्ति है. उसे अपनी मर्जी से खर्च करने का पूरा अधिकार है. यह कभी भी उसके पति के साथ संयुक्त संपत्ति नहीं बन सकती. संकट के समय में पति इसका उपयोग कर सकता है लेकिन उसे इसे या इसके मूल्य को वापस पत्नी को लौटाना पति का दायित्व है.

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद १४२ के तहत अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए पति को अपनी पत्नी के सभी आभूषण छीनने के लिए २५ लाख रुपये की आर्थिक क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया. महिला अब ५० वर्ष की है. जीवन-यापन की लागत में वृद्धि और समता एवं न्याय के हित को ध्यान में रखते हुए महिला को क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया गया.



पीठ ने हाईकोर्ट के तर्क को नकार दिया कि एक नवविवाहित महिला को पहली रात ही सारे सोने के आभूषणों से वंचित कर दिया जाना विश्वसनीय नहीं है. पीठ ने कहा है कि लालच एक शक्तिशाली प्रेरक है और इसने मनुष्यों को बहुत ही घृणित अपराध करने के लिए प्रेरित करता है. इस प्रकार, हम इसे मानवीय संभावना के दायरे से बाहर नहीं पाते हैं कि एक पति अपनी पत्नी के खिलाफ ऐसे अस्वीकार्य और अवांछनीय कार्य करे, जैसा कि आरोप लगाया गया था.

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विवाह के मामले शायद ही कभी सरल या सीधे कहे जा सकते हैं; इसलिए विवाह के पवित्र बंधन को तोड़ने से पहले एक यांत्रिक समयसीमा के अनुसार मानवीय प्रतिक्रिया वह नहीं है, जिसकी कोई उम्मीद करेगा.

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तलाक प्रमुख रूप से भारतीय समाज में अभी भी एक कलंक माना जाता है और विवादों और मतभेदों को सुलझाने के लिए किए गए प्रयासों के कारण कानूनी कार्यवाही शुरू होने में किसी भी तरह की देरी समझ में आती है. अदालत ने यह भी कहा कि विवाह की अवधारणा पति-पत्नी के अपरिहार्य आपसी विश्वास पर टिकी होती है, जिसमें वैवाहिक संबंध अनिवार्य रूप से शामिल है. यह मान लेना कि अपीलकर्ता को पहले दिन से पहले पति पर भरोसा नहीं था, असंभव है. इसलिए हाईकोर्ट उन तथ्यों से सही निष्कर्ष निकालने में विफल रहा, जो काफी हद तक स्थापित प्रतीत होते हैं. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट के एक तर्कसंगत निर्णय में हस्तक्षेप कर हाईकोर्ट ने स्पष्ट रूप से गलती की है.

अदालत ने यह भी नोट किया कि हाईकोर्ट ने महिला पर आवश्यकता से अधिक बोझ डाला और सही निष्कर्ष निकालने में विफल रहा.

# डिनोबली स्कूल में चलने वाली बसों का मालिकों ने नहीं करवाया भौतिक निरीक्षण



**निरसा (ससे):** परिवहन विभाग ने पीएमओ के निर्देश पर यह अभियान शुरू किया है। परिवहन विभाग द्वारा समस्त स्कूलों में संचालित बसों का भौतिक निरीक्षण हेतु १० अप्रैल २०२४ को धनबाद स्थित मेगा स्पोर्टस कम्प्लेक्स में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया था। गौरतलब है कि धनबाद डीटीओ ने ईसीएल के मुगमा क्षेत्र को और प्राचार्य डिनोबली स्कूल मुगमा को भी इसकी जानकारी दी थी। लेकिन कोई भी बस मालिक अपने वाहन लेकर नहीं पहुंचा।

वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में चर्चा है कि ईसीएल का मुगमा क्षेत्र और डिनोबली स्कूल मुगमा ने आदेश का अवहेलना किया। वहीं बस मालिकों की कहना है कि हो रहे लोकसभा चुनाव के दौरान बस का भौतिक निरीक्षण करवाएंगे। जब इस सबंध में परिवहन पदाधिकारी से संपर्क करना चाहा तो वे संपर्क नहीं हुए। सूत्र बताते हैं कि स्कूलों में संचालित बसों के मालिकों भौतिक निरीक्षण करवाने नहीं पहुंचा। ऐसे में अब सवाल यह उठ रहा है कि मोटी फीस लेने के बाद भी पब्लिक स्कूल आपके मासूमों की जान खतरे में डाल रहे हैं। ट्रांसपोर्ट शुल्क में हर साल बढ़ोतरी होती है, लेकिन बसों में न इमरजेंसी गेट हैं और न ही दरवाजे पर फुट रेस्ट लगे हैं। स्कूलों के बस मानक पर खरे नहीं पाए गए हैं, उन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यह जांच उच्च न्यायालय के आदेश और झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण के निर्देश पर किया जा रहा है।

डीटीओ की ओर से स्कूलों को जो पत्र भेजा गया है, उसमें कहा गया है कि स्कूल बसों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसमें चालक की पूरी रिपोर्ट, गाड़ी के सभी कागजात, आरसी बुक, प्रदूषण प्रमाण पत्र, बस की दुरुस्ती प्रमाण पत्र, परमिट, बस का बीमा और टैक्स की जांच की जाएगी।

बस पर स्कूल बस या ऑन ड्यूटी स्कूल लिखा होना चाहिए, बस की बॉडी पर स्कूल का नाम और फोन नंबर लिखा हो, खिड़की पर क्षैतिज ग्रील/जाली लगी हो, बच्चों के चढ़नेउतरने के लिए दरवाजे पर फुट बोर्ड लगा हो, सीट के पीछे नीचे बस्ता रखने की जगह होनी चाहिए, अग्निशमन यंत्र और फर्स्ट एड बॉक्स हो, स्पीड गवर्नर और प्रेशर हार्न लगा हो आदि है।

# शुभ संदेश देने वाला ग्रन्थ हैं श्री रामचरित मानस : पंडित अखिलेश



**जोड़ापोखर (ससे) :** जेलगोड़ा मानस मंदिर के प्रांगण में ५२वाँ वार्षिक ९ दिवसीय मानस महाधिवेशन के दूसरे दिन गाजीपुर उत्तर प्रदेश से पधारे राम कथा वाचक पंडित अखिलेश चंद्र उपाध्याय महाराज ने कोयलांचल वासियों से प्रवचन के दौरान कहा कि संसार में मानवता का शुभ संदेश देने वाला धरती पर यदि कोई ग्रन्थ है तो उसका नाम श्री रामचरित मानस है। जीवन को सफल बनाने के लिए जीवन का तार जबतक प्रभु श्री राम के चरणों नहीं जुड़ेगा तबतक हमारे भीतर मनुष्यता एवं मानवता का समावेश नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि २४ घन्टे में हम साढ़े २३ घन्टे संसार को दे लेकिन आधा घन्टा यदि हम प्रभु राम से अपना कनेक्शन जोड़ लिया तो मेरा जीवन अव्वल क्लाइमेक्स पर चला जायेगा। जगत का काम कर व्यक्ति जीवन को सफल होता है और परमात्मा का कार्य कर व्यक्ति जीवन में सफल होता है।

वही अयोध्या से पधारे बाल व्यास अशोकानंद महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा कि मन में सुविचार शुभ संकल्प हो तो परमात्मा को मिलने में विलंब नहीं है। जीवन में भगवान न समीक्षा से मिलते है न परीक्षा से मिलते है अगर भगवान को पाना है तो प्रतीक्षा से मिलते है। यही जीवन की सभ्यता है भगवान की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

इस अवसर पर सुबह परायणाचार्य पंडित अनिल पाठक की टीम द्वारा रामायण पाठ किया गया। जिसमें दर्जनों की संख्या में स्थानीय महिला भक्त शामिल हुई। पुजारी में अशोक पाठक थे। सुबह मंदिर परिक्रमा में सैकड़ों की संख्या में महिला भक्तों की भीड़ जुटी थी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मानस सत्संग समिति के धर्मेंद्र राय, पिंटू अग्रवाल, योगेंद्र सिंह, सिधेश्वर भारती, अनुभवक पंडित, धर्मवीर राय, बृजेश राय, सुनील वर्मा, शिव कुमार दुबे, उमेश सिंह, मोहन साव आदि थे।

# आंखों की गंभीर बीमारी से ग्रस्त बच्ची का मदद किया 99 फाउंडेशन



**धनबाद (कासं) :** ९९ फाउंडेशन ने एक बार फिर सामाजिक दायित्व का निर्वहन किया है। गौरतलब है की आँखों की गंभीर बीमारी से ग्रसित एक साल की बच्ची को मिला ९९ फाउंडेशन का साथ ईलाज के दौरान रहने खाने का खर्च उठाएगा ९९ फाउंडेशन। धनबाद जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरंगा जंगलपुर गाँव निवासी कन्हाई महतो की महज एक साल की बेटी आँखों की गंभीर बीमारी से ग्रसित है। जिससे बच्ची कुछ भी देख पाने में असमर्थ है। परिजन के अनुसार पीड़ित बेबी अनिमा महतो को जन्म के चार माह बाद जोंडिस हुआ था और इसी दौरान बेबी अनिमा का दोनों आँख गलने लगा और बाहर की ओर आ गया। पिता के अनुसार बच्ची को कोलकाता चेन्नई सहित कई राज्यों में ईलाज के लिए लेकर गए और अब उनकी आर्थिक स्थिति बेहद ख़राब हो गई है। पिता का कहना है अब मज़दूरी का काम करते हैं और किसी तरह से दो वक्त का रोटी का जुगाड़ कर पाते हैं। अब आगे का इलाज कर पाने में असमर्थ है। वहीं जैसे ही इसकी सूचना ९९ फाउंडेशन को लगी तो फाउंडेशन मदद को आगे आया और अभी तत्काल चेन्नई में इलाज के दौरान रहने खाने में होने वाले खर्च का पैसा मातापिता को सौंपा। अगर आप भी इस छोटी सी बच्ची की मदद करना चाहते हैं तो दिए गए बैंक डिटेल पर पैसा भेज सकते हैं। इस बैंक अकाउंट के माध्यम से आप भी कर सकते हैं मदद्।

खाता धारक का नाम मंजू कुमारी, एकॉउंट नंबर - ३८७००३३३६२४, बैंक का नाम -स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, ब्रांच चंदनकियारी, आईएफसी कोड एसबीआईएन०००१३६८ और संपर्क सूत्र -९१०२१७६०५४ है।

## मां भगवती जागरण का आयोजन

**कालीमेला (ससे) :** डुमरी ३ नंबर गुरुद्वारा के समीप बुधवार को मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। गणेश वंदना राज सोनी ने गजा नंद आ जाओ, से जागरण का शुभारंभ किया। रांची की गायिका मीणा कौर ने भजन, हाथ जोड़ के बैठी मां तेरे द्वारे,, तेरे राह ते पलक बिछाया घर पे आ जा मईया,,जगमग जगमग ज्योत जले मईया की,, प्रसूत कर श्रद्धालुओ को खूब नचाया साथ ही गायक शशि सिंह ने,, मेरी अर्जी करो मंदिरों वाली,, ओ मेला मईया दा ओदा ये हर साल लोकी नाचते ने,, ,,आज मईया दा जगराता है। नचो गावो खुशियां मनाओ आज मईया दा जागरण हे,, प्रसूत कर श्रद्धालुओ खूब नाचे, जय माता दी जय माता दी, के जय कारों से गूंज उठा मां का दरबार, दूर दरार से श्रद्धालु जागरण में हाजिर हुए, मां के दरबार को फूलों से सजाया गया, मां की ज्योत गुरमीत सिंह के आवास से मईया के दरबार में लाई गई। पंडित भोला ने माता की पूजा अर्चना की,, सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भंडारा खाया। सफल में गुरमीत सिंह, मंजीत सिंह, प्रीतम सिंह, गोलू सिंह, मंगल सिंह सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता का भंडारा खाया और प्रसाद लिया।

## वारंटी गिरफ्तार



**केन्दुआ (ससे) :** गुप्त सूचना पर मुनीडीह ओपी प्रभारी संतोष कुमार महतो ने जी आर संख्या २२३/१५ का फरार गैर जमानती वारंटी भरत महतो पिता स्व. भीम महतो सा.-गरभुडीह थानामुनीडीह ओपी को गिरफ्तार कर गुरूवार को न्यायालय में उपस्थित कर जेल भेजा गया।

# महायज्ञ की शुरूआत जल यात्रा के साथ हुई



**गोविंदपुर (ससे :** श्रीश्री १००८ शिव मंदिर जंगलपुर की प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरुआत गुरुवार को जल यात्रा के साथ हुई। इसमें १०८ महिलाओं ने सर पर कलश लेकर बाजा गाजा के साथ पूरे क्षेत्र की परिक्रमा की और खुदिया नदी से जल उठाया। इसके बाद पंचांग पूजन, वेदी पूजन, जलाधिवास एवं संध्या आरती हुई।

रात में कथा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा। भगवती जागरण के साथ इसकी पूर्णाहुति होगी। श्री श्री नरसिंह नारायण ठाकुरबाड़ी के महंत पवन महाराज जी के नेतृत्व में आयोजित इस अनुष्ठान के पंडित विभूति पांडेय एवं राजू पांडेय हैं। कलश यात्रा में समाजसेवी एवं मुखिया प्रतिनिधि मौकीम अंसारी, पंसस आफताब आलम, वार्ड सदस्य गुल्लू अंसारी व सुशील पांडेय, दुखू गोराई, मनसू गोराई, जय प्रकाश पांडेय, अमर सिंह, ब्रजेश पांडेय, उत्तम मंडल, राजू मंडल, शिबू गोराई, नारू गोराई, प्रभाष पांडेय, रंजीत मंडल, मलिंद्र गोराई आदि शामिल थे।

## झाड़ियों में लगी आग पाया गया काबू

**धनबाद (कासं) :** शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत दयाल कुंज कोलाकुसमा में गुरुवार की शाम झाड़ियों में अचानक आग लग गई। जिसके बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कोलाकुसमा के दयाल कुंज कॉलोनी में अचानक से सूखी झाड़ियों में आग लगी की घटना हुई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी अग्निशमन विभाग को दिया। मामले की सूचना मिलने पर अग्निशमन दल की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

## सीनियर डीसीएम ने कुमारधुबी स्टेशन का किया निरीक्षण

**निरसा (ससे) :** अमृत भारत रेलवे स्टेशन के तहत कुमारधुबी स्टेशन का हो रहे जीर्णोद्धार को लेकर गुरुवार को आसनसोल रेल मंडल के सीनियर डीसीएम मार्शल डी सिल्वा के नेतृत्व में टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें निर्माणाधीन भवन, पार्किंग, छोटी व बड़ी गाड़ियों के आवागमन के लिए सड़क आदि कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस



दौरान संवेदक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। हालांकि सीनियर डीसीएम ने कैमरे के सामने कुछ भी कहे से इनकार कर दिया। मगर ऑफ द कैमरा उन्होंने बताया कि तीन चार महीनों में बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा पार्किंग, आवागमन के लिए रास्ता अन्य तरह की कार्यों का निरीक्षण किया गया है। कार्य से सभी संतुष्ट है। निरीक्षण के दौरान आसनसोल रेल मंडल सीनियर डीसीएम मार्शल डी सिल्वा के अलावा डिप्टी सीपीएम विकाश कुमार, एइएन प्रकाश कुमार, आरपीएफ कमांडेंट राहुल राज के साथ अन्य मौजूद रहे।

# जेईई मेंस में राजकमल के 36 विद्यार्थी हुए सफल

**धनबाद (कासं):** गुरुवार को जेईई मेंस के प्रकाशित परीक्षा परिणाम में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के ३६ छात्रछात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने दी है। उन्होंने कहा कि मुझे अपने छात्रों से यही उम्मीद रहती है कि वह परीक्षा परिणाम में सफलता प्राप्त करें और विद्यालय का नाम गौरवान्वित करें। अभी जिन सफल छात्रछात्राओं के नाम सामने आए हैं, इनके अलावा अन्य की जानकारी प्राप्त की जा रही है। प्राचार्य महोदय ने यह भी कहा कि मेधावी छात्र सर्वत्र सम्मानित होते हैं। उनके द्वारा जेईई मेंस में स्थान बनाना विद्यालय के लिए गौरव की बात है। इस सफलता पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव अग्रवाल, सहसचिव दीपक रूईया, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा, उप प्राचार्या उमा मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## हनुमान प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली गई शोभायात्रा

**कालीमेला (ससे) :** जीतपुर नूनीकडीह नंबर २ पंचमुखी हनुमान मंदिर में ३ दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गाजे बाजे के साथ १५१ महिलाओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश में महिलाओं ने नगर भ्रमण करते हुए दामोदर नदी से जल भरकर पुनः मंदिर के प्रांगण में पहुँची। इस दौरान महिलाएं भक्ति गीत गा रही थी। जय श्रीराम, जय हनुमान के नारे से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था। सुबह पंचांग पूजन, वेदी पूजन, अधिवास सहित संध्या में पूजन सहित आरती की कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही २६ अप्रैल को वेदी पूजन, हनुमान प्राणप्रतिष्ठा, हवन, विसर्जन, ब्राम्हण भोजन की कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। २७ अप्रैल को महाप्रसाद भोग के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजक मंडली में भोलानाथ महतो, कृष्ण किशोर महतो, पवन पासवान, सौरभ, नीतीश, चंदन, सोनू की भूमिका सराहनीय रही।

# कांग्रेस के न्याय पर जनता को पूरा भरोसा : सीता राणा



**धनबाद (कासं) :** धनबाद लोकसभा चुनाव में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने सिंदरी अंचल में शहरपुरा, अम्बेडकर नगर में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए जन संपर्क अभियान चलाया।

सीता राणा ने कहा कि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है जानता को अब झूठे सपनों पर भरोसा नहीं है। देश की आम जनता को अब कांग्रेस के ५ न्याय और २५ गारंटी पर भरोसा है। कांग्रेस ने देश में वास्तविक विकास किया जिसे झूठ से दबाया जा रहा है। कांग्रेस की सरकार बनी तो युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सम्मान बुजुर्गों को पेंशन के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य की भरपूर सुविधा मिलेगी। इसलिए झूठे वादों पर नहीं बल्कि सत्य के साथ कांग्रेस को वोट देना है। जिला सचिव सह सिंदरी विधानसभा प्रभारी हेमंती जयसवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस जन कल्याणकारी विचारधारा की पार्टी है। राष्ट्र हित में कांग्रेस को वोट करें। मौके पर मीणा देवी, नूतन विश्वकर्मा, मुस्कान खातून, पायल देवी, जानकी देवी, आरती देवी, गुड़िया देवी, मुन्नी देवी, ललिता देवी, रूबी देवी, चित्रा देवी, सोनिया देवी, सपना देवी, मंटू कुमार, रतन राम, मंगल राम, सागर कुमार, चमेली देवी आदि मौजूद थी।

## अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**निरसा (ससे) :** आसनसोल रेल मंडल के कालूबथान एवं काटाजानी रेलवे फाटक के बीच डाउन लाइन पोल संख्या २४६/३२३४ के समीप गुरूवार की दोपहर एक ३८ वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई। मृतक का सर पूरी तरह कुचला हुआ था। सूचना पाकर कालूबथान ओपी प्रभारी राजीव प्रकाश दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएमएमसीएच भेज दिया। मृतक के शरीर पर ब्लू रंग के शर्ट एवं कत्था रंग के चेक लूंगी हैं। मृतक के सर छोड़ कर कहीं कोई चोट का निशान नहीं है। अब पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण का पता चल पायेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रास्ता बनाने पहुंची थी मशीन, ग्रामीणों ने किया विरोध



**जोड़ापोखर (ससे) :** जयरामपुर बंद एरिया ऑफिस के समीप प्रबंधन द्वारा हाजरी घर के बगल से रास्ता बनाने के लिए मशीन लेकर पहुंची थी। प्रबंधन अपने साथ सीआईएसएफ को भी लेकर पहुंची थी इस बात की जानकारी ग्रामीणों को लगी तो दर्जनों की संख्या में ग्रामीण पहुंच गए विरोध करना शुरू कर दिया। कहा कि तोड़ने के लिए मशीन है और रास्ता पर से ओबी हटाने के लिए मशीन नहीं है। इसलिए हमलोग कुछ भी नहीं तोड़ने देंगे। अगर बत्ती घर टूटा तो जयरामपुर कोलियरी का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। ग्रामीणों का विरोध देखकर सीआईएसएफ के जवान भी पीछे हट गए। वहीं प्रबंधन का कहना था कि यहां से रास्ता निकालने का काम किया जाएगा! ताकि परियोजना का विस्तारीकरन हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि आप परियोजना चलाएं हम लोगों को आपत्ति नहीं है। लेकिन जयरामपुर बंद एरिया ऑफिस का समीप दर्जनों दुकान है एवं सैकड़ों आवास है। यदि रास्ता बन गया तो लोगों का जीना मुश्किल हो जाएगा। धूल गर्दा से प्रदूषण बढ़ जाएगा। इसलिए प्रबंधन पहले यहां के लोगों के बारे में सोचे उसके बाद तोड़ने का काम करें। इधर लोदना कोलियरी के सुरक्षा पदाधिकारी डीके मीणा ने कहां कि हम लोगों का मकसद किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं है। यहां से रास्ता निकालने का काम किया जाएगा ग्रामीण सहयोग करें।

# ओबी डंप हटाकर रास्ता बनाने का काम शुरू



**जोड़ापोखर (ससे) :** जयरामपुर कोलियरी पांच नंबर से होते हुए बरारी जाने वाले मुख्य मार्ग को मोदीभीठा के समीप पिछले दिनों सूशी आउटसोर्सिंग परियोजना के पेटी कॉन्टैक्टर एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग परियोजना द्वारा ओबी गिरकर रास्ता बंद कर दिया गया था।

ग्रामीणों ने इसकी शिकायत अलकडीहा ओपी पुलिस से की थी। लेकिन पुलिस द्वारा कोई पहल नहीं किए जाने पर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत रघुकुल के एकलव्य सिंह के पास उनके समर्थकों द्वारा किया गया एकलव्य सिंह और उनके समर्थकों के मदद से गुरुवार को मशीन लगाकर रास्ता साफ करने का काम शुरू किया गया। लेकिन स्थानीय प्रबंधन आउटसोर्सिंग प्रबंधन के दबाव में कहीं दिखाई नहीं दिया। बताते हैं की रास्ता बंद हो जाने से मोदीभीठा होते हुए बरारी जाने वाले लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। इसके लिए ग्रामीणों ने प्रबंधन से भी मांग किया था की रास्ता खोला जाए लेकिन स्थानीय प्रबंधन ग्रामीणों की एक नहीं सुनी। प्रशासन ने भी ग्रामीणों को अस्वस्थ किया था कि रास्ता खुलवाने का काम किया जाएगा। लेकिन कोई पहल नहीं होते देखा। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एकलव्य सिंह से की एकलव्य सिंह और उनके समर्थकों ने मशीन लगाकर ओबी हटाने का काम शुरू किया। लेकिन सवाल उठता है कि कहीं फिर से आउटसोर्सिंग प्रबंधन ओबी गिराना शुरू कर दिया तो क्या होगा। इसलिए स्थानीय प्रबंधन के साथसाथ आउटसोर्सिंग प्रबंधन भी ग्रामीणों का सहयोग करें नहीं तो ग्रामीण बड़े पैमाने पर आंदोलन करने के लिए वाध्य होंगे। मौके पर दीपक सिंह, रामबाबू सिंह, रूपक सिंह, सुरेश माली, बंटी शर्मा, दिलीप महतो, कन्हैया भोला, मोनु आदि मौजूद थे।

# विभिन्न कोल पट्टा क्षेत्र में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**बोकारो (ससे):** जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा नियमित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन कोई मतदाता छूटे नहीं... को लक्ष्य बनाकर काम रही है। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के सभी खनन पट्टा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम सेंट्रल कोल्डफिल्ड लिमिटेड (सीसीएल) ढोरी माइंस क्षेत्र में आयोजित किया गया। जिसमें स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी शक्ति कुमार, अंचलाधिकारी बेरमो संजीत कुमार,कार्यपालक पदाधिकारी फुसरो गोपेश कुमार समेत सीसीएल के अधिकारी/कर्मी आदि उपस्थित थे।



मौके पर अपने संबोधन में स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव २०२४ को लेकर तिथियां घोषित हो गई है। बोकारो जिले में मतदान आगामी २५ मई २०२४ को निर्धारित है। चुनाव का पर्व,देश का गर्व है, उन्होंने चुनाव को उत्सव के तरह मनाने को कहा। लोकतंत्र की मजबूती को लेकर सभी अपने मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। अगर अभी भी किसी कारण से किसी का मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है,तो वह अपने बीएलओ या आनलाइन माध्यम (वोटर हेल्पलाइन एप,वोटर सर्विस पोर्टल से मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन करें। आवेदन करने की आखिरी तिथि २६ अप्रैल २०२४ है।

मौके पर जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह एवं स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी शक्ति कुमार ने बताया कि मतदान करने के लिए मतदाता को फोटो युक्त पहचान पत्र (ईपीक) प्रस्तुत करना होता है। यादि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकता हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए ईपीक के अलावा १२ अन्य वैकल्पिक दस्तावेज को मान्य किया गया है। इसमें पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,आधार कार्ड, सांसद/ विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी) शामिल है।

मौके पर सभी को स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने को लेकर मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया गया। उधर, जिले के सभी प्रखंडों/नगर निगम क्षेत्र/नगर परिषद क्षेत्र में भी विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

चास नगर निगम द्वारा क्षेत्र के विभिन्न वार्ड, सर्वोदय नगर के आरडब्लयूडी, मध्य विद्यालय चास में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही, शहर क्षेत्र में संचालित विभिन्न वाहनों में मतदाता जागरूकता संबंधित संदेश का स्टीकर चस्पा किया गया। वहीं, फुसरो नगर परिषद द्वारा भी क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाताओं को आगामी २५ मई को मतदान करने का अपील किया गया।

श्रम रोजगार प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा बेरमो स्थित कौशल विकास केंद्र में छात्राओं द्वारा रंगोली बनाकर एवं मेहंदी लगाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों को अपने अभिभावकों एवं अपने आस -पास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। उन्हें स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करने का प्रतिज्ञा दिलाया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएस कार्यालय सभागार में मलेरिया विभाग से संबंधित सभी चिकित्सक पदाधिकारी/ कर्मियों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। मतदाता संदेश से संबंधित स्टीकर सभी को चस्पा किया गया। वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नावाडीह समेत अन्य सीएचसी में कार्यरत स्वास्थ्य सहियाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जहां संबंधित प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी ने सहियाओं एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को मतदान करने का प्रतिज्ञा दिलाया गया।

झारखंड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएल पीएस) की सखी दीदीओं ने स्लोगन लिखी मेंहदी लगाकर ग्रामीण महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। मेहंदी से सखी दीदीओं ने अपने हाथों पर मतदान मेरा अधिकार - वोट डालने जाना है, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है,वोट हमारा है अधिकार करें नहीं इसको बेकार आदि का संदेश दिया।

# ईएसएल स्टील ने सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं के लिए स्वर्ण पदक जीता



**बोकारो (ससे):** वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी इंटीग्रेटेड स्टील उत्पादक ईएसएल स्टील लिमिटेड का पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति उत्कृष्टता, नवीन भावना और समर्पण पर अटूट ध्यान है। हाल ही में, ई एस एल स्टील लिमिटेड को प्रतिष्ठित ५वीं सी आई आई राष्ट्रीय ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता में गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है, जिसे देश भर के संगठनों से ७ श्रेणियों में ५९ प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थीं।

यह वार्षिक प्रतियोगिता सी आई आई नेशनल ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता भारतीय उद्योग परिसंघ (सी आई आई) द्वारा आयोजित की जाती है और पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर केंद्रित है। जिस प्रोजेक्ट के लिए ई एस एल स्टील लिमिटेड ने गोल्ड अवार्ड जीता वह था अनुकरणीय सुरक्षा प्रथाओं को अपनाने वाले सर्वश्रेष्ठ संगठन के तहत ए आई - एन्हांस्ड कैमरा डिटेक्शन के साथ सुरक्षा में सुधार। इस परियोजना के अलावा ई एस एल स्टील लिमिटेड ने ऑनलाइन प्रतियोगिता में डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी के सर्वोत्तम अनुप्रयोग और उपयोग के लिए भी खुद को नामांकित किया।

ई एस एल टीम में के संदीप, अभिषेक पॉल और जवेरिया मजहर सहित सुरक्षा और डिजिटल कर्मी शामिल रहे और इसका नेतृत्व समीर दास ने किया। ये उत्कृष्ठ विजय है जो ई एस एल स्टील लिमिटेड का पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति अटूट समर्पण के कफोकस को प्रदर्शित करता है।

ये विजय उन सुरक्षा जोखिमों को सक्रिय रूप से पहचानने और कम करने के लिए ए आई - सक्षम उन्नत कैमरा पहचान की शक्ति का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा दिया। सावधानीपूर्वक योजना, कठोर मूल्यांकन और अटूट समर्पण के माध्यम से यह परियोजना अपने प्रभाव और प्रभावशीलता के लिए सामने आई और अपने प्रतिस्पर्धियों को पछाड़ते हुए प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीता।

इस अवसर पर, ईएसएल स्टील लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी, श्री रवीश शर्मा ने कहा इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने से वेदांता ई एस एल पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के मामले में विनिर्माण उद्योग में एक उल्लेखनीय नाम बन गया।

## बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**डुमरी(ससे):** राजकीय बुनियादी विद्यालय (बेसिक स्कूल) के विद्यार्थियों के द्वारा गुरूवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जो विद्यालय परिसर से निकल कर आसपास क्षेत्रों का भ्रमण किया।इस दौरान विद्यार्थियों ने मतदाताओं से २५ मई को गिरिडीह लोकसभा हेतु होने वाले चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की साथ ही अन्य मतदाताओं को भी मत प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने को कहा।

# राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों को विभिन्न आइटी एप की दी गई जानकारी

**बोकारो (ससे):** समाहरणालय सभागार में मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों के साथ व्यय लेखा कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर नगर आयुक्त चास सौरव कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में बैठक हई। मौके पर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी (डीआइओ) धनंजय कुमार, व्यय लेखा कोषांग के नोडल पदाधिकारी नवनीत निश्चल, सहयोगी पदाधिकारी विकास कुमार, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से चुनाव आयोग द्वारा जारी विभिन्न आइटी एप्लीकेशन के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने विस्तार से एनकोर एप के संबंध में बताया। कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने इस एप को तैयार किया है,जो चुनाव अवधि के दौरान उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा प्रचार से संबंधित विभिन्न गतिविधियों जैसे रैलियां आयोजित करने, सार्वजनिक बैठकें आयोजित करने आदि के लिए अनुमति प्राप्त करने का माध्यम है। उन्होंने एप के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं और लाभ की जानकारी दी।

सी-विजिल एप के संबंध में बताया कि नागरिकों के लिए चुनाव अवधि के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन पर रिपोर्ट करने के लिए यह ऑनलाइन एप है। जो नागरिकों के सतर्क होने और स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के संचालन में उनकी सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका को दर्शाता है। एप में प्राप्त शिकायतों को कैसे १०० मीनट के अंदर निष्पादन करना है,उसकी विस्तृत जानकारी दी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास कर रही है। इन्हीं प्रयासों के अन्तर्गत दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए मताधिकार का उपयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम एप बनाया है। इसे दिव्यांगजन एवं ८५ प्लस बुजुर्ग मतदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रख तैयार किया गया है। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण आइटी एप्लीकेशन ईलेक्शन सिजर मैनेजमेंट सिस्टम, नेशनल ग्रिभांस सिस्टम, नो योर कैंडिडेट एप, वोटर सर्विस पोर्टल, वोटर हेल्प लाइन एप आदि की जानकारी एवं संचालन के संबंध में विस्तार से बताया। वहीं, व्यय कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी ने नामांकन प्रपत्र क्रय करने से पूर्व बैंक खाता उम्मीदवार को खोलने को कहा। साथ ही, व्यय पंजी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

## एसडीएम से लड्डु निर्माण फैक्ट्री की वैधता की जांच की मांग

**डुमरी (ससे):** युवा कांग्रेस के डुमरी विधानसभा अध्यक्ष सह हिन्द मजदूर किसान यूनियन के डुमरी अनुमंडल के अध्यक्ष गंगाधर महतो ने गुरुवार को एसडीएम डुमरी को एक मांग पत्र सौंप कर प्रखंड के डुमरी,जामतारा सहित विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे मिठाई निर्माण फैक्ट्री की वैधता एवं निर्माण होने वाले लड्डु सहित अन्य मिठाईयों की गुणवत्ता की जांच करने की मांग की है साथ ही विभिन्न मिठाई दुकानों में बेचे जाने वाले तरह तरह के मिठाई की गुणवत्ता एवं उसमें मिलाये जाने वाले रंग की मानकता की भी जांच करने की आग्रह किया है ताकि मिठाई के नाम पर बेचे जाने वाले स्वीट पॉइज़न से लोगों को बचाया जा सके।लिखा है कि क्षेत्र में कई जगहों पर लड्डु व अन्य मिठाई के निर्माण फैक्ट्री संचालित है।
निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता निम्न किस्म का रहता है साथ ही उपयोग में लाये जाने वाले तेल की क्वालिटी निम्न स्तर का रहता है जबकि यही हाल रंग का होता है।

# डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों का दमखम बरकरार







**बोकारो (ससे):** इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के दूसरे व अंतिम सत्र का परिणाम भी गुरुवार को जारी कर दिया गया। इसमें भी विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दमखम बरकरार रखा।
६० से अधिक विद्यार्थियों ने इसमें शानदार कामयाबी पाई। विद्यालय के छात्र रक्षित राज ने सर्वाधिक ९९.९२ पर्सेंटाइल अंक पाकर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। जबकि, रेयान सिंह ९९.९१ पर्सेंटाइल लाकर दूसरे स्थान पर रहे, तो अवंतिका गुप्ता ने ९९.८४ पर्सेंटाइल के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। समाचार लिखे जाने तक कुल १५ विद्यार्थियों को ९९ और ४१ को ९५ पर्सेंटाइल से अधिक अंक मिले।

समाचार लिखे जाने तक सफल विद्यार्थियों की फेहरिस्त में रक्षित राज - ९९.९२, रेयान सिंह - ९९.९१, अवंतिका गुप्ता - ९९.८४, विशाल मेहता - ९९.८२, मो. अम्मार - ९९.८०, दिव्यांशु जायसवाल - ९९.६४, स्पर्श कुमार - ९९.६४, स्पर्श राज - ९९.५६, उत्कर्ष कुमार - ९९.५२, नमन जैन - ९९.४५, तरुण गुप्ता - ९९.४५, ऋषव कुमार - ९९.४, मोहित कुमार - ९९.२०, आकाश महता - ९९.०६, सौम्यदीप मंडल - ९९.००, आशुतोष सिंह - ९८.९४, मानव राज - ९८.९२, बख्तावर जावेद - ९८.८२, पुष्पित किसलय - ९८.६, आर्यन रंजन सिंह - ९८.५, जानवी कुमारी - ९८.४८, साक्षी प्रिया - ९८.४७, अंशु राज - ९७.९०, सैयद अशदुल्लाह - ९७.५६, विचांशु राज - ९७.४३, विक्रांत कुमार - ९७.३८, श्रेयांशु घोष - ९६.६५, आयुष्मान दत्ता - ९६.६४, ऋषव कुमार - ९६.६२, दिव्य प्रकाश सिंह - ९६.४९, पौलम कुंडू - ९६.४२, कमरीन फातिमा - ९६.३९, कृष शांडिल्य - ९६.३४, अजितेश आनंद - ९६.३२, सिद्धांत वैभव - ९६.३२, आर्यन राज - ९५.७३, विवेक आनंद - ९५.७३, आर्यन कुमार - ९५.५२, हर्षवर्धन - ९५.४१, रितिका साहा - ९५.३६, अंशल कुमार - ९५.१२, अधृत सिंह - ९४.२४, श्रेया सुमन - ९४.०९, कार्तिक राज - ९४.०४, सिल्वी सृष्टि - ९३.९१, तेजस अग्रवाल - ९३.८३, आयुष राज - ९३.५२, आदर्श कुमार मिश्रा - ९३.५०, राधिका अग्रवाल, समर सिंह, ऋषभ रंजन, अभिनव राज आदि के नाम शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की ओर से जेईई मेन दो सत्रों में आयोजित किया गया था। परीक्षा का पहला सत्र २४ जनवरी से ०१ फरवरी के बीच हुआ था, जबकि दूसरा सत्र ४ से १२ अप्रैल की अवधि में आयोजित किया गया था। बोकारो जिले में ३५६९ विद्यार्थी जेईई मेन २ की परीक्षा में शामिल हुए थे। सफल हुए विद्यार्थियों ने आगामी २६ मई को होनेवाली जेईई एडवांस्ड की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है।

डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं की इस अच्छी सफलता पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए जेईई एडवांस्ड में भी उनके बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई और इसके लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### दूसरे चरण की 13 राज्यों की---

२१ प्रतिशत पर क्रिमिनल केस दर्ज

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने १,१९२ उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से २१ प्रतिशत यानी २५० उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। ३९० यानी ३३ प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। ६ उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास ५०० से १,००० रुपए की संपत्ति है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, १४ फीसदी यानी १६७ ऐसे उम्मीदवार हैं, जिन पर गंभीर मामले दर्ज हैं। गंभीर मामलों में हत्या, किडनैपिंग जैसे अपराध शामिल होते हैं। ३ उम्मीदवारों पर हत्या और २४ पर हत्या की कोशिश के मामले दर्ज हैं। २५ उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से एक पर रेप का मामला भी दर्ज है। वहीं, २१ कैंडिडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं।

केरल के भाजपा अध्यक्ष और वायनाड सीट से उम्मीदवार के. सुरेंद्रन पर सबसे ज्यादा २४३ आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, राज्य की ही एर्नाकुलम सीट से भाजपा कैंडिडेट डॉ. के.एस. राधाकृष्णन पर २११ आपराधिक मामले दर्ज हैं। तीसरे नंबर पर इडुक्की सीट से कांग्रेस उम्मीदवार डीन कुरियाकोस पर ८८ आपराधिक मामले दर्ज हैं। एडीआरए के मुताबिक, सेकेंड फेज में १,१९२ उम्मीदवारों में से ३९० यानी ३३ फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। कैंडिडेट्स के पास औसत संपत्ति ५.१७ करोड़ रुपए है। ६ उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास ३०० से १,००० रुपए की संपत्ति है। महाराष्ट्र के नांदेड़ से निर्दलीय उम्मीदवार लक्ष्मण नागोराव पाटिल के पास कुल संपत्ति ५०० रुपए है। केरल के कासरगोड़ से राजेश्वरी केआर ने १००० रुपए और महाराष्ट्र के अमरावती से पृथ्वीसम्राट मुकींद्राव दीपवंश ने १,००० रुपए की कुल संपत्ति घोषित की है। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के लिए ३ लोकसभा सीटों राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर के लिए मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली है। दूसरे चरण में कांग्रेस-भाजपा के दिग्गज नेताओं सहित ४१ प्रत्याशी मैदान में है। इन प्रत्याशियों की किस्मत ५२,८४,९३८ मतदाता तय करेंगे। दूसरे चरण की वोटिंग के लिए निर्वाचन आयोग ने ६५६७ मतदान केंद्र बनाए हैं। इन मतदान केंद्रों में १०५७२ बीयू, ७९७४ सीयू और ८६६१ वीवीपैट लगाया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से कांकेर, मोहला-मानपुर और कोंडागांव के ५५ बूथों को शिफ्ट किया गया है। यहां पर अतिरिक्त फोर्स को तैनात की जाएगी।

### मोदी-राहुल के चुनावी--

चाहिए, खासतौर पर स्टार कैंपेनर्स के मामले में। ऊंचे पद पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा गंभीर होता है।

### पैसों की किल्लत से दो चार---

आगे बढ़ाने के लिए हवा दी। वह किसी प्रतिद्वंद्वी महाशक्ति से पीछे नहीं रहना चाहता था। लिहाजा, अमेरिकी सरकार ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम में संसाधन झोंककर नासा का गठन किया।

हालांकि, प्रतिस्पर्धा की वह भावना खत्म होती दिख रही है। इसका संकेत नासा की बजट कटौती को देखकर लगता है। नासा ने वित्त वर्ष २०२४ (अक्टूबर २०२३-सितंबर २०२४) में अपने सभी मिशन, स्पेस एक्सप्लोरेशन और ऑपरेशन के लिए लगभग २७ अरब डॉलर का अनुरोध किया था। लेकिन, इसके मुकाबले नासा को लगभग ९ प्रतिशत कम रकम मिली। पिछले वर्ष की तुलना में यह २ प्रतिशत कम थी। अब वित्त वर्ष २०२५ के लिए नासा ने जो बजट अनुरोध रखा है, वह पिछले साल की मांग से २ अरब डॉलर कम है। दरअसल, इसका संबंध अमेरिकी सरकार के कर्ज के बोझ से है। पिछले साल देश डिफॉल्ट के कगार पर था। वह अनावश्यक खर्च को कम कर रहा है। नासा के कार्यक्रमों को उसी का हिस्सा माना जाता है। यह दिखाता है कि १९६० के दशक के बाद से समय बदल गया है। उस समय अमेरिका चंद्रमा की दौड़ जीतने और सोवियत संघ को हराने के लिए बेचैन था। तब नासा पर पैसा लुटाने में कोई संकोच नहीं किया। १९६५ में अपने चरम पर नासा की फंडिंग कुल अमेरिकी सरकारी खर्च का लगभग ५ प्रतिशत थी। उन सभी संसाधनों का उपयोग करके नासा अपोलो बनाने में सक्षम था। यह चंद्रमा पर पहले मनुष्यों को उतारने वाला अंतरिक्ष मिशन था। यह कार्यक्रम इतना महत्वपूर्ण था कि अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए प्रत्येक ५ डॉलर में से ३ डॉलर अपोलो मिशन में जाते थे। नासा ने इस पर २५ अरब डॉलर से अधिक खर्च किए। महंगाई की दर को एडजस्ट कर दिया जाए, तब आज के मूल्य में यह रकम २८३ अरब डॉलर बैठती है। हालांकि, १९६९ में जैसे ही अमेरिका ने चंद्रमा पर कदम रखा, फंडिंग भी बंद होने लगी। अमेरिका को लगा कि सोवियत संघ को हरा दिया है। अपोलो मिशन ने अमेरिकियों को बांट दिया। नागरिकों के एक वर्ग को यह भी लगा कि सरकार उन लाखों अमेरिकियों की मदद करने में बेहतर पैसा खर्च कर सकती थी जो बुनियादी जरूरतें नहीं पूरी कर सकते थे। इसी के चलते नासा के लॉन्चपैड के बाहर लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। इन सबके साथ सरकार ने आगे के मिशनों को ठंडे बस्ते में डाल दिया। नासा की फंडिंग धीरे-धीरे नीचे की ओर जाने लगी।

बेशक, अमेरिका में अभी भी दुनिया में सबसे अधिक अंतरिक्ष खर्च हैं। लेकिन, नासा को बजट आवंटन से ०.४ प्रतिशत से भी कम मिलता है। नासा को यह पसंद नहीं है।

### तिहाड़ जेल में दो गुट---

हमले का कारण जेल में अपना दबदबा स्थापित करना था। अधिकारी ने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### वायु सेना का टोही विमान---

यूएवी एयर क्राफ्ट है जो मानव रहित होता है और बॉर्डर एरिया पर हो रही गतिविधियों पर नजर रखने के काम आता है। यह बॉर्डर एरिया में लगातार घूमता है और निगरानी करता है। इससे पहले भी ये क्राफ्ट तकनीकी खामी के चलते क्रैश हो चुके हैं।

### चीन ने फिर हदें कीं---

के बीच यह सड़क बनाई गई है. उसके बाद मार्च से अब तक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो बार सियाचिन का दौरा कर चुके हैं. भारतीय सेना के फायर एंड फ्यूरी कोर के पूर्व कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राकेश शर्मा ने बताया कि चीन की ओर बनाई जा रही सड़क पूरी तरह से अवैध है. भारत को कूटनीतिक तरीके से इस मामले विरोध करना चाहिए. फायर एंड फ्यूरी कोर ही करगिल, सियाचिन ग्लेशियर और पूर्वी लद्दाख में तैनात है. हालांकि, भारत सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर इस बारे में अभी तक कोई बयान नहीं आया है. इससे पहले सड़क निर्माण को लेकर भारत आपत्ति जताता रहा है. हालांकि, पाकिस्तान की ओर से इन क्षेत्रों को चीन को सड़क बनाने और व्यापारिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए दिया जाता रहा है. विशेषज्ञों ने इस बात को लेकर इसलिए चिंता जाहिर की है क्योंकि वहां चीन की ओर से सड़क निर्माण होने के बाद पाकिस्तान और चीन सामरिक तौर पर भारत के मुकाबले अधिक मजबूत होंगे जो देश की टेंशन बढ़ने वाली बात है.

### वायु सेना का टोही विमान---

यूएवी एयर क्राफ्ट है जो मानव रहित होता है और बॉर्डर एरिया पर हो रही गतिविधियों पर नजर रखने के काम आता है। यह बॉर्डर एरिया में लगातार घूमता है और निगरानी करता है। इससे पहले भी ये क्राफ्ट तकनीकी खामी के चलते क्रैश हो चुके हैं।

### दूल्हा और दुल्हन को बिना---

तैयार किए गए हैं। इसमें आशा, उषा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर घर जाकर पीले चावल बांट कर मतदान की अपील कर रहे हैं। दूसरे चरण का मतदान २६ अप्रैल को है। चुनाव आयोग ने अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए प्रयास करने के आदेश दिए हैं।

### ईडी का सुप्रीम कोर्ट में---

उनकी गिरफ्तारी भी जांच का हिस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने १५ अप्रैल को अरविंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी से २४ अप्रैल तक जवाब मांगा था। ईडी ने केजरीवाल को २१ मार्च को गिरफ्तार किया था। वे फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में हैं।

# जेईई मेन्स में डीपीएस के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन






**चास (ससे):** शैक्षणिक गुणवत्ता के आधार पर डीपीएस चास हर साल एक नया रिकॉर्ड बनाता जा रहा है। इस वर्ष के जेईई मेन्स में यहाँ के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नया इतिहास रचा है। इस वर्ष विद्यालय के ५७.१४ प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की है। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अनिकेत राही को ९६ (अनारक्षित) विकास कुमार को ९५.०१(ओबीसी), अभिनव सिंह को ९१.९७(ओबीसी) तथा सक्षम भदानी को ८९.५५(ओबीसी) पर्सेंटाइल प्राप्त हुए।

उल्लेखनीय है कि इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की पूरे देश में अपनी अलग पहचान है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई मेन्स की परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई थी। पहले सत्र की परीक्षा २४ जनवरी से १ फरवरी व दूसरे सत्र की परीक्षा ४ से १२ अप्रैल को हुई थी। इस साल विद्यालय से कुल ७ विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स की परीक्षा दी थी।

विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस. मोहन ने कहा कि यह विद्यालय बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने व उनके सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। हमारी कोशिश है कि हर बच्चे को बेहतर शिक्षा मिले, ताकि सभी क्षेत्रों के बच्चे सफलता की नई ऊँचाई को छू सकें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने जेईई मेंस में काफी उम्दा प्रदर्शन किया है। कड़ी मेहनत के बल पर किसी भी मंजिल को हासिल किया जा सकता है। इसलिए बच्चों को मेहनत से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए।

विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन एन मुरलीधरन तथा डीएस मेमोरियल सोसायटी चास के सुरेश अग्रवाल ने भी बच्चों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे तथा प्रधानाध्यापिका सुदेशना सिन्हा ने बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों के योजनाबद्ध तरीके से किए गए परिश्रम का ही परिणाम है।

# वाहनों को चिन्हित कर रूट चार्ट समर्पित करेः नोडल पदाधिकारी




**बोकारो (ससे):**लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ को लेकर तैयारियां चरम पर हैं। ऐसे में मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं एवं ८५ प्लस बुजुर्ग मतदाताओं की सहूलियत को लेकर जिला प्रशासन द्वारा वाहन की व्यवस्था की जानी है। इसी को सुनिश्चित करने को लेकर समाहरणालय सभागार में गुरुवार को वाहन कोषांग की नोडल पदाधिकारी सह डीटीओ वंदना शेजवलकर ने जिले के सभी बीडीओ/सीओ के साथ बैठक की। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

वाहन कोषांग की नोडल पदाधिकारी ने प्रखंडवार मतदान भवनों/केंद्र के अनुरूप वाहनों की आवश्यकता/उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्थानीय स्तर पर ही छोटे वाहनों आटो - ई रिक्शा आदि की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने सोमवार तक सभी वाहनों को टैग करते हुए रूट चार्ट कोषांग को समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित सभी बीडीओ/सीओ ने वाहनों का आंकलन करते हुए स्थानीय स्तर पर ही वाहन उपलब्ध होने की बात कहीं। मौके पर कई अन्य बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया गया।

## चुनाव आयोग अपडेट करता है हर उम्मीदवार की विस्तृत जानकारी

**बोकारो (ससे):**जिले में लोकसभा आम चुनाव २०२४ को लेकर तैयारियां चरम पर है। चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रहें इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग काफी सक्रियता के साथ काम कर रहा है। मतदाताओं को चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से जुड़ी सभी जानकारी मिले इसके लिए आयोग ने नो योर कैंडिडेट एप को कुछ वर्ष पूर्व लांच किया था।

नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) एप के माध्यम से उम्मीदवार से जुड़ी सभी जानकारी और आपराधिक बैकग्राउंड के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। तो लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ के उम्मीदवारों से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए केवाईसी एप को अपने स्मार्ट फोन के गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें। केवाईसी एप में उम्मीदवारों की डिटेल दो तरह से खोजी जा सकती है। आप चाहें तो सीधा नाम डालकर उम्मीदवार की जानकारी प्राप्त सर सकते हैं। इसके साथ ही ऐप में फिल्टर लगाकर भी उम्मीदवारों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## चमरा लिंडा उनके छोटे भाई , नादान हैं , उन्हें अपनी गलती का एहसास होगा : सुखदेव भगत



**लोहरदगा (ससे):** कॉंग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने नामांकन दाखिल करने से पहले लोहरदगा में सरना पूजा स्थल झखरा कुंबा और हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना और हजरत बाबा दुखन शाह के मजार पर माथा टेका ।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में सुखदेव भगत ने कहा कि संविधान और आदिवासी अस्मिता खतरे में है इसलिए मैं इसे बचाने के लिए चुनाव मैदान में हूं। कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने कहा कि यह चुनाव संविधान, लोकतंत्र और आदिवासी अस्मिता बचाने की लड़ाई है। बृहस्पतिवार का दिन मैंने नामांकन के लिए चुनाव क्योंकि आज मैंने सरना माता की पूजा की और प्रार्थना की कि हमारे देश में लोकतंत्र संविधान कायम रहे और हम गांधीवादी रास्ते पर चलें। अगर मैं चुनाव जीतता हूं तो संसद में मेरा पहला प्रश्न सरना धर्म कोड लागू करने को लेकर होगा।

इंडिया गठबंधन में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक चमरा लिंडा द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने और यह कहने कि उनकी लड़ाई भाजपा के साथ है, कांग्रेस इस मुकाबले में कहीं नहीं है, सुखदेव भगत ने कहा कि चमरा लिंडा उनके छोटे भाई हैं, नादान हैं। उन्हें अपनी गलती का एहसास होगा। यह समाज की लड़ाई है उन्हें साथ देना चाहिए था। आवेश में नहीं बल्कि विवेक से काम लेना चाहिए था।

उन्होंने गलती की है। मैं तो सरना मां से यही प्रार्थना करूंगा कि उन्हें सद्बुद्धि दें। और उन्हें माफ कर दें। प्रधानमंत्री के मंगलसूत्र वाले बयान पर सुखदेव भगत ने कहा कि मंगलसूत्र एक भावना है। एक महिला उसे धारण करती है, और उसके साथ बहुत सारी चीज निहित हैं। प्रधानमंत्री ने उसका भी मखौल उड़ाया है। मुझे लगता है कि भारतीय संस्कृति भारतीय पद्धति के बारे में मोदी जी को सीखना चाहिए जानना चाहिए।

## अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**पलामू (ससे):** पलामू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार कर ४९० ग्राम अफीम बरामद किया है । पुलिस ने रजवाडीह बाईपास रोड से दो व्यक्तियों अनिल राजपूत उम्र करीब २३ वर्ष पिता जयराखन राजपुत, पता चितरउ, थाना मिर्जापुर, जिला- शाहजहांपुर, यु०पी० तथा संजय कुमार उम्र करीब ३२ वर्ष पिता पो०+ थाना- पांकी, जिला- पलामू चितरउ, थाना मिर्जापुर, जिला- भरोसा यादव, पता- ग्राम बरवईया को ४९० ग्राम अफीम के साथ धर दबोचा । इन लोगों के पास से दो मोबाईल , २७५७० रुपये नगद क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड बरामद किया गया है ।

छापामारी दल में थाना प्रभारी पु०अ०नि० उत्तम कुमार राय , . स०अ०नि० भरत भूषण सामड और थाना सशस्त्र बल के हवलदार एवं आरक्षी शामिल थे । पलामू पुलिस ने इसके अलावा खरोह टोला सेमरा थाना चैनपुर के पास से एक देसी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है । आर्म्स एक्ट के तहत पुलिस ने अख्तर अंसारी पिता गफूर मियां , .मुमताज अंसारी पिता लेलो अंसारी और विजय कुमार राम पिता प्रभु भुईंया को गिरफ्तार कर बाद में जेल भेज दिया ।

## चतरा में आज से शुरू होगा नामांकन कार्य

**चतरा (ससे):** लोकसभा चुनाव की आज अधिसूचना जारी होने के बाद चतरा में भी आज से नामांकन का काम शुरू हो जाएगा । चतरा लोकसभा सीट तीन जिलों में बंटा हैं जिसमें विधानसभा की पांच सीटें शामिल है। चतरा जिले की चतरा और सिमरिया विधानसभा, लातेहार जिले का लातेहार और मनिका एवं पलामू जिले का पांकी विधानसभा चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र का हिस्सा हैं।चतरा लोकसभा सीट पर दो राष्ट्रीय दलों भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार दिए हैं। बीजेपी की तरफ से वरिष्ठ नेता काली चरण सिंह जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार के एन त्रिपाठी मैदान में है। राज्य के क्षेत्रीय और गैर मान्यताप्राप्त दलों के द्वारा भी इस सीट पर चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की गई है। इस सीट से कई निर्दलीय प्रत्यशी भी मैदान में है जो सार्वजानिक जीवन में सिनेमा, चिकित्सा और समाज सेवा के लिए राज्य में चर्चित है। चतरा लोक सभा सीट पर पिछले लोक सभा चुनाव के दौरान २६ उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। यह संख्या राष्ट्रीय औसत से ऊपर था ।

## झंडा मैदान से रन फॉर वोट,रन फॉर डेमोक्रेसी का हुआ आयोजन

**गिरिडीह (ससे):** लोकसभा आम निर्वाचन व गांडेय विधानसभा उप चुनाव के मद्देनजर गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हेतु झंडा मैदान से रन फॉर वोट/रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया गया ।

लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने को लेकर गिरिडीह में नए वोटरों के अलावा स्कूली बच्चों और पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। रन फॉर वोट झंडा मैदान से स्टेशन रोड होते हुए बड़ा चौक तक व बड़ा चौक से नगर भवन, नया सर्किट हाउस होते हुए वापस झंडा मैदान में समाप्त हुआ। गिरिडीह डीसी नमन प्रेयस लकड़ा ने हरी झंडी दिखाकर इस रन फ़ॉर वोट को रवाना किया। डीसी ने सभी लोगों से मतदान की अपील की हैं।

## वर्चुअल रियलिटी जागरूकता वाहन रवाना

**पाकुड़ (ससे):** पाकुड़ जिलें के मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति रचनात्मक तरीके से जागरूक करने तथा लोगों को उनके मतदान के महत्व को समझानें को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार वरनबाल एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा जिला समाहरणालय परिसर से वर्चुअल रियलिटी जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि २०१९ लोकसभा आम चुनाव में जिस जिस मतदान केंद्र में सबसे कम मतदान प्रतिशत हुआ है।

वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु इस जागरूकता वैन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। उपायुक्त ने वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने हेतु तैयार किए गए कंटेंट का भी जायजा लिया वहीं उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने स्वयं भी वर्चुअल रियलिटी यंत्र का प्रयोग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## पलामू लोकसभा सीट के लिए अंतिम दिन तीन नामांकन हुए

**डालटनगंज (ससे):** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पलामू संसदीय क्षेत्र में नामांकन के अंतिम दिन गुरूवार को तीन नामांकन हुए। बहुजन मुक्ति पार्टी के रामवचन राम, निर्दलीय गणेश रवि एवं राष्ट्रीय समानता दल के ब्रजेश कुमार तूरी द्वारा नामांकन किया गया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में तीनों उम्मीदवारों ने निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के समक्ष नामजदगी के पर्चे दाखिल किए।

इससे पहले तीनों उम्मीदवारों ने शहर के अलग अलग इलाकों से रैली निकालकर समाहरणालय पहुंचे। इस तरह नामांकन प्रक्रिया की समाप्ति तक कुल ११ प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है, जिसमें से एक उम्मीदवार गणेश रवि ने निर्दलीय के रूप में नामांकन दाखिल किया है। आज नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि २९ अप्रैल तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकते हैं। आगामी १३ मई को मतदान होगा ।

# मंदेया नदी में डूबी दो सगी बहनें, मौत

**डालटनगंज (ससे):** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के अर्जुनडीह गांव के नजदीक सुखनदिया (मंदेया) नदी में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। दोनों महुआ चुनने के लिए उस इलाके में गयी थी। नदी में नहाने के दौरान दोनों डूब गयी। बच्चियों की पहचान अर्जुनडीह निवासी राशीद अंसारी की पुत्री १० वर्षीया आपदा खातून एवं ८ वर्षीया आजरा खातून के रूप में हुई है। दोनों के शव नदी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जाता है कि दोपहर लगभग १२ बजे दोनों बहनें गांव के पास में महुआ चुनने गई थी।

आपदा एवं आजरा के साथ गांव की तीन बच्ची भी साथ में महुआ चुनने गयी थी। इसी क्रम में पांचों बच्चियां सुखनदिया-मंदेया नदी में उतरकर नहाने चली गई। आपदा नहाते नहाते आगे बढ़ी और बीच में बने १० फीट गहरे गड्ढे में समा गयी। उसके पीछे उसकी छोटी बहन आजरा भी चली गई। दोनों डूबकर लापता हो गए। जब दोनों नदी से बाहर नहीं निकले तो तीनों बच्चे गांव में जाकर उसके परिजन को घटना की जानकारी दी।

तुरन्त गांव के लोगों लोग बच्चियों के साथ नदी के पास में गए। नदी में खोजने के लिए तीन लोग उतरे। काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चियों के शव बाहर निकाले गए। गांव के लोगों में इस घटना से काफी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि बालू माफिया द्वारा जेसीबी से बालू निकाला जाता था और जगह जगह पर लगभग दस-दस फीट का गड्ढा बना दिया गया था। इन गड्ढों में पानी जमा हुआ था। बालू माफिया की वजह से दोनों बच्चियों की जान चली गई। कउवल पंचायत के पूर्व मुखिया अब्दुल जलील ने कहा कि सुखनदिया में बालू उठाव के दौरान अगर गड्ढा नहीं बनाया गया होता तो दो मासूम बच्चों की जान नहीं जाती। उन्होंने छत्तरपुर के पदाधिकारियों से मांग की कि इस घटना पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाएगी, ताकि दोबारा ऐसी घटना ना हो।

## अवैध शराब बरामद ,1 गिरफ्तार

**रामगढ़ (ससे):** अवैध शराब के साथ रामगढ़ पुलिस ने पतरातू से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से बताया गया कि गिरफ्तार व्यक्ति घुरन गोप के घर से विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के १३२ पीस अवैध शराब बरामद किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति के घर में भारी मात्रा में अवैध शराब भंडारण कर बिक्री हेतु रखा गया था। इस संबंध में मकान मालिक से वैध कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया जो वह नहीं प्रस्तुत कर सका उसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। इस मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने बताया कि अवैध रूप से अंग्रेजी शराब के भंडारण एवं उसके बिक्री को लेकर इस व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

## कलश यात्रा के साथ प्रतिष्ठा सह यज्ञ का शुभारंभ

**हजारीबाग (ससे):** हजारीबाग जिले के कटकमदाग प्रखण्ड के कदमा मंडप में १०८ हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ । सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु ढोल-बाजे के साथ कलश लेकर कदमा नदी पहुंचे जहां विधिवत पूजन कर कलश में जल भरकर वापस मंडप पहुंचे। कलश स्थापना के बाद पंचांग पूजन, नन्दीमुख श्राद्ध, मंडप प्रवेश, बेदी पूजन, जलाधिवास व भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। यज्ञ को लेकर कदमा में पूरे वातावरण भक्तिमय बना रहा। कलश यात्रा के दो दिन के बाद भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

## कुख्यात अपराधी ढिल्लन सिंह गिरफ्तार

**देवघर (ससे):** देवघर पुलिस ने कुख्यात अपराधी ढिल्लन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को यह कामयाबी मिली ।

## बाबूलाल मरांडी ने भाजपा केंद्रीय लोस चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया



**साहिबगंज (ससे):** आगामी राजमहल लोकसभा चुनाव की तैयारियों को धार देने के लिए साहिबगंज जिले के भरतिया कॉलोनी स्थित श्री ओम भरतीया के निवास पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भाजपा केंद्रीय लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने राजमहल लोकसभा क्षेत्र के भाजपा लेवल बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।बाबूलाल मरांडी ने संबोधन में कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर सघन जनसंपर्क अभियान चलाने को कहा। और अपनी अपनी बूथ की व्यवस्था ठीक रखने की बात कही।

उन्होंने बताया केंद्र सरकार और भाजपा के प्रति योजनाओं के क्रियान्वयन से लोगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति उत्साह बढ़ा है। और इस बार राजमहल लोकसभा के मतदाता भाजपा की जीत को सुनिश्चित करेंगे क्योंकि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ने झारखंड में जनता की उम्मीदों में पानी फेरा है।कार्यक्रम में लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह राजमहल विधायक अनंत ओझा, दुमका सांसद सुनील सोरेन सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रेम प्रसंग में युवक ने की आत्महत्या,जाँच में जुटी पुलिस

**लोहरदगा (ससे):** लोहरदगा अंतर्गत बगड़ थाना क्षेत्र के बड़चोरगाई में बुधवार की रात बड़चोरगाई निवासी कालीचन्द उराँव पिता स्व बुदय उराँव उराँव,ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया । मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है । परिजनों के अनुसार युवक का गाँव के ही एक ३५ वर्षीय शादी शुदा महिला से बीते एक वर्ष से अधिक समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था । बताया जा रहा है की महिला द्वारा युवक पर शादी समेत कई अन्य मामलों को लेकर लगातार दबाव बनाया जा रहा था जिसे युवक सहन नहीं कर पाया व आत्महत्या कर लिया । फाँसी लगने से पूर्व युवक द्वारा महिला से फोन पर बात की गई थी । युवक बुधवार को रानीगंज बाजार गया हुआ था जहाँ से आने के बाद घर बंद कर फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया ।

युवक की माँ द्वारा दरवाजा खोला गया तो अपने बेटे को फाँसी के फंदे में झूलता देख, जानकारी ग्रामीणों और पुलिस को दी गई । शव को पुलिस गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है ।

## वाहन की चपेट में आने से शख्स की मौत

**देवघर (ससे):** देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र के दर्दमारा बॉर्डर के पास शादी समारोह से लौट रहे मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति की चारपहिया वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई।घटना के बाद मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे ।पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बताया जा रहा है कि गुरुवार को अहले सुबह करीब पांच बजे जब मृतक अपने घर के करीब पहुंचा, तभी अचानक सामने से आ रही चारपहिया वाहन ने उनकी मोटरसाइकल में जोरदार टक्कर मार दी । हादसे में गादी जमुवा के रहने वाले गंगाधर पंडित की दर्दनाक मौत हो गई । मृतक की उम्र करीब ४० वर्ष बताई जा रही है । इधर घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम करने की भी कोशिश की लेकिन पुलिस की सक्रियता से यातायात में किसी भी प्रकार का व्यवधान देखने को नहीं मिला।

# बार एसोसिएशन चुनाव के लिए सभी पर्चे वैध पाए गए

**सरायकेला-खरसावा (ससे):** आगामी ७ मई को सरायकेला-खरसावां जिला बार एसोसिएशन का चुनाव होगा । गुरुवार को विभिन्न पदों के लिए नामांकित उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की स्कूटनी हुई जिसमें सभी नामांकन पत्र सही पाए गए। चीफ इलेक्शन ऑफिसर सह वरिय अधिवक्ता अजीत कुमार दास ने बताया कि अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष जनरल सेक्रेटरी, जॉइंट सेक्रेटरी ,जॉइंट सेक्रेटरी (लाइब्रेरी) ,कोषाध्यक्ष एवं असिस्टेंट कोषाध्यक्ष एक-एक पद चुनाव होना है। इसके अलावे पांच कार्यकारिणी सदस्यों के का चुनाव भी मतदान के जरिए होना है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष पद के लिए प्रभात कुमार महतो व सुबोध चन्द्र हाजरा ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।उपाध्यक्ष पद के लिए ओमप्रकाश, केदार नाथ अग्रवाल व सूरज पूर्ति ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं जबकि महासचिव पद के लिए देवाशीष ज्योतिषी, अरुण कुमार सिंह, निर्मल आचार्य व राजकुमार साहू, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी पद के लिए तपन कुमार मालाकार व देवरंजन ज्योतिषी, संयुक्त सचिव प्रशासनिक पद के लिए जलेश कवि,भीम सिंह कुदादा,अंबिका चरण पाणी व छत्रपति महतो, कोषाध्यक्ष के लिए अभिषेक कुमार,नायकी हेम्ब्रम व लखिन्दर लायक सहायक कोषाध्यक्ष के लिए दुर्गा चरण जोंको व प्रकाश ज्योतिषी ने नामांकन पत्र दाखिल की है। इसी प्रकार पांच कार्यकारिणी सदस्यों के लिए रिंकू सिंहा, प्रदीपतेन्दु रथ, सरोज महाराणा, सुकमती हेस्सा, लोकनाथ केसरी, भीम महतो व रजत पटनायक ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को स्कूटनी के दौरान सभी उम्मीदवारों का नामांकन पत्र सही पाए गए। २६ अप्रैल शुक्रवार को सुबह ७:३० बजे से अपराह्न १२:३० बजे के बीच नाम वापसी के लिए समय निर्धारित किया गया है।

## लोहरदगा से कुल 17 प्रत्याशियों ने नामांकन किया , आज होगी स्क्रूटनी

**गुमला (ससे):** लोहरदगा समेत राज्य की चार लोकसभा सीटों पर गुरुवार को नामांकन दाखिल करने का काम सम्पन्न हो गया । लोहरदगा (अ०ज०जा०) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा आम चुनाव २०२४ के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला, कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय में कुल १७ प्रत्याशियों ने नाम निर्देशन हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया है।

जिनमें महेंद्र उरांव , मनी मुंडा (भागीदारी पार्टी) ,स्टेफन किंडो (स्वतंत्र) , बिहारी भगत (पीपल्स पार्टी ऑफ़ इंडिया) , सनिया उरांव (स्वतंत्र), पवन तिग्गा (स्वतंत्र) , मरियानूस तिग्गा (भारत आदिवासी पार्टी) , समीर उरांव (बी.जे.पी.) ,रामचंद्र भगत (लोकहित अधिकार पार्टी) ,चमरा लिंडा (स्वतंत्र) , गिरजानंद उरांव (बहुजन समाज पार्टी) ललित उरांव (बहुजन मुक्ति पार्टी) , अर्जुन टोप्पो (आजाद समाज पार्टी) ,सुखदेव भगत (इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी ) ,अर्पण देव भगत (स्वतंत्र) , रंजीत भगत (स्वतंत्र) एतवा उरांव (स्वतंत्र) शामिल हैं। मीडिया कोषांग द्वारा बताया गया कि इन सभी प्रत्याशियों द्वारा प्राप्त प्रपत्रों के बाबत दिनांक २६ अप्रैल को स्क्रूटनी की प्रक्रिया की जाएगी जिसके पश्चात प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।

# पटना के एक होटल में लगी भीषण आग 6 की मौत

**पटना (ईएमएस):** पटना जंक्शन से ५० मीटर दूर पाल होटल में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। आग ने आसपास के ३ होटलों को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में ६ लोगों की मौत हुई है। इसमें ३ महिला और ३ पुरुष हैं। सिटी एसपी सेंट्रल सत्यप्रकाश ने बताया कि घायलों में २ की हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि २० लोगों का इलाज अभी पटना मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है, कोशिश की जा रही है। आग की लपटों के बीच ४५ लोगों को निकाला गया है।




२ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। फायर ब्रिगेड की ५१ गाडियों का पानी आग बुझाने में लगा। आग बुझाने के बाद रेस्क्यू के लिए टीम होटल के अंदर गई, जहां शव को निकाला गया। आग लगने के कारण पटना स्टेशन जाने वाले रास्ते को बंद किया गया था। बिल्डिंग ४ मंजिला थी।

सभी फ्लोर पर आग फैली हुई थी। बिल्डिंग में फंसे लोगों को निकालने के लिए हाइड्रा क्रेन का भी सहारा लिया गया। बताया जाता है कि आग लगने से होटल में रखे सिलेंडर में ब्लास्ट हुए, इससे आग भड़क गई। आग ने होटल की पास वाली बिल्डिंग को भी अपनी जद में ले लिया था।

## जेडीयू नेता की गोली मारकर हत्या

**पटना (एजेंसी)::** पटना में जेडीयू नेता सौरभ कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई. इस घटना के बाद इलाके में सनसनी मच गई है. जानकारी के अनुसार, पुनपुन थानान्तर्गत बड़हियाकोल में २४ अप्रैल की रात्रि १२:१५ बजे के करीब अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी. गोली लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त मुनमुन घायल हो गया. इस घटना के बाद गुस्से में लोग सड़क पर उतर आए और हंगामा करने लगे. मामले की गंभीरता को देखते हुए पटना के सिटी एसपी पूर्वी भरत सोनी भी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने की कोशिश की. उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

# दूसरे चरण में पीएम मोदी से ज्यादा सीएम नीतीश की अग्निपरीक्षा

**पटना (एजेंसी):** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कल यानी शुक्रवार (२६ अप्रैल) को बिहार की भी ५ सीटों के लिए चुनाव होगा. इसमें किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, पूर्णिया और बांका शामिल हैं. इस चरण की ५ में से ४ सीटों पर २०१९ में एनडीए ने चुनाव जीता था, जबकि किशनगंज सीट पर कांग्रेस का कब्जा हुआ था. महागठबंधन में राजद ने बांका और पूर्णिया अपने उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि बाकी तीन सीटों पर कांग्रेस किस्मत आजमा रही है. इस चरण में कुल ५० प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं.

एनडीए की तरफ से पांचों लोकसभा सीटों पर जेडीयू के उम्मीदवार मैदान में हैं. लिहाजा पीएम मोदी से ज्यादा सीएम नीतीश को अग्निपरीक्षा से गुजरना है. बसपा के ४ प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं. २० प्रत्याशी छोटे दल से चुनाव में उतरे हैं. १६ प्रत्याशी बतौर निर्दलीय चुनाव प्रचार में डटे हैं.



जेडीयू ने भागलपुर से मौजूदा सांसद अजय कुमार मंडल, कटिहार से दुलाल गोस्वामी, पूर्णिया से संतोष कुशवाहा और बांका से गिरिधारी यादव को फिर से चुनावी अखाड़े में उतारा है. मुस्लिम बहुल किशनगंज सीट पर जेडीयू ने अपना चेहरा बदल दिया है. सीएम नीतीश कुमार ने इस बार किशनगंज सीट पर मुजाहिद आलम पर दांव लगाया है. २०१९ में इस सीट पर जेडीयू ने महमूद अशरफ को चुनावी मैदान में उतारा था, जिनको कांग्रेस के मोहम्मद जावेद ने पराजित किया था.उधर कांग्रेस ने किशनगंज में सिटिंग सांसद मोहम्मद जावेद पर फिर से भरोसा जताया है. तो वहीं कटिहार से तारिक अनवर को उतारा गया है. भागलपुर से अजीत शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं.

किशनगंज में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी -खचखच् से अख्तरुल ईमान मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं. वहीं, पूर्णिया में पप्पू यादव के निर्दलीय उतरकर आरजेडी और जेडीयू के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई हैं. यहां से जेडीयू ने सिटिंग सांसद संतोष कुशवाहा तो आरजेडी ने बीमा भारती को उतारा है. बांका में जेडीयू से गिरधारी यादव और आरजेडी से जयप्रकाश नारायण यादव के बीच मुकाबला है. तारिक अनवर सर्वाधिक १३वीं बार कटिहार से उम्मीदवार हैं. वह वर्ष १९७७ से लगातार कटिहार से ही चुनाव लड़ रहे हैं. अब-तक १२ चुनाव वह लड़ चुके हैं, जिनमें पांच बार उनकी जीत हुई है. वहीं किशनगंज में मोहम्मद जावेद के अलावा कोई भी जीते तो पहली बार ही सांसद बनेगा.

# राजीव प्रताप रूडी के सामने चुनावी मैदान में रोहिणी आचार्य



**पटना (एजेंसी):** सारण संसदीय क्षेत्र से २०२४ के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी की गिनती बिहार बीजेपी के बड़े नेताओं में होती है. सारण से लगातार तीसरी बार चुनावी मैदान में उतरे राजीव प्रताप रूडी ने इस सीट पर २०१४ में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को करीब ४१ हजार वोटों से हराया था. बता दें कि सारण सीट को हमेशा से लालू यादव का गढ़ माना जाता है. इस बार राजीव प्रताप रूडी के सामने चुनावी मैदान में लालू की बेटी रोहिणी आचार्य है. ऐसे में इस सीट पर जबरदस्त मुकाबला देखने को मिल रहा है. बता दें कि बिहार की राजधानी पटना में जन्में राजीव प्रताप रूडी महज २८ साल के उम्र में ही पहली बार बिहार विधानसभा में विधायक चुनकर आए थे. उनकी गिनती सबसे कम उम्र के विधायकों में से एक के रूप में की जाती है.

१९९६ में हुए आम चुनाव में राजीव प्रताप रूडी बीजेपी की टिकट पर पहली बार लोकसभा के लिए सांसद चुने गए थे. इसके बाद १९९९ में एक बार फिर से वो सांसद चुने गए और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में उन्हें मंत्री बनाया गया. बाद में-उन्हें २००८ में बिहार से राज्यसभा के लिए सांसद चुना गया और २०१४ के लोकसभा चुनाव में सारण लोकसभा सीट से संसद पहुंचे. ९ नवंबर २०१४ को उन्हें मोदी सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया और मिनिस्टर ऑफ स्टेट फॉर स्किल डेवलपमेंट एंटरप्रेन्योर मिनिस्टर (इंडिपेंडेंट चार्ज) उन्हें बनाया गया.

रूडी का जन्मट और पालन-पोषण पटना में हुआ. उनका पैतृक घर बिहार के सारण जिले के अमनौर में है. उनकी शिक्षा की अगर बात करें को उन्होंने अर्थशास्त्र ऑनर्स में ग्रेजुएशन करने के साथ साथ पंजाब यूनिवर्सिटी से कानून की डिग्री ली है. इसके बाद मगध यूनिवर्सिटी से उन्हों्ने अर्थशास्त्र में पोस्टक ग्रेजुएशन भी किया है. इन सबके अलावा फ्लोरिडा, यूएसए से वह ए-३२० टाइप रेटिंग वाले एक ट्रेन्डन कमर्शियल पायलट भी हैं.

पायलट के रूप में उन्हें पटियाला फ्लाइंग क्लब में शुरुआती फ्लाइंग एक्स पीरियंस और उनकी ट्रेनिंग हुई थी. यहां पर राष्ट्री य कैडेट कोर एयर विंग की तरफ से उन्हें चुना गया था. लिम्काग बुक ऑफ रिकॉड्र्स की मानें तो राजीव प्रताप रूडी इकलौते ऐसे राजनेता हैं जिनके पास फ्लाइंग का भी लाइसेंस है.

# मनीष कश्यप ने बीजेपी का दामन थामा



**पटना (एजेंसी):** बिहार के फेमस यूट्यूबर मनीष कश्यप ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया. उन्होंने दिल्ली में स्थित बीजेपी मुख्यालय जाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. इस दौरान दिल्ली बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष और भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी ने मंच पर पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया.

बीजेपी ज्वाइन करने से पहले मनीष कश्यप ने कहा कि उन्होंने अपनी मां के कहने पर ये फैसला लिया है. उन्होंने कहा था कि वैसे भी मेरी विचारधारा भारतीय जनता पार्टी से मिलती है. बता दें कि उन्होंने पहले पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया था. इस सीट से बीजेपी ने सिटिंग सांसद संजय जायसवाल को उतारा है. तो वहीं महागठबंधन में यह सीट कांग्रेस के हिस्से में आई है और कांग्रेस ने यहां से मदन मोहन तिवारी को खड़ा किया है.

वहीं मनीष के चुनाव लड़ने के ऐलान से बीजेपी कैंडिडेट संजय जायसवाल की परेशानी बढ़ गई थी. सियासी जानकारों का कहना था कि बीजेपी की तरह मनीष कश्यप भी राजद के आलोचक माने जाते हैं. इसलिए वह एनडीए प्रत्याशी के वोट ही काटने का काम करेंगे. हालांकि, अब उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है. मनीष अब पूरे बिहार में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे. इससे एनडीए को काफी राहत मिलेगी.

मीडिया से बात करते हुए मनीष कश्यप ने कहा था कि मैं आज बीजेपी में शामिल हो रहा हूं. बीजेपी के सामने मैंने जो भी शर्त रखी है, बीजेपी ने वह सारी शर्तें मान ली है. मेरी लड़ाई भाजपा से नहीं थी, क्योंकि मेरी विचारधारा बीजेपी से बखूबी मिलती है. बता दें कि मनीष को बीजेपी में लाने का पूरा क्रेडिट बीजेपी नेता और भोजपुरी सुपरस्टार मनोज तिवारी को जाता है. मनीष ने खुद ये बात कही है. मनीष ने बताया कि मनोज तिवारी ने उनकी मां से बात किया था. उसके बाद मेरी मां ने मुझे बीजेपी ज्वाइन करने के लिए कहा. मैं अपनी मां की बात नहीं टालता.

## सीएम योगी को जान से मारने की धमकी

**प्रयागराज (ईएमएस):** प्रयागराज के युवक ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी है। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें कह रहा है- मेरा इमामगंज में घर है। चैलेंज दे रहा हूं, योगी बुलडोजर चलाकर दिखाएं...काट डालेंगे। वीडियो के आधार पर सोशल एक्टिविस्ट सर्वेश कुमार ने आरोपी शमीम उर्फ बबलू के खिलाफ नवाबगंज थाने में एफआईआर कराई। फिलहाल, शमीम फरार है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने उसकी गिरफ्तारी के लिए ३ टीमें बनाई हैं।

## अंशुल का बीजेपी के रविशंकर प्रसाद से होगा मुकाबला

**पटना,(ईएमएस):** पटना साहिब से उम्मीदवार की घोषणा कई दावेदारों और उनके प्रभावशाली समर्थकों के कारण गोपनीय रखी गई थी। कांग्रेस ने पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से डॉ अंशुल अविजीत को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर लोकसभा चुनाव में उनका मुकाबला बीजेपी के कदावर और अनुभवी नेता रविशंकर प्रसाद से होगा। रविशंकर प्रसाद अभी यहां से मौजूदा सांसद हैं। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के पुत्र अंशुल अविजीत राजनीतिक परिवार से आते हैं।

राजनीति अंशुल अविजीत के खून में है। उनके नाना स्व जगजीवन राम थे, जो सास-ाराम से आठ बार सांसद और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री रहे। उनकी दादी सुमित्रा देवी ने बिहार सरकार में पहली महिला कैबिनेट मंत्री बनी थी। अंशुल की मां मीरा कुमार बिहार की एकमात्र महिला हैं, जो लगातार पांच बार सांसद रहीं।

# कन्नौज से अखिलेश यादव ने भरा पर्चा



**पटना (एजेंसी):** बिहार के पूर्व सीएम और राजद अध्यक्ष लालू यादव के दामाद तेज प्रताप यादव के साथ सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जबरदस्त खेला कर दिया. अखिलेश ने तेज प्रताप को कन्नौज लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर मैदान में उतारा था. हालांकि, सपा अध्यक्ष ने अंतिम समय में तेज प्रताप को झटका देते हुए उनका टिकट काट दिया और खुद कन्नौज से नामांकन भर दिया. बता दें कि तेज प्रताप लालू यादव की बेटी राजलक्ष्मी के पति हैं और तेजस्वी यादव के जीजा हैं. तेज प्रताप का अखिलेश यादव से चाचा-भतीजा वाला रिश्ता है. रिश्ते में अखिलेश यादव उनके चाचा हैं.

तेज प्रताप ने २०१४ में मैनपुरी में हुए उपचुनाव से राजनीति में कदम रखा था. हालांकि, इसके बाद उन्हें दोबारा मौका नहीं मिला. जानकारी के मुताबिक, तेज प्रताप की उम्मीदवारी का विरोध लोकल नेताओं ने ही कर दिया था. सपा की लोकल यूनिट इस फैसले के विरोध में उतर आई थी. कन्नौज के सपा नेताओं का एक डेलिगेशन पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से मिलने पहुंच गया. सपा नेताओं के डेलिगेशन ने अखिलेश को कार्यकर्ताओं की नाखुशी से अवगत कराया और यह मांग दोहराई कि इस बार के चुनाव में वह खुद उतरें.

कहा तो यह तक जा रहा था कि खोया गढ़ वापस पाने के लिए सपा के सामने सबसे मजबूत विकल्प यही है कि खुद अखिलेश मैदान में उतरे हैं. वहीं तेज प्रताप की टिकट कटने पर उनकी पत्नी राजलक्ष्मी की प्रतिक्रिया भी सामने आई है. राज लक्ष्मी यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि जो भी निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व और कन्नौज की जनता का है उनका फैसला समाजवादी पार्टी के हित में बिलकुल सही है. इस बार कन्नौज की जनता भाजपा को भगाने का काम करेगी.

# जीत का चौका लगाने चुनावी मैदान में उतरे संजय जायसवाल

**पटना (एजेंसी):** २००९ से लगातार पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट सांसद रहे बीजेपी नेता संजय जायसवाल पर पार्टी ने चौथी बार भी अपना भरोसा जताते हुए उम्मीदवार बनाया है. २००९, २०१४ और २०१९ में हुए चुनावों में उन्होंने अपने प्रतिद्वंदियों पर भारी जीत हासिल की थी. २०१९ में हुए १७वें लोकसभा चुनावों में संजय जायसवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आरएलएसपी के ब्रजेश कुमार कुशवाह को २,९३,९०६ वोटों के अंतर से हराया था. जायसवाल को तब कुल ६,०३,७०६ वोट मिले थे, जबकि उनके प्रतिद्वंदी ब्रजेश कुमार कुशवाह को ३,०९,८०० वोट ही मिले थे. ऐसे में ये संभावना जताई जा रही है कि २०२४ में लगातार चौथी बार वो इस सीट पर अपना कब्जा जमाएंगे. बता दें कि इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस ने यहां से मदन मोहन तिवारी को अपना उम्मीदवार बनाया है.



बता दें कि संजय जायसवाल के पिता मदन जायसवाल भी इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं. इसलिए इस सीट को वर्तमान सांसद संजय जायसवाल के परिवार की परंपरागत सीट भी कहा जा सकता है. २००८ में हुए परिसीमन से पहले यह बेतिया सीट हुआ करती थी. २००९ से २०१९ तक हुए लोकसभा चुनाव में मदन जायसवाल के पुत्र डॉ. संजय जायसवाल ने लगातार तीन बार भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की. डॉ. संजय जायसवाल वर्तमान में पश्चिम चंपारण के सांसद हैं.

२९ नवंबर १९६५ को बिहार के पश्चिमि चंपारण के बेतिया शहर में जन्में संजय जायसवाल ने एमबीबीएस, एमडी जनरल मेडिसिन तक की शिक्षा हासिल की है. डॉक्टर के रूप में समाज को उन्होंने अपनी सेवाएं दी हैं. संजय जायसवाल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बेतिया में ही की और बाद में मेडिकल की पढ़ाई के लिए वो पटना आ गए. वहां से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने दरभंगा के दरभंगा मेडिकल कॉलेज से एमडी की पढ़ाई की.


**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, बोकारो**

लोकसभा चुनाव 2024
सर्वोच्च प्राथमिकता

**प्रेस विज्ञप्ति**

महानिदेशक – सह – महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी, एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड राँची के आदेश सह पठित ज्ञापांक – 820/OTD दिनांक – 16.04.2024 के आलोक में आगामी लोक सभा चुनाव – 2024 में गृह रक्षकों को प्रभावी बल के 70% चुनाव डियूटी में प्रतिनियुक्त किया जाना है ।

उक्त आदेश के आलोक में झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, बोकारो में प्रभावी बल के गृह रक्षक (महिला/पुरुष) जो कर्तव्य पर प्रतिनियुक्त है अथवा प्रतीक्षारत है वे चुनाव डियूटी जैसे सवेंदनशील डियूटी के मद्धेनजर दिनांक – 24.04.2024 से जिला समादेष्टा, कार्यालय गृह रक्षा वाहिनी, बोकारो में अपना आगमन दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे। आगमन नही कराने पर लोक सभा चुनाव – 2024 डियूटी जैसे महापर्व डियूटी में सर्वोच्च कर्तव्य के प्रती अवहेलना मानी जायेगी ओर वैसे गृह रक्षको के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु अनुशंसा गृह रक्षा वाहिनी, मुख्यालय राँची को प्रेषित कर दी जायेगी जिसके लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे ।

इसे अतिआवश्यक समझे ।

ह0/–
जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,बोकारो

PR 324102 Home(24-25).D


# कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ व जिंदगी के बाद भी:पीएम मोदी

**आगरा (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग ओबीसी को मिले आरक्षण के हक पर डाका डालने की तैयारी में है। पीएम मोदी ने कहा कि वे खुद भी ओबीसी समुदाय से आते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इस षड्यंत्र में समाजवादी पार्टी का भी पूरा साथ मिला है। सपा यादवों और पिछड़ों के साथ विश्वासघात कर रही है। पीएम मोदी गुरुवार को कोठी मीना बाजार में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे की एक्स-रे मशीन अब बहन बेटियों की आलमारी की जांच करना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस वाले हमारे परिजनों द्वारा हमें दी गई संपत्ति पर भी डाला डालने की तैयारी में हैं। मोदी ने कहा है कि वो विकसित भारत के लिए आशीर्वाद मांगने आए हैं।



प्रधानमंत्री ने कहा कि आगरा में बन रहे डिफेंस कॉरीडोर से ऐसे लोग बौखला गये हैं, जो दुनियाभर के हथियारों के दलालों से सांठ गांठ करके मलाई खाते थे। उन्होंने कहा कि हथियारों के दलाल पिछली सरकारों में घूस देकर अपना काम कराते थे। पीएम ने कहा कि देश के अंदर बैठे ऐसे लोग नाराज हैं क्योंकि मोदी अब यहां शस्त्र बनाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने की बात कहता है। वो नाराज है कि भारत की सेना आत्मनिर्भर बन रही है। इसलिए वो सभी मोदी के विरोध में एकजुट हो गये हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन के लिए देश से भी पहले उनका वोट बैंक है। मगर हमारा मॉडल शत प्रतिशत लाभार्थियों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने का है। हमारे लिये यही सेक्युलरिज्म है। यही सच्चा सामाजिक न्याय है। फ्री राशन, मुफ्त इलाज, पक्का घर, शौचालय, नल से जल जैसे लाभ हर लाभार्थी को बिना भेदभाव के मिले ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि वह देश के लिए मेहनत कर रहे हैं और उनकी हर योजना को जमीनी धरातल पर ले जाने में मुख्यमंत्री योगी पूरी मेहनत कर रहे है।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन घोर तुष्टिकरण में जुटा है। २४ के चुनाव में कांग्रेस ने जो मेनीफेस्टो जारी किया है उसपर शत प्रतिशत मुस्लिम लीग का ठप्पा लगा हुआ है। पूरा मेनीफेस्टो सिर्फ वोट बैंक को मजबूत करने के लिए समर्पित है। हमारा मेनीफेस्टो देश को मजबूत करने के लिए समर्पित है। संविधान भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण की सहमति नहीं देता। फिर भी कांग्रेस आये दिन बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करती है। संविधान का अपमान करती है और सामाजिक न्याय की धज्जियां उड़ा देती है। कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से खेल खेलना शुरू किया है।

एससी, एसटी, ओबीसी की आंख में धूल झोंककर ठान लिया है कि वो धर्म के आधार पर रिजर्वेशन लाकर रहेगी। वो ओबीसी के २७ प्रतिशत आरक्षण में से छीनकर धर्म के आधार पर अपने वोट बैंक को आरक्षण देगी। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने रातों रात वहां की सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी बना दिया। उन्होंने २७ परसेंट के ओबीसी के हक पर डाका डाला है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का इरादा यूपी में भी यही खेल खेलने का है, देश में जहां जहां मौका मिलेगा ये पिछले दरवाजे से चोरी छिपे से ओबीसी का हक लूटने का षड्यंत्र रच रहे हैं। इसमें सपा का भी पूरा साथ मिल रहा है। कांग्रेस और सपा का ये खतरनाक खेल ओबीसी भाइयों, दलितों, वंचितों को समझना होगा। उन्होंने कहा कि यूपी में हमारे कुर्मी, मौर्या, कुशवाहा, यादव, जाट, गुर्जर, राजभर, तेली, पाल जैसी अनेक ओबीसी जातियों को भारत के संविधान के अनुसार हक है। इनसे उनका हक छीनकर कांग्रेस और सपा अपने चहेते वोट बैंक को देना चाहते हैं। सपा अपने वोट बैंक के लिए यादवों और पिछड़ों से सबसे बड़ा विश्वासघात कर रही है। यूपी में दो लड़कों में दोस्ती का आधार भी तुष्टिकरण की राजनीति है। दोनों मिलकर भाषण में ओबीसी ओबीसी करते हैं और पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक छीनना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि योगी जी के मुख्यमंत्री बनने से पहले यहां इंडी गठबंधन वालों का नारा होता था, कि जो जमीन सरकारी है वो जमीन हमारी है। उस वक्त ऐसे लोगों को लखनऊ में वोट बैंक वाली सरकार का आशीर्वाद प्राप्त होता था। मगर योगी सरकार ने ऐसे लोगों को सही जगह पर पहुंचा दिया है। अब कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों का नया प्लान सामने आया है। कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी। कांग्रेस के शहजादे की एक्सरे मशीन अब बहन बेटियों के अलमारी में पहुंचेगी। शहजादे की एक्सरे मशीन लॉकर में पहुंचेगी। किसी गरीब मां ने अपनी बेटी के लिए बचाकर रखा है, कांग्रेस की एक्सरे मशीन वहां भी पहुंचेगी। मंगलसूत्र और गहनों पर सपा और कांग्रेस की सरकार आएगी तो उसपर डाका डालेगी। ये खुद शहजादा और उनके बड़े बड़े लीडर कह रहे हैं। माताएं बहनें सर कटवा देंगी मगर स्त्रीधन कभी लेने नहीं देंगी। ये इंडी गठबंधन वालों को मालूम नहीं है।

उन्होंने कहा कि आपसे आपकी संपत्ति छीनने की कांग्रेस और इंडी गठबंधन की योजना यहीं नहीं रुकती। उनका कहना है कि वो आपकी विरासत पर भी लूट करेंगे। जो आपके पिता ने आपके लिए मेहनत करके रखा है, उसके ५५ प्रतिशत पर सरकार कब्जा कर लेगी। आज जो संपति आने वाली पीढ़ियों के लिए आप जोड़ रहे हैं उसपर भी ये लोग आधे से ज्यादा टेक्स लगाकर लूटने का प्लान बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों को दीवार पर लिखा पढ़ लेना चाहिए और कान खोल कर सुन लेना चाहिए कि जबतक मोदी जिंदा है ऐसा कोई भी पाप करने से पहले आपको मोदी से निपटना पड़ेगा। मोदी आपका चौकीदार बनकर खड़ा है।

# जनसभा के बहाने इंडिया गठबंधन ने दिखाई ताकत मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन समेत कई नेताओं ने भरी हुंकार

**गुमला (ससे):** नामांकन के सिलसिले में गुरुवार को गुमला में ख़ासी गहमागहमी रही। कांग्रेस के सुखदेव भगत के अलावा बहुजन समाज पार्टी के गिरजानंद उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी के ललित उराव, आजाद समाज पार्टी के अर्जुन टोप्पो, स्वतंत्र उम्मीदवार अर्पण देव भगत, रंजीत भगत और एतवा उरांव ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के सिलसिले में नामजदगी का पर्चा दाखिल किया।



इंडिया गठबंधन के कांग्रेस पार्टी के द्वारा नामांकन के पूर्व कांग्रेस कार्यालय से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में नगर भवन पहुंचे जहां जुलूस सभा में परिवर्तित हो गई।इसके बाद सुखदेव भगत ने अपने समर्थकों के साथ उपायुक्त कार्यालय में जाकर अपना पर्चा दाखिल किया।

मंच पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पार्टी के प्रदेश प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर, मंत्री बन्ना गुप्ता, रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, सिसई, गुमला व मांडर के विधायक सहित अनेक कांग्रेसी नेता मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में देख रहे हैं कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने राज्य में अलग ही माहौल बनाकर रखी है।

आप लोग प्रधानमंत्री का भाषण २०१४ से सुनते आ रहे हैं वह सिर्फ जुमला बाजी है। उन्होंने जो भी वायदे किए हैं उसे अब तक पूरा नहीं किया गया है।उन्होंने राज्य के पिछले चुनाव में जीत कर १२ सांसदों से सवाल पूछा कि सदन तो पहुंच गए लेकिन उन्होंने झारखंड के लिए कितना सवाल पूछा।

मुख्यमंत्री ने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि हमें किसे वोट देने से हम सुरक्षित रहेंगे इस सोच कर वोट देना है जल जंगल जमीन हमारी पहचान है जिसे हमें बचा कर रखना है।

वहीं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मोदी जी ने जो वादे किए थे जो गारंटी दिए थे उसका बैकलॉग बहुत लंबा है।

उन्होंने कहा था कि हर साल २ करोड़ नौकरी देंगे , सबके खाते में पंद्रह लाख रुपए आ जाएंगे नहीं आया। कहा था कि मूल्य पर नियंत्रण करेंगे। लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। मनमोहन जी के सरकार २०१४ से पहले तो १ की कीमत ५८.३९ रुपए थी लेकिन अभी १ की कीमत ८३.३५ रुपए हो गया है।नामांकन के बाद कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने भारत जोड़ो यात्रा में कहा था कि भारत सबका है लेकिन मोदी जी ने इसे सिर्फ एक धर्म विशेष के लिए बना दिया है । तभी तो राहुल गांधी ने नारा दिया है लोकतंत्र बचाओ नफरत के बाजार में प्यार व मोहब्बत की दुकान खोलो।

श्री भगत ने कहा कि संविधान में जो है उसे मोदी सरकार ने अपहरण कर लिया है इसलिए संविधान को बचाना है संविधान बचेगा तभी देश बचेगा।झारखंड मुक्ति मोर्चा से बगावत कर स्वतंत्र रूप से नामांकन पत्र दाखिल करने वाले चमरा लिंडा के बारे में उन्होंने कहा कि यहां कोई त्रिकोणीय मुकाबला नहीं है आरएसएस बीजेपी का प्रोपगंडा है।सभा को मंत्री आलमगीर आलम ने भी संबोधित किया।मौके पर अनेक कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

# बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के 1 किलोमीटर के दायरे में डिसइन्फेक्शन का कार्य जारी

## परिधि में कुकुट/कुक्कुट उत्पाद, अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर रोक

**रांची (ससे):** क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में कऽछ१ -ौंळरप खपषर्श्रीशपर की पुष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के ०१ किलोमीटर के दायरे में शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जा रहा है।जिला प्रशासन द्वारा द्वारा बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम एक्शन प्लान के तहत कार्य के लिए बनाए गए रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा संक्रमित क्षेत्र के ०१ किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट की कलिंग वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संक्रमित क्षेत्र का क्लीजिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जा रहा है।संक्रमित क्षेत्र के १ किलोमीटर के दायरे में टीम द्वारा चिकन/ऐग शॉप एवं



आसपास के क्षेत्र में मुर्गियों, अंडे आदि की उपलब्धता की जांच की जा रही है एवं बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। गौरतलब है कि खउ-ठ-छखक्ह-ऊ भोपाल में क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच के क्रम में कऽछ१ -ौंळरप खपषर्श्रीशपूर की पुष्टि हुई है। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा एहतियात के तौर पर क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा/मृत कुक्कुटों/कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर अगले आदेश तक रोक रहेगा।

# मतदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**रांची (ससे):** संत जेवियर कॉलेज रांची में मतदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा नोडल पदाधिकारी सह स्वीप सह उप विकास दिनेश कुमार यादव, रांची अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार भी उपस्थित थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि मतदान वाले दिन अपना कीमती वोट जरूर दें और आपका एक वोट का प्रयोग कर सरकार पर दबाव बना सकते हैं और अपनी बात रख सकते हैं मतदान के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें किसी तरह के लुभावने से बचे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए नोडल पदाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने कहा कि मतदान के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करें और जिनका नाम मतदान सूची में छूट गया है वह कल तक अपना नाम मतदान सूची में दर्ज करा सकते है।अनुमंडल पदाधिकारी रांची सदर उत्कृष्ट कुमार ने भी अपने विचार रखे। मौके पर संत जेवियर कॉलेज के प्राचार्य एन लकड़ा एवं विभिन्न विभागों के शिक्षक गण के साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं भी मौजूद रहे। सभी ने मतदान करने का संकल्प लिया। नागपुरी कलाकारों द्वारा लोकगीत एवं लोक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित और जागरूक किया गया।

# स्वर्गीय बसंत लाल की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गयी

**रांची (ससे):** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में बिहार विधानसभा के पार्षद (एमएलसी) स्वर्गीय बसंत लाल की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गयी । इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धा सुमन किया तथा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की।



इस अवसर पर महानगर के अध्यक्ष डा. कुमार राजा नमन करते हुए कहा कि रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ के नेता के रूप में राजनीतिक जीवन शुरूआत की तथा लगातार छात्रों और युवाओं के बीच कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने का सफल प्रयास किया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा तीन बार दक्षिणी छोटानागपुर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद के सदस्य रहे। मजदूरों के हित में इन्होंने बहुत कार्य किये। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, केशव महतो कमलेश, प्रदेश प्रवक्ता आभा सिन्हा, डॉ कुमार राजा, नेली नाथन, छोटू सिंह, राखी प्रियदर्शनी, पूर्णिमा सिंह, नीतू पासवान, राखी कौर, दीपा वर्मा, रिंकी वर्मा सहित नगर कांग्रेस के पदाधिकारी और महिला कांग्रेस की पदाधिकारी गण अन्य कांग्रेस जन शामिल थीं।

# मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का आजभर मौका

## सुबह 6 से 9 बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु विशेष कैंप का आयोजन

**रांची (ससे):** आज भी सुबह ६ से ९ बजे तक रांची के ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का आजभर मौका है । गुरुवार की सुबह भी ६ से ९ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु कैंप का आयोजन किया गया था जिसमें -११८ नये मतदाता फॉर्म लेकर गए । आज भी सुबह ६ से ९ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने भी कैंप लगेगा जो लोग अपना नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़ पाए हैं। वे आयु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, रंगीन पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ एक फॉर्म भर सकते हैं।



# बांधगाड़ी स्थित मंदिर के पीछे से ब्राउन शुगर के साथ शख्स गिरफ्तार

**रांची (ससे):** रांची में विगत कुछ दिनों से नशे के व्यापार से जुड़े लोगों के खिलाफ ताबड़तोड़ पुलिस कार्रवाई हो रही है। इसी कड़ी में गठित छापामारी टीम के द्वारा रांची के बाँधगाड़ी स्थित मंदिर के पीछे से एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से तलाशी के क्रम में छोटे-छोटे पुड़िया में ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। इस बात की जानकारी रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने संवाददाता सम्मेलन दी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति अभिषेक जायसवाल से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि ब्राउन शुगर के छोटे-छोटे पुड़िया भरकर ५०० रुपए से ६०० रुपए प्रति पुड़िया की दर से बिक्री करता था।

# 30 से राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का आयोजन, कुल 8 टीम हिस्सा लेंगी

**रांची (ससे):** रांची में आगामी ३० अप्रैल से ९ मई तक राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का आयोजन किया जाएगा। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने गुरुवार को रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि लीग में कुल ८ टीम हिस्सा लेंगी। मेजबान टीम हॉकी झारखंड के अलावा हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बंगाल, मिजोरम, मणिपुर और ओडिशा की टीम मैच खेलेंगी। लीग के सभी मैच रांची के मोराबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे।भोलानाथ सिंह बताया की राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि यह लीग, इंटरनेशनल टूर्नामेंट के स्टैंडर्ड को पूरा करेगा। महासचिव ने कहा कि पिछले दिनों रांची में ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियन ट्रॉफी का सफल आयोजन किया गया है। इस लिहाज से स्टेडियम समेत अन्य आधारभूत संरचना की स्थिति काफी अच्छी है।

राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का आयोजन हॉकी इंडिया और हॉकी झारखंड के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है।

# गर्मी के सितम और लू के थपेड़ों से लोग परेशान, तापमान में और वृद्धि की संभावना

**रांची (ससे):** राज्य में गर्मी के सितम और लू के थपेड़ों से लोग परेशान हैं । राज्य के अधिकांश जिलों में लू के हालात बने हुए हैं । मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ने येलो अलर्ट जारी कर आगामी २९ अप्रैल तक राज्य के अधिकांश जिलों में हीट वेव की आशंका जताई है । तापमान में भी वृद्धि की संभावना है। अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है । एक मई तक मौसम के शुष्क बने रहने के आसार हैं। राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान ४० डिग्री सेल्सियस के ऊपर चल रहा है । गोड्डा में अधिकतम तापमान ४४. ०१ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया वहीं पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में यह ४३.७ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सरायकेला में ४५.४ और जमशेदपुर में अधिकतम तापमान ४२.६ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। राज्य के बाकी जिलों में भी जोरदार गर्मी पड़ रही है।

# चतरा, हजारीबाग और कोडरमा संसदीय क्षेत्रों के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

**रांची (ससे):** लोकसभा चुनाव के सिलसिले में आज चतरा, हज़ारीबाग़ और कोडरमा संसदीय क्षेत्रों के लिए अधिसूचना जारी की जाएगी जिसके साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन शुरू हो जाएगा। देश में पांचवे और राज्य के दूसरे चरण के चुनाव में तीन लोकसभा सीटों चतरा, हज़ारीबाग़ और कोडरमा में २६ अप्रैल से ३ मई तक नामांकन की तिथि निर्धारित है। ४ मई को सभी दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तारीख ६ मई निर्धारित है। मतदान २० मई को होगा।

# दो दिवसीय कृषि पाठ्यक्रम आधारित कार्यशाला का हुआ समापन

**रांची (ससे):** राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में दो दिवसीय कृषि पाठ्यक्रम आधारित कार्यशाला का गुरुवार को समापन हो गया। इस कार्यशाला में ३० स्कूलों के शिक्षक और ग्राम शिक्षा समिति के सदस्य शामिल हुए। कार्यशाला में राज्य के ६ बुनियादी विद्यालयों और २४ नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्यालय के बच्चो को इंटीग्रेटेड फार्मिंग और नवीन कृषि तकनीकों की शिक्षा देने हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में शिक्षकों एवं ग्राम विकास समिति के सदस्यों को बताया गया कि भारत की भावी पीढ़ी कृषि क्षेत्र को कैसे एक करियर विकल्प के तौर पर चुने और उस दिशा में स्वयं को कैसे विकसित करे ? कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे रामकृष्ण मिशन के स्वामी श्री सशाकानंद जी ने कहा कि भारत पूर्व में गुरुकुलों का देश रहा है, यहां गुरुकुलों में राजकुमारों को कृषि की शिक्षा दी जाती थी। यहीं कारण था कि हमारे देश की मिटटी सोना उगलती थी। मगर कालान्तर में गुरुकुल की जगह अंग्रेजी मीडियम स्कूलों ने ले ली, जिस अंग्रेजी शिक्षा के माध्यम से हम केवल नौकर बन सकते है। भारत में जमीन की कोई कमी नहीं है, हमारे देश का वातावरण कृषि के लिए उत्तम है, मगर वर्तमान पीढ़ी कृषि से दूर हो गयी है। कृषि को हीन भावना से देखने लगी है।

# एनएसयूआई ने डोरंडा कॉलेज के नये प्राचार्य का किया स्वागत

**रांची (ससे):** एनएसयूआई के जिला महासचिव अब्दूल रबनावाज एवं कॉलेज प्रभारी के नेतृत्व में प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा को बुके देकर स्वागत किया गया। अब्दूल रबनवाज प्राचार्य से छात्र संबंधित समस्याओं की जानकारी दी। प्राचार्य ने एनएसयूआई से कहा कि छात्र हित में कार्य करना ही उनकी प्राथमिकता है।

# शातिर ठग गिरफ्तार , 25 से 30 करोड़ रुपयों की ठगी में रहा है संलिप्त

**रांची (ससे):** रांची पुलिस ने मोराबादी इलाके से दीपक श्रीवास्तव नाम के एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इसके खिलाफ अब तक १८ मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि इस ठग ने २५ से ३० करोड़ रुपए की ठगी लोगों से की है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद संभावना है कि यह राशि और अधिक होगी।

# संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी ने रांची से प्रवीण कच्छप को उम्मीदवार बनाया

**रांची (ससे):** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी ने रांची लोकसभा सीट के लिए प्रवीण कच्छप को अपना उम्मीदवार बनाया है। रांची में गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया गया कि लोकसभा चुनाव के लिए एक स्थानीय खतीयानी युवा को उम्मीदवार बनाया गया है। इस मौके पार्टी प्रत्याशी प्रवीण कच्छप ने कहा कि झारखंड में खेल को उद्योग का दर्जा देते हुए हर जिले में स्पोर्ट्स एकेडमी का गठन किया जाएगा। युवाओं को शिक्षा और रोजगार से जोड़ा जाएगा।

# अर्जुन मुंडा ने कोलेबिरा में लोगों से की मुलाकात, पूजा अर्चना भी की

**सिमडेगा (ससे):** केंद्रीय मंत्री सह खूंटी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कोलेबिरा के बाघचंडी मंदिर में पूजा अर्चना की और बरसलोया में सड़क पर पैदल चलते हुए लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। बरसलोया के मंदिर में उन्होंने अखंड हरिकीर्तन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि यहां आकर उन्हें काफी आनंद का अनुभव हुआ है। श्री मुंडा ने कहा कि अभी चुनावी दौरा चल रहा है। कई बेहतर कार्य हुए हैं। राष्ट्र को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।

# सनातन धर्म की रक्षा व बहन-बेटियों के सम्मान के लिए मतदान करें : देवकीनंदन ठाकुर

**निरसा (ससे) :** श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस की शुरुआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। जिसके बाद पूज्य श्री देवकीनन्दन ठाकुर जी महाराज ने कथा पंडाल में बैठे सभी भक्तों को भजन श्रवण कराया। पूज्य देवकीनंदन ठाकुर जी ने श्रीमद्भागवत कथा चतुर्थ दिवस के प्रसंग का वृतांत सुनाते हुए बताया कि वामन अवतार भगवान विष्णु के दशावतारों में पांचवा अवतार और मानव रूप में अवतार था। जिसमें भगवान विष्णु ने एक वामन के रूप में इंद्र की रक्षा के लिए धरती पर अवतार लिया। वामन अवतार की कहानी असुर राजा महाबली से प्रारम्भ होती है। महाबली प्रहलाद का पौत्र और विरोचना का पुत्र था। महाबली एक महान शासक था जिसे उसकी प्रजा बहुत स्नेह करती थी। उसके राज्य में प्रजा बहुत खुश और समृद्ध थी। उसको उसके पितामह प्रहलाद और गुरु शुक्राचार्य ने वेदों का ज्ञान दिया था। समुद्रमंथन के दौरान जब देवता अमृत ले जा रहे थे तब इंद्रदेव ने बाली को मार दिया था जिसको शुक्राचार्य ने पुनः अपन मन्त्रों से जीवित कर दिया था। महाबली ने भगवान ब्रह्मा को प्रसन्न करने के लिए तपस्या की थी जिसके फलस्वरूप भगवान ब्रह्मा ने प्रकट होकर वरदान मांगने को कहा।





बाली भगवान ब्रह्मा के आगे नतमस्तक होकर बोला प्रभु, मै इस संसार को दिखाना चाहता हूँ कि असुर अच्छे भी होते हैं। मुझे इंद्र के बराबर शक्ति चाहिए और मुझे युद्ध में कोई पराजित ना कर सके। भगवान ब्रह्मा ने इन शक्तियों के लिए उसे उपयुक्त मानकर बिना प्रश्न किये उसे वरदान दे दिया। शुक्राचार्य एक अच्छे गुरु और रणनीतिकार थे जिनकी मदद से बाली ने तीनों लोकों पर विजय प्राप्त कर ली।

बाली ने इंद्रदेव को पराजित कर इंद्रलोक पर कैंजा कर लिया। एक दिन गुरु शुक्राचार्य ने बाली से कहा अगर तुम सदैव के लिए तीनों लोकों के स्वामी रहना चाहते हो तो तुम्हारे जैसे राजा को अश्वमेध यज्ञ अवश्य करना चाहिए।

बाली अपने गुरु की आज्ञा मानते हुए यज्ञ की तैयारी में लग गया। बाली एक उदार राजा था जिसे सारी प्रजा पसंद करती थी। इंद्र को ऐसा महसूस होने लगा कि बाली अगर ऐसे ही प्रजापालक रहेगा तो शीघ्र सारे देवता भी बाली की तरफ हो जायेंगे।

इंद्रदेव देवमाता अदिति के पास सहायता के लिए गए और उन्हें सारी बात बताई। देवमाता ने बिष्णु भगवान से वरदान माँगा कि वे उनके पुत्र के रूप में धरती पर जन्म लेकर बाली का विनाश करें। जल्द ही अदिति और ऋषि कश्यप के यहाँ एक सुंदर बौने पुत्र ने जन्म लिया। पांच वर्ष का होते ही वामन का जनेऊ समारोह आयोजितकर उसे गुरुकुल भेज दिया। इस दौरान महाबली ने १०० में से ९९ अश्वमेध यज्ञ पूरे कर लिए थे। अंतिम अश्वमेध यज्ञ समाप्त होने ही वाला था कि तभी दरबार में दिव्य बालक वामन पहुँच गया।

महाबली ने कहा कि आज वो किसी भी व्यक्ति को कोई भी दक्षिणा दे सकता है। तभी गुरु शुक्राचार्य महाबली को महल के भीतर ले गये और उसे बताया कि ये बालक ओर कोई नहीं स्वयं भगवान विष्णु हैं वो इंद्रदेव के कहने पर यहाँ आए हैं और अगर तुमने इन्हें जो भी मांगने को कहा तो तुम सब कुछ खो दोंगे। महाबली अपनी बात पर अटल रहे और कहा मुझे वैभव खोने का भय नहीं है बल्कि अपन प्रभु को खोने का है इसलिए मैं उनकी इच्छा पूरी करूंगा।

उस बालक ने महाबली की और शांत स्वभाव से देखा और कहा मुझे केवल तीन पग जमीन चाहिए जिसे मैं अपने पैरों से नाप सकूं। महाबली ने हँसते हुए कहा केवल तीन पग जमीन चाहिए,मैं तुमको दूँगा। जैसे ही महाबली ने अपने मुँह से ये शब्द निकाले वामन का आकार धीरे-धीरे बढ़ता गया। वो बालक इतना बढ़ा हो गया कि बाली केवल उसके पैरों को देख सकता था। वामन आकार में इतना बढ़ा था कि धरती को उसने अपने एक पग में माप लिया।

दूसरे पग में उस दिव्य बालक ने पूरा आकाश नाप लिया। अब उस बालक ने महाबली को बुलाया और कहा मैंने अपने दो पगों में धरती और आकाश को नाप लिया है। अब मुझे अपना तीसरा कदम रखने के लिए कोई जगह नहीं बची, तुम बताओ मैं अपना तीसरा कदम कहाँ रखूँ। महाबली ने उस बालक से कहा प्रभु, मैं वचन तोड़ने वालों में से नहीं हूँ आप तीसरा कदम मेरे शीश पर रखिये।

भगवान विष्णु ने भी मुस्कुराते हुए अपना तीसरा कदम महाबली के सिर पर रख दिया। वामन के तीसरे कदम की शक्ति से महाबली पाताल लोक में चला गया। अब महाबली का तीनों लोकों से वैभव समाप्त हो गया और सदैव पाताल लोक में रह गया। इंद्रदेव और अन्य देवताओं ने भगवान विष्णु के इस अवतार की प्रशंसा की और अपना साम्राज्य दिलाने के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद पूज्य महाराज श्री के सानिध्य में सभी भक्तों ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया।

# संपादकीय

## प.बंगाल सरकार को सबक लेने की जरूरत

यह विचित्र है कि एक तरफ तो सरकारी विभागों में खाली पदों पर लंबे समय तक भर्ती की प्रक्रिया शुरू नहीं की जाती और जहां शुरू भी होती है वहां कभी पर्चाफोड़ गिरोह सक्रिय हो जाते हैं, तो कभी संबंधित महकमे के आला अधिकारी और मंत्री तक रिश्वत लेकर भर्तियां करते पाए जाते हैं। शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां सरकारी भर्तियों में रिश्वतखोरी और पक्षपात के मामले उजागर न हुए हों। ऐसे भी अनेक उदाहरण हैं, जब भर्तियों में व्यापक अनियमितता के आरोप के चलते उन्हें रद्द करना पड़ा। कई मामलों में मंत्री तक जेल गए। पश्चिम बंगाल का शिक्षक भर्ती घोटाला इसका ताजा उदाहरण है। करीब आठ साल पहले वहां सरकारी स्कूलों में पचीस हजार सात सौ तिरपन शिक्षकों और गैरशिक्षकों की भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग तेईस लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था।

मगर जब नतीजे आए तो उसमें कई तरह की गड़बड़ियां पाई गई थीं। जिन अभ्यर्थियों के पास न्यूनतम अर्हता भी नहीं थी, वे वरीयता सूची में शीर्ष बीस की श्रेणी में आ गए थे। कई ऐसे लोगों को भी नौकरी दे दी गई, जिन्होंने भर्ती परीक्षा पास ही नहीं की थी। कम अंक पाने वाले भी वरीयता क्रम में ऊपर पहुंच गए थे। इस मामले की शिकायत दो अभ्यर्थियों ने अदालत में की थी, जिसकी सुनवाई करते हुए मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी गई। उस जांच में धनशोधन का मामला उजागर हुआ और प्रवर्तन निदेशालय ने मामले को अपने हाथ में ले लिया था। उस संबंध में प्रदेश के शिक्षामंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार कर लिया गया। फिर उनके और करीबी लोगों के ठिकानों पर छापे पड़े तो उनकी करीबी अर्पिता



मुखर्जी को भी शिक्षक भर्ती घोटाले में संलिप्त पाया गया था। उन्हें भी गिरफ्तार किया गया। इन दोनों के ठिकानों से भारी मात्रा में नगदी, जेवर और जायदाद के कागज मिले थे। आरोप था कि उसमें अभ्यर्थियों से पांच से पंद्रह लाख रुपए रिश्वत लेकर भर्ती किया गया था। अब कोलकाता उच्च न्यायालय ने उस भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया और नए सिरे से भर्ती शुरू करने का आदेश दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि उस प्रक्रिया के तहत भर्ती होकर नौकरी करने वालों को पिछले सात-आठ वर्षों का सारा वेतन वापस करना पड़ेगा। इस तरह उन लोगों की मनोस्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि पश्चिम बंगाल सरकार का कहना है कि उच्च न्यायालय का फैसला अवैध है और वह उस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी तथा शिक्षकों की नौकरी सुरक्षित कराने का प्रयास करेगी। वर्षों पहले हरियाणा में भी इसी तरह शिक्षक भर्ती घोटाले में तत्कालीन मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला को जेल जाना पड़ा था। उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह के कार्यकाल में हुई शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को मायावती ने अनियमितता का आरोप लगाते हुए रद्द कर दिया था। शिक्षकों की भर्ती के अलावा पुलिस भर्ती, पटवारी भर्ती, व्यापार मंडल भर्ती आदि में इसी तरह तरह अनियमितताओं के आरोप लगते रहे हैं।इस तरह सरकारी महकमों के लोग जरूर अपनी जेबें भर लेते हैं, मगर खमियाजा आखिरकार उन मेधावी युवाओं को भुगतना पड़ता है, जो वर्षों मेहनत और लगन से तैयारी करते हैं, मगर उनका हक कोई और ले उड़ता है। आखिर सरकारें इतने उदाहरणों के बावजूद क्यों कोई पारदर्शी और विश्वसनीय भर्ती प्रक्रिया नहीं बना पाई हैं।

## सोशल मीडिया से...



मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण सभी भांजे-भांजियों को हृदय से बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं! जिनके आशा के अनुरूप परिणाम नहीं आए हैं, वे निराश न हों। फिर एक बार पूरी लगन और मेहनत के साथ तैयारी करें और आगे बढ़ें। आपके हिस्से की सफलता आपका इंतजार कर रही है।

**शिवराज सिंह चौहान,** पूर्व सीएम



पुसद, महाराष्ट्र में रैली के दौरान गर्मी की वजह से असहज महसूस किया। लेकिन अब पूरी तरह से स्वस्थ हूँ और अगली सभा में सम्मिलित होने के लिए वरूड के लिए निकल रहा हूँ। आपके स्नेह और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।

**नितिन गडकरी,** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री



लोकसभा सांसद श्री राजवीर दिलेर जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के लोगों के विकास के लिए निरंतर कार्य किया। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मैं गहन शोक-संवेदना व्यक्त करती हूं।

**द्रौपदी मुर्मु**
भारत की राष्ट्रपति



दलितों, OBC समाज, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों समेत 90% भारत के साथ भयंकर अन्याय हो रहा है। देशभक्ति इनको न्याय दिलाना है और नरेंद्र मोदी इससे ही घबरा रहे हैं! ये मेरे लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं है, ये मेरी लाइफ का मिशन है।

**राहुल गांधी,**लोकसभा के सदस्य

## आज का कार्टून




## मोदी ने छोड़ा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का नारा

अठारहवीं लोकसभा के चुनाव शुरू हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह अपनी पार्टी भाजपा के लिए धुंआधार रैलियाँ और रोड शो कर रहे हैं। इन दोनों नेताओं ने चुनावों की घोषणा से एक महीना पहले ही लगभग सारे देश का एक एक बार भ्रमण कर लिया था। दोनों नेता भाजपा सरकार की उपलब्धियां और कार्यक्रम गिनाने के साथ साथ विपक्ष पर कड़े हमले भी कर रहे थे। इन दोनों के हमलों का मुख्य टारगेट राहुल गांधी थे। किसी अन्य नेता का नाम या जिक्र तो दोनों यदा कदा ही करते थे। ईडी-सीबीआई ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में डाल दिया, तो दोनों की पत्नियां विपक्ष की नुमाईशी नेता बन गईं। कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र आने के बाद नरेंद्र मोदी ने लीक से हटकर कांग्रेस पर पहला हमला तब किया, जब उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र लगता है। मोदी ने न कांग्रेस पर चोट की थी, न मुस्लिम लीग पर चोट की थी और न ही मुसलमानों पर चोट की थी। उन्होंने अपने कोर हिन्दू वोट बैंक को बताया था कि कांग्रेस सिर्फ मुसलमानों के बारे में ही सोचती है, इसलिए हिन्दुओं को उससे सावधान रहने की जरूरत है।

**अजय सेतिया**

अपने चुनाव घोषणापत्र को कांग्रेस ने न्याय पत्र का नाम दिया है। जिसमें पांच न्याय और 25 गारंटियों का जिक्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले बिहार के नवादा में, फिर उत्तरप्रदेश के सहारनपुर में और राजस्थान की पुष्कर रैली में कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र कहा। उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र के आधे हिस्से में मुस्लिम लीग की छाप है, तो बाकी के आधे पर वामपंथियों का प्रभाव है।

कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणापत्र में तीन ऐसे वादे किए थे, जो आज़ादी से पहले 1936 के मुस्लिम लीग के घोषणा पत्र में भी थे, उन्हीं तीन मुद्दों के कारण भारत का विभाजन हुआ था। तब गांधी, नेहरू, पटेल की कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के वे तीनों मुद्दे ठुकरा दिए थे। पहला मुद्दा था- मुस्लिम पर्सनल लॉ की गारंटी, जबकि भारतीय जनता पार्टी इसके विपरीत मुस्लिम पर्सनल लॉ को खत्म करके यूनिफॉर्म सिविल कोड का वादा करती है।

दूसरा, 1936 के मुस्लिम लीग के घोषणा पत्र में कहा गया था कि वह बहुसंख्यकवाद के खिलाफ लड़ेगी। इसका मतलब था कि मुस्लिम लीग हिंदुत्ववाद के खिलाफ लड़ेगी। कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में कहा गया है कि भारत में बहुसंख्यकवाद के लिए कोई जगह नहीं। तीसरा, 1936 के मुस्लिम लीग के चुनाव घोषणा पत्र में कहा गया था कि मुसलमान छात्रों के लिए खास छात्रवृति और नौकरियों के लिए संघर्ष करेंगे। कांग्रेस के 2024 के चुनाव घोषणा पत्र में कहा गया है कि मुस्लिम छात्रों को विदेशों में पढ़ाई के लिए छात्रवृति की व्यवस्था की जाएगी और नौकरियों में आरक्षण दिया जाएगा।

हो सकता है कि यह एक संयोग हो, लेकिन इससे यह तो साबित हो गया कि कांग्रेस की रिसर्च टीम कितनी कमजोर है, और भाजपा की रिसर्च टीम कितनी तेजतर्रार है, जिसने कांग्रेस का घोषणापत्र आते ही मुस्लिम लीग का 88 साल पुराना चुनाव घोषणापत्र खोज निकाला।

अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का नारा लेकर आगे बढ़ रहे थे, जिन्होंने कई बार दावा किया कि केंद्र सरकार की रसोई गैस उवला योजना, हर घर शौचालय, और प्रधानमंत्री आवास योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ मुस्लिम महिलाओं को हुआ। इसके अलावा मुस्लिम महिलाओं का दिल जीतने के लिए उन्होंने तीन तलाक की प्रथा पर क़ानून बना कर रोक लगाई। उन्होंने युवा मुस्लिमों का दिल जीतने के लिए कई योजनाएं भी शुरू कीं, जैसे मुस्लिम छात्र छात्राओं को फ्री कोचिंग के लिए उड़ान योजना, ग्रेजुएशन करने वाली मुस्लिम लड़कियों को शादी के मौके पर केंद्र सरकार की ओर से 51000 रूपए की शगुन योजना, मुस्लिम कारीगरों को परंपरागत कला और हस्तकला की ट्रेनिंग योजना, हुनर हाट, मुस्लिम युवाओं के लिए सीखो और कमाओ योजना, 5 करोड़ मुस्लिम छात्र छात्रों के लिए प्रधानमंत्री छात्रवृति योजना, हज पर जाने वाले मुसलमानों की संख्या बढ़ाना।

यानी मुसलमानों का दिल जीतने के लिए मोदी ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी, लेकिन देश भर के दौरों में मिले फीडबैक से उन्हें विश्वास हो गया है कि मुस्लिम वोट एकतरफा कांग्रेस और इंडी एलायंस के घटक दलों के साथ जा रहा है, मुस्लिम वोट में सेंधमारी के उनके सारे प्रयास विफल हो गए हैं। इसलिए कांग्रेस के चुनाव घोषणा



पत्र को आधार बनाकर उन्होंने अपने कोर हिन्दू वोट बैंक को सुरक्षित करने के लिए अपने तेवरों को बदलना शुरू किया। कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र के तीन मुद्दों मुस्लिम पर्सनल लॉ की गारंटी, बहुसंख्यकवाद का खात्मा और नौकरियों में मुसलमानों को आरक्षण ने उन्हें अपने तेवर बदलने का मौक़ा दे दिया। कांग्रेस के घोषणा पत्र में बहुसंख्यकवाद के खिलाफ जंग की घोषणा ने सांप्रदायिक और लक्षित हिंसा निवारण विधेयक की याद ताज़ा कर दी। यूपीए शासनकाल में सोनिया गांधी की राष्ट्रीय सलाहाकार परिषद ने इस विधेयक का प्रारूप तैयार किया था, जिसे मनमोहन सरकार संसद से पास करवा कर क़ानून बनाना चाहती थी। बिल का वह प्रारूप अल्पसंख्यकों को तो सुरक्षा प्रदान करता था, लेकिन अल्पसंख्यकों की सांप्रदायिक हिंसा से पीड़ित बहुसंख्यकों को कोई सुरक्षा प्रदान नहीं करता था। बहुसंख्यकों को अपनी बेगुनाही का सबूत देना पड़ता। यह बिल अगर क़ानून बन जाता तो मुसलमानों के हाथ में हिन्दुओं के खिलाफ बड़ा हथियार साबित होता। भाजपा, शिवसेना, अन्नाद्रमुक, तृणमूल कांग्रेस ने मिलकर बिल का विरोध किया, जिस कारण मनमोहन सरकार इसे पास नहीं करवा सकी। संभवत कांग्रेस घोषणापत्र में उसी बिल को पास करवाने का इशारा किया गया है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र को मुस्लिम लीग का चुनाव घोषणा पत्र कहा। कांग्रेस का घोषणापत्र भले ही मुस्लिम लीग का 1936 का चुनाव घोषणा पत्र देख कर न बनाया गया हो, कुछ हिस्सा सच्चर कमेटी की रिपोर्ट को देख कर जरुर बनाया गया है। 2005 में मनमोहन सिंह ने दिल्ली हाईकोर्ट के रिटायर्ड चीफ जस्टिस राजिन्दर सच्चर की अध्यक्षता में सात सदस्यीय कमेटी बनाई थी, जिसे मुसलमानों की आर्थिक, सामाजिक स्थिति का अध्ययन करके उनकी हालत सुधारने के लिए सिफारिशें करने को कहा गया था। सच्चर कमेटी ने अपनी सिफारिशों में मुसलमानों को नौकरियों और शिक्षा में 10 प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश की थी। मुसलमानों को आरक्षण कांग्रेस और कम्युनिस्टों के एजेंडे पर हमेशा से रहा है। सच्चर कमेटी और बाद में कांग्रेस के नेता रहे पूर्व चीफ जस्टिस रंगनाथ मिश्रा आयोग की दूसरी सिफारिश हिन्दू धर्म छोड़कर मुस्लिम या ईसाई बने दलितों या आदिवासियों को भी आरक्षण देने की थी, जबकि भाजपा धर्मांतरण करने वालों को आरक्षण के लाभ से वंचित करने की समर्थक है। भाजपा का तर्क संविधान सभा में हुई बहस पर आधारित है, जहां संविधान सभा ने धर्म आधारित आरक्षण को ठुकरा दिया था। । सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है, और अल्पसंख्यकों में से भी मुसलमानों का। नरेंद्र मोदी ने 19 अप्रेल को पहले चरण की वोटिंग के बाद इस मुद्दे को भी जोरदार ढंग से उठाकर हिन्दू दलितों और आदिवासियों को सतर्क किया कि कांग्रेस उनका हक मार कर मुसलमानों को देना चाहती है। अपने बयान के साथ उन्होंने 2006 का मनमोहन सिंह का वह बयान भी याद दिलाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीखे तेवरों का कारण सिर्फ यह नहीं है कि पहले चरण की वोटिंग कम हुई है, बल्कि उनका फीडबैक यह है कि मुसलमानों ने पहले की तरह ही एकतरफा भाजपा के खिलाफ वोटिंग की है, जबकि हिन्दू रामजन्मभूमि मन्दिर निर्माण और 370 हटाए जाने के बावजूद उनकी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति से खफा हैं। इसलिए नरेंद्र मोदी ने पहले चरण के चुनाव के दो दिन बाद 21 अप्रेल को राजस्थान के बांसवाड़ा में अपने हिन्दू वोट बैंक को संभालने के लिए मुस्लिम राजनीति के खिलाफ दूसरे चरण का हमला किया, जब उन्होंने कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र से सम्पत्ति के पुनर्वितरण वाले अंश को उठाया। मोदी ने पहले ही कहा था कि कांग्रेस के आधे चुनाव घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है, तो बाकी के आधे घोषणा पत्र पर वामपंथियों की छाप है।

जिस मुद्दे को उन्होंने बांसवाड़ा और बाद में टोंक - सवाई माधोपुर और छतीसगढ़ के जांजगीर में उठाया। जाति आधारित जनगणना के बाद सम्पत्ति के सर्वेक्षण और उसके बंटवारे वाले कम्युनिस्ट सिद्धांत को नरेंद्र मोदी ने हिन्दू महिलाओं के मंगलसूत्र से जोड़ कर और हिन्दुओं की सम्पत्ति ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले मुसलमानों में बांट दिए जाने का डर दिखा कर उन्होंने चुनाव को पूरी तरह हिन्दू-मुस्लिम बना दिया है।

कांग्रेस भी पता नहीं किस दुनिया में है, किस क़ानून के तहत वह लोगों की अर्जित संपत्ति का पुनर्वितरण कर सकती है। कम्युनिस्ट विचारधारा की एक थ्योरी को कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में लिख दिया। नरेंद्र मोदी कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र के हवाले से हिन्दुओं को डरा रहे हैं कि द्रमुक और कम्युनिस्टों के समर्थन से कांग्रेस सरकार आ गई, तो न उनका सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा, न उनकी जीवन भर की मेहनत से जोड़ी गई संपत्ति सुरक्षित रहेगी। अब यह कांग्रेस को सोचना है कि उसके चुनाव घोषणा पत्र पर सोवियत संघ की पिट गई आर्थिक नीतियों का प्रभाव क्यों है, और उसके चुनाव घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग के विभाजनकारी एजेंडे की छाप क्यों है। लेकिन मोदी को विश्वास हो गया है कि वह विकास के एजेंडे पर नहीं जीत सकते, उन्हें अपने कोर हिन्दू वोट बैंक को ही बांधकर रखना होगा। इसलिए बीच चुनाव में उन्होंने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का चोला उतार फेंका, और 2014 वाले अपने मूल तेवरों में आ गए। 2014 में तो भीड़ से जयश्रीराम के नारे लगते थे, 21 अप्रेल के बाद अब भाजपा की हर रैली में जयश्री राम और जय हनुमान के नारे लग रहे हैं। कांग्रेस हैरान परेशान है कि यह क्या हो गया, वह चुनाव आयोग की दहलीज पर पहुंची है। 23 अप्रेल को हनुमान जयंती के मौके पर भी मोदी ने राजस्थान में रैली को संबोधित करते हुए कर्नाटक की वह घटना याद दिलाई जब एक दुकानदार अपनी दुकान में हनुमान चालीसा पढ़ रहा था तो उसे बुरी तरह पीटा गया था। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का राज आया तो कोई हनुमान चालीसा भी नहीं पढ़ सकेगा। राजस्थान में यह सब क्यों, क्योंकि राजस्थान की बाकी बची 13 सीटें बहुत जरूरी हैं, और कर्नाटक में जिस दुकानदार को पीटा गया था वह राजस्थानी ही था।

## लव जिहाद : चुनावी अखाड़े में एक और मुद्दा

भारत में एक बार पुन- लव जिहाद चुनावी तापमान बढ़ा रहा है। लव जिहाद एक सुविधाजनक राजनीतिक औजार है, जिस पर कल्याण योजनाओं और विकास का आवरण चढ़ा दिया गया है तथा जिसने केन्द्र में दो बार भाजपा को सत्ता में आने में सहायता की है और जाति व धर्म की सीमाओं से परे इश्क, मुहब्बत, शादी तथा बलात् धर्म परिवर्तन ने राजनीतिक गर्मी बढ़ा दी है, जिसके चलते एक राजनीतिक संघर्ष पैदा हो गया है। लव जिहाद के बारे में हालिया शोर का कारण कर्नाटक में एक कॉलेज जाने वाली लड़की की हत्या है। हुगली में इस लड़की की हत्या उसके पूर्व सहपाठी ने की, जिसके चलते में राज्य में एक राजनीतिक तूफान आ गया है। लड़की के परिवार वालों का कहना है कि आरोपी उस पर धर्म परिवर्तन और विवाह करने का दबाव डाल रहा था।

**पूनम आई. कौशिश**

स्वाभाविक है कि भाजपा ने इसे एक लव जिहाद का मामला बताया है और सिद्धारमैया सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वह कानून-व्यवस्था की कीमत पर तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। सत्तारूढ़ कांग्रेस ने यह कहते हुए इस आरोप का खंडन किया है कि यह दोनों के बीच पारस्परिक संबंध है और इस प्रकार पुन- संपूर्ण देश में एक पुराना चिर-परिचित दुश्मन उभर आया है। इस घटना के परिणामस्वरूप हिन्दू ब्रिगेड की बहू-बेटी बचाओ संघर्ष समिति सक्रिय हो गई और वह लोगों को जागरूक करने और लव जिहाद का मुकाबला करने के लिए एक आक्रामक और सुनियोजित अभियान चला रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जो लोग अपनी पहचान छुपाते हैं और हमारी बहन-बेटियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ करते हैं, यदि वे अपने तौर-तरीके नहीं बदलते तो उनका राम नाम सत्य होने की यात्रा शुरू हो गई है। कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह इस तरह की चाल चल कर हिन्दू बहुलवादी सांप्रदायिक राजनीति कर रही है, ताकि मुसलमानों को चुनावी दृष्टि से हाशिए पर लाया जाए जो विशेषकर लव जिहाद के भावनात्मक मुद्दे पर सांप्रदायिक हिंसा को संरक्षण दे रही है तथा उसके द्वारा शासित राज्यों में धर्म परिवर्तन विरोधी कानून ला रही है। भाजपा ने कांग्रेस और उसके द्वारा शासित राज्यों पर आरोप लगाया है कि वह मुसलमान लड़ाकों के विरुद्ध कार्रवाई करने में विफल रही है। कांग्रेस एक मुस्लिम पार्टी है, टुकड़े-टुकड़े गैंग का हिस्सा है, आतंकवादियों को संरक्षण देती है, तुष्टीकरण की राजनीति और पाकिस्तान के एजेंडे पर काम करती है। जहां तक अन्य विपक्षी दलों का संबंध है, अल्पसंख्यक विरोधी मुद्दे पर हिन्दुत्व ब्रिगेड की आलोचना करने के बावजूद वे आक्रामक हिन्दुत्व एकीकरण का विरोध करते हैं और नहीं चाहते कि उन पर मुस्लिम समर्थक का बिल्ला लगाया जाए। वे मुस्लिम लोगों को भाजपा विरोधी मानते हैं और उसी के अनुसार अपनी राजनीतिक रणनीति बनाते हैं। फिर गलती किसकी है? हमारे नेता गत वर्षों में समाज में जहर फैलाने के लिए अविवेकपूर्ण भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। राजनीति ध्रुवीकरण, तुष्टीकरण, कट्टरवाद तक सीमित हो गई है। घृणा फैलाई जा रही है और इससे सांप्रदायिक मतभेद भी बढ़ रहे हैं। चुनावों से पूर्व सभी धर्मों में भावनाएं भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। हर पार्टी ऐसा कर रही है और उन्हें आशा है कि इससे उन्हें लाभ मिलेगा। राज्य विधानसभा चुनावों में हार के बाद भाजपा अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा और हिन्दू सांस्कृतिक पुनर्जागरण के बाद एक नई हिन्दुत्व राजनीति कर रही है, ताकि वह उन क्षेत्रों में भी अपनी पैठ बना सके, जहां पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोग अधिक संख्या में नहीं हैं और उसने इस बार पुन- नारा दिया है, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और इस बार 400 पार, तथापि पार्टी समझती है मुस्लिम सोच अभी भी उसके लिए समस्या का कारण है। पिछले वर्ष विभिन्न दक्षिणपंथी संगठनों ने हिन्दू जन आक्रोश रैलियां निकालीं और लव जिहाद, लैंड जिहाद के विरुद्ध कानून बनाने की मांग की और हिन्दुत्व खतरे में है, का मुद्दा उठाया। विपक्षी दलों ने भगवा संघ पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि मुसलमानों की आबादी में वृद्धि से किस तरह हिन्दू राष्ट्र की सर्वोच्चता खतरे में पड़ गई है और उनकी निगाहें चुनावी लाभ पर हैं। तथापि यह सब कुछ सांप्रदायिक सौहार्द के लिए अच्छा नहीं है। कम लोग जानते हैं कि लव जिहाद कार्यक्रम केरल में कुछ मुस्लिम संगठनों के संरक्षण में 1996 में शुरू हुआ था, हालांकि यह शब्द पहली बार सितंबर 2009 में केरल के पथानामथिट्टा जिले में सुनाई दिया और इसका इस्तेमाल तीन माह बाद केरल उच्च न्यायालय के एक निर्णय में हुआ और इसे युवा होनहार हिन्दू लड़कियों को बलपूर्वक मुसलमान बनाने के लिए एक मुस्लिम षड्यंत्र बताया गया, जिसके अंतर्गत मुस्लिम लड़के उन लड़कियों को प्यार के जाल में फंसाते हैं। न्यायालय ने राज्य सरकार से कहा था कि वह इस तरह के लव जिहाद के धोखाधड़ी वाले कृत्यों पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून बनाने पर विचार करे। मुस्लिम कट्टरवादी संगठनों, जैसे नैशनल डैमोक्रेटिक फ्रंट और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के कैम्पस फ्रंट द्वारा इसका खंडन किए जाने के बावजूद केरल सरकार ने कहा कि वर्ष 2006 के बाद राज्य में 2667 महिलाओं ने धर्म परिवर्तन कर इस्लाम अपनाया है। पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि पिछले चार वर्षों में ऐसे धर्मपरिवर्तन की 8 हजार घटनाएं हुई हैं। हिन्दू जन जागृति समिति के अनुसार अकेले कर्नाटक में 60 हजार लड़कियों का धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बनाया गया और पिछले 6 माह में उत्तर प्रदेश में लव जिहाद के 20 मामले सामने आए हैं। उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम, देश के किसी भी भाग में जाएं, स्थिति ऐसी ही है। धर्म पैसा बनाने का साधन बन गया है। अमरीका से अनेक गिरजाघरों को पैसा मिल रहा है और वे तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और कश्मीर में लड़कियों को पैसे और रोजगार देकर उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। दूसरी ओर विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने छत्तीसगढ़ के प्रत्येक गांव में भी युवाओं के सशस्त्र दल बनाए हैं, ताकि वे लोगों को ईसाई धर्म अपनाने से रोक सकें और मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात तथा ओडिशा में आदिवासी ईसाइयों को पुन- हिन्दू धर्म में लाने के लिए घर वापसी कार्यक्रम शुरू किया है। इस पर रोक लगाने के लिए राजस्थान, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात ने धर्म परिवर्तन रोधी कानून पारित किए हैं, जिसमें धर्म परिवर्तन पर प्रतिबंध लगाया गया है, किंतु यदि कोई हिन्दू धर्म में वापस आना चाहता है, पुन- धर्म परिवर्तन की अनुमति दी गई है। झारखंड ने भी ऐसा ही कानून बनाने का इरादा व्यक्त किया है। ओडिशा और मध्य प्रदेश द्वारा 1967-68 के दौरान पारित धर्म परिवर्तन कानूनों की संवैधानिक वैधता को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने कहा था कि संविधान में एक व्यक्ति को अपने धर्म से किसी और धर्म में धर्म परिवर्तन का अधिकार नहीं दिया गया, अपितु अपने धर्म के सिद्धान्तों का प्रचार-प्रसार करने की अनुमति दी गई है। न्यायालय ने यह भी कहा था कि संगठित धर्म परिवर्तन धर्म निरपेक्षता के विरुद्ध है और सभी धर्मों का संबंध भारत की धर्म निरपेक्षता का मूल है। समय आ गया है कि हमारे नेता इस पर उन सब लोगों के बारे में विचार करें जिन्होंने निरर्थक लव जिहाद के चलते अपनी जान खोई है और राजनीति से धर्म और विभाजनकारी भाषा को दूर रखें तथा विभाजनकारी राजनीति पर प्रतिबंध लगाने के बारे में विचार करें। हमें लव जिहाद को एक राजनीतिक दिखावे तक सीमित नहीं करना चाहिए। हमारे नेताओं को इसके नफा-नुकसान का विश्लेषण करना चाहिए और धर्म का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए करने पर रोक लगानी चाहिए। यही असली लव जिहाद होगा।



# कई सारी शारीरिक समस्याओं की वजह बन सकता है हल्दी वाले दूध का अधिक सेवन

हमारी रसोई में उपलब्ध हल्दी वो औषधि है, जो देसी नुस्खों और उपायों में रामबाण के तौर पर इस्तेमाल की जाती है। एंटीऑक्सीडेंट और एंटीइंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर हल्दी का सेवन बेहद लाभकारी माना गया है लेकिन कहते हैं न कि एक निश्चित मात्रा से अधिक औषधि का सेवन भी जहर के समान है, हल्दी दूध के अधिक सेवन में भी यही बात लागू होती है।

अगर सेहत बनाने के लिए आप भी हल्दी वाले दूध का सेवन कर रहे हैं तो आपको इससे होने वाले नुकसान के बारे में भी जान लेना चाहिए। दरअसल, हल्दी वाले दूध का अधिक सेवन कई सारी शारीरिक समस्याओं की वजह बन सकता है, तो वहीं कुछ विशेष परिस्थिति में तो ये घातक भी हो सकता है। तो चलिए जान लेते है कि आखिर हल्दी वाले दूध के अधिक सेवन से किस तरह की शारीरिक समस्याएं पेश आ सकती हैं।

## शरीर में आयरन की कमी

आप पौष्टिकता के लिए हल्दी वाले दूध का सेवन करते हैं लेकिन आपको पता होना चाहिए इसकी अधिकता के कारण शरीर में आयरन की कमी हो सकती है। दरअसल, हल्दी में पाए जाने वाले करक्यूमिन नामक कंपाउंड, शरीर में आयरन के अवशोषण में बाधा बनता है। इसलिए जो लोग आयरन की कमी से जूझ रहे हैं, लोगों को खासतौर पर सीमित मात्रा में हल्दी वाले दूध का सेवन करना चाहिए।

## लिवर की समस्या

हल्दी वाले दूध के सेवन का कारण लिवर की समस्या भी हो सकती है। असल में हल्दी में मौजूद करक्यूमिन लिवर में सूजन पैदा करता है, जिसके कारण लिवर की समस्या हो सकती है।

## पेट की समस्याएं


हल्दी वाले दूध का अधिक सेवन शरीर के पीएच को प्रभावित करता है, जिसके कारण पेट में गैस और अपच की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए अगर आप पेट की समस्या से पीड़ित हैं तो आपको हल्दी वाले दूध का सेवन से बचना चाहिए।

## गर्भवती महिलाओं के लिए हानिकारक

हल्दी वाले दूध का सेवन गर्भवती महिलाओं के लिए हानिकारक माना जाता है। एक्सपर्ट की माने तो हल्दी के अधिक सेवन से गर्भाशय में ऐंठन, दर्द हो सकता है। वही कई बार इसके चलते ब्लीडिंग की भी समस्या हो जाती है। इसीलिए डॉक्टर्स प्रेग्नेंट महिलाओं को हल्दी वाले दूध के सेवन से बचने की सलाह देते हैं।

## शरीर में एलर्जी की प्रतिक्रिया

वहीं हल्दी दूध के अधिक सेवन से आपको एलर्जिक रिएक्शन भी हो सकते हैं, दरअसल हल्दी में पाए जाने वाले कंपाउड्स के चलते कुछ लोगों को स्किन पर रैशेज और सांस लेने में दिक्कत भी होती है। इसलिए अगर आपकी बॉडी एलर्जिक है तो आपको हल्दी वाले दूध के सेवन से परहेज करना चाहिए।




# 3 चीजों से बनता है मेनिनजाइटिस तुरंत चाहिए इलाज

दिमाग को बॉडी का प्रमुख कहा जाता है। यह शरीर के बाहरी और अंदरुनी सारे काम कंट्रोल करता है। अगर इसमें कोई भी खराबी आ जाए तो शरीर में भी खराबी आने लगती है। मेनिनजाइटिस भी दिमाग और स्पाइनल कॉर्ड से जुड़ी समस्या है। इसके अंदर दिमाग और स्पाइनल कॉर्ड के आसपास के मेंब्रेन में इंफ्लामेशन आ जाती है। इसमें मरीज को तुरंत इलाज की जरूरत पड़ती है वरना शरीर कई काम करने बंद कर सकता है। यह बीमारी काफी खतरनाक है, इस कारण वर्ल्ड मेनिनजाइटिस डे की तारीख 24 अप्रैल से 5 अक्टूबर बदल दी गई। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें शामिल हो सकें।

मेनिनजाइटिस होने के पीछे इंफेक्शन होते हैं। यह वायरल, बैक्टीरियल और फंगल इंफेक्शन की वजह से हो सकता है। वायरल इंफेक्शन सबसे ज्यादा मेनिनजाइटिस के लिए जिम्मेदार देखा गया है। हालांकि दूसरे इंफेक्शन ज्यादा खतरनाक रूप ले सकते हैं।

## मेनिनजाइटिस के लक्षण

इसके लक्षण कारण पर निर्भर करते हैं। हालांकि, कुछ आम संकेत निम्नलिखित हैं, जो किसी और बीमारी के कारण भी हो सकते हैं।

- भूख मरना
- चिड़चिड़ापन
- उल्टी
- डायरिया
- सांस की दिक्कत
- सिरदर्द
- बुखार
- गर्दन में अकड़न
- लाइट से सेंसिटिविटी
- ज्यादा नींद आना

## बच्चों में मेनिनजाइटिस

यह इंफ्लामेशन छोटे बच्चों को भी हो सकती है। उनके अंदर निम्नलिखित लक्षण दिख सकते हैं।

- बुखार
- शरीर में अकड़न
- तेज रोना
- बच्चा शांत ना होना
- ज्यादा सोना
- चल ना पाना
- चिड़चिड़ापन

## शरीर ये काम कर देता है बंद

मेनिनजाइटिस के कारण शरीर को काफी नुकसान झेलना पड़ सकता है। अगर इसका इलाज ना किया जाए तो सुनने की क्षमता, याददाश्त, देखने की क्षमता कम हो जाती है। इसकी वजह से दौरा पड़ना, माइग्रेन, ब्रेन डैमेज, सबड्यूरल एम्पायमा, हाइड्रोसेफालस भी हो सकता है।

## फैल भी सकता है मेनिनजाइटिस

मेनिनजाइटिस संक्रामक भी हो सकता है। इसके कुछ प्रकार एक मरीज से दूसरे मरीज तक फैल सकते हैं। मरीज के खांसने, छींकने या चुंबन लेने से यह स्वस्थ व्यक्ति को संक्रमित बना सकता है। इंफेक्शन फैलाने वाले मरीजों में यह वायरस या बैक्टीरिया अक्सर गले या नाक में मौजूद रहता है।



# रात के खाने में ना खाएं दही

**हम सभी जानते हैं कि दही खाना सेहत के लिए बहुत अधिक लाभकारी होता है। दही एक सुपर फूड है, जिसे हर दिन खाया जा सकता है और यह सेहत को सिर्फ एक नहीं अनेक तरीकों से लाभ पहुंचाती है। पाचन से लेकर त्वचा और बाल सबको हेल्दी रखती है। इस विषय पर नए सिरे से बात करने की जरूरत नहीं है। आज हम इस विषय पर बात करेंगे कि आखिर रात के खाने में दही खाने को क्यों मना किया जाता है.**

- आपने अपने पैरंट्स से अक्सर सुना होगा कि रात के समय दही या दही से बना रायता नही खाना चाहिए। लेकिन आज कल शादी-पार्टीज में यह ट्रेंड है कि आप रात के 12 बजे भी डिनर ले रहे होंगे तो आपको रायता जरूर मिलेगा खाने में.। खैर, सर्व करनेवाले तो सर्व करते है। यह तो आपको निर्णय लेना है कि रात में रायता या दही खाकर आप बीमार पड़ना चाहते हैं या नहीं।
- दही पाचनतंत्र को ऊर्जा देने का काम करती है। साथ ही हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है। लेकिन यदि दही का सेवन रात में किया जा तो पाचनतंत्र भी डिस्टर्ब होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है।
- अब आपके मन में यह सवाल आ रहा होगा कि आखिर रात में दही खाने पर ऐसा क्या हो जाता है? तो जान लीजिए कि रात को दही खाने पर पाचनतंत्र मंद हो जाता है। आयुर्वेद की भाषा में बात करें तो जठराग्नि मंद हो जाती है और शरीर की वायु कुपित हो जाती है। इस कारण रात में दही का सेवन करने पर हाथ, पैर, सिर, कमर या शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द की समस्या हो सकती है।
- इसके साथ ही दही खाने पर रोग प्रतिरोधक क्षमता पर इस लिए बुरा असर पडता है, क्योंकि दही तासीर में ठंडी होती है। यदि रात में दही खाई जाती है तो शरीर में कफ की मात्रा मे वृद्धि हो सकती है। इससे गले में दर्द, खराश, बलगम वाली खांसी, सिर मे भारीपन, जुकाम आदि की समस्या हो सकती है।
- जिन लोगों को अस्थमा की शिकायत है, उन्हें रात के समय भूल से भी दही का सेवन नहीं करना चाहिए। नहीं रात के समय अस्थमा अटैक के कारण सांस लेना मुश्किल हो सकता है। हालांकि सभी लोगों को इस बात की जानकारी भी होनी चाहिए खट्टी दही और मीठी दही दोनों के शरीर पर अलग-अलग प्रभाव होते हैं। लेकिन रात के समय आपको किसी भी प्रकार की दही लेने से बचना चाहिए।





# न जिम-न डाइटिंग, हल्दी से अंदर धंसेगी लटकती तोंद

**अगर आप सोच रहे हैं कि हल्दी का उपयोग सिर्फ खाने का स्वाद और रंग बढ़ाने तक सीमित है, तो आप गलत हैं। यह एक ऐसा मसाला है, जो पेट की जिद्दी चर्बी को खत्म करने की ताकत रखता है, बस आपको इस्तेमाल करना आना चाहिए।**

वजन कम करने के लिए लोग कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। लेकिन सर्दियों के दिनों में वजन कम करना बहुत मुश्किल होता है। लगातार बैठे रहने से पेट की चर्बी तो निकल जाती ही है लेकिन पेट के साथ-साथ जांघें और कमर भी मोटी दिखने लगती है। बहुत से लोग कमर और पेट के आकार को कम करने के लिए जिम जाकर घंटों एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं। वजन कम करने के लिए क्या करें? पेट और कमर की चर्बी कम करने और सुडौल शरीर पाने के लिए आप किचन में रखे मसालों का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर बात करें मसालों की तो इनमें हल्दी एक ऐसा जादुई मसाला है, जो पेट की चर्बी को काटने का काम करता है। खाने को स्वाद और रंग देने वाले इस मसाले को आप वजन कम करने वाले हथियार के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। चलिए जानते हैं कि आप वजन घटाने के लिए हल्दी का उपयोग कैसे कर सकते हैं।

## पेट की चर्बी का नामोनिशान मिटा सकती है हल्दी

एक अध्ययन के अनुसार, हल्दी वजन घटाने के लिए फायदेमंद है। पशु अध्ययनों से पता चला है कि हल्दी में एक शक्तिशाली यौगिक करक्यूमिन होता है, जो फैट बर्न करने का काम करता है। वजन कम करने में असमर्थ 44 लोगों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला कि दिन में दो बार 800 मिलीग्राम करक्यूमिन लेने से उनका बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) कम हो गया। इसके अलावा कमर और कूल्हे की चर्बी भी कम हुई।

## हल्दी के गुण

कच्ची हल्दी में एंटीबैक्टीरियल, एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-फंगल गुण होते हैं। इसमें विटामिन सी, पोटैशियम, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, कॉपर, जिंक, थायमिन, राइबोफ्लेविन होता है। ये पोषक तत्व शरीर को शारीरिक समस्याओं से बचाते हैं।

## वजन घटाने के लिए हल्दी वाला पानी कैसे तैयार करें?

- मोटापा कम करने के लिए आप कच्ची हल्दी को गर्म पानी में उबालकर पी सकते हैं। इस मिश्रण का खाली पेट सेवन करने से आपको तेजी से वजन घटाने में मदद मिल सकती है।
- इसके लिए 2 गिलास पानी में कच्ची हल्दी के टुकड़े डालकर उबाल लें
- जब एक गिलास पानी बचे तो आंच बंद कर दें और पानी को छानकर एक गिलास में निकाल लें
- सुबह खाली पेट सबसे पहले इसका सेवन करें।
- अगर आप हल्दी वाला पानी नहीं पीना चाहते तो आप हल्दी वाले दूध का सेवन कर सकते हैं



# हाइड्रेट और रीहाइड्रेट करने का सबसे अच्छा तरीका है पानी

पानी सबसे जरूरी पोषक तत्व है और पानी पीने के ढेरों फायदे हैं. वास्तव में पानी को जीवन के लिए अमृत कहा गया है। ऐसे में जरूरी है कि आप पानी से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों के बारे में जानें क्योंकि पानी मनुष्य के शरीर का 70 फीसदी हिस्सा बनाता है और शरीर की हर कोशिका को हाइड्रेट, डीटॉक्स करता है, शरीर का तापमान सामान्य बनाए रखकर जीवनशैली को स्वस्थ बनाता है।

प्यास लगना डीहाइड्रेशन का संकेत है, इसलिए जरूरी है कि आप दिन भर पानी पीते रहें। डीहाइड्रेशन के कारण शरीर में ऊर्जा का स्तर कम हो जाता है और इम्यून सिस्टम (बीमारियों से लड़ने की ताकत) कमजोर पड़ जाता है। वे लोग जो अधिक सक्रिय रहते हैं, शारीरिक व्यायाम करते हैं, खेलते हैं, उनमें पसीना ज्यादा बहता है, ऐसे में उनके लिए अपने शरीर को नियमित रूप से हाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। शरीर से पानी ज्यादा निकल जाने से क्रैम्प्स पड़ने लगते हैं और शरीर लेक्टेट को बफर करने में सक्षम नही रहता। अक्सर देखा जाता है कि एथलीट्स और बॉस्केटबॉल खिलाड़ियों को हाइपरथर्मिया हो जाता है या पानी की कमी एवं बहुत ज्यादा डीहाइड्रेशन के चलते उनका ब्लड प्रेशर गिर जाता है। ऐसी स्थिति में रीहाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। अगर आपमें डायरिया, कम पानी पीना, पेट में फ्लू, बहुत ज्यादा दवाएं लेना जैसी स्थितियां हैं या आपने पिछली रात ज्यादा शराब का सेवन किया है तो ऐसे में शरीर को रीहाइड्रेट करना बहुत अधिक महत्वपूर्ण होता है। रीहाइड्रेशन ओरल माध्यम से या इन्ट्रावीनस तरीके से किया जा सकता है। हममें से ज्यादातर लोग पानी पीने पर ठीक से ध्यान नही देते। दिन भर चलने वाले वर्चुअल मीटिंग्स, असाइनमेन्ट और घर के कामों के बीच अक्सर हम पानी पीना भूल जाते हैं। ऐसी स्थिति में हमें अपने पास पानी की बोतल रख या हेल्थ ऐप के जरिए रिमाइंडर लगाकर बार-बार पानी पीते रहना चाहिए।

## कोशिका की संरचना में पानी का महत्व

कोशिकाओं को स्वस्थ बनाए रखने के लिए पानी जरूरी है, यह बालों, त्वचा और नाखुनों की कोशिकाओं का अभिन्न हिस्सा है। पानी कोलाजन के उत्पादन में मदद कर कोशिकाओं की उम्र बढ़ने से रोकता है। इसके अलावा, पानी जोड़ों एवं रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ बनाए रखने के लिए भी जरूरी है क्योंकि पानी शरीर में लुब्रिकेन्ट की भूमिका निभाता है, जिसके परिणामस्वरूप जोड़ों के बीच फ्रिक्शन कम होता है।

## शरीर का तापमान बनाए रखने में मदद करता है

शरीर का तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए तरल का संतुलन बहुत महत्वपूर्ण होता है। आपके शरीर में एंजाइम ठीक से काम करते रहें, इसके लिए शरीर का तापमान सामान्य बना रहना बहुत जरूरी है, अगर ऐसा नहीं होगा तो शरीर के सभी काम रूक जाएंगे।



## पाचन में मदद करता है

अक्सर लोग ये सवाल पूछते हैं 'पानी पीने का सही समय क्या है? खाना खाने से पहले? खाना खाने के बाद? खाना खाने के दौरान? इन तीनों समय में पानी पीने से भोजन को पचाने में मदद मिलती है। पानी पीने से सलाईवा यानि लार की सही मात्रा बनती है, लार में इलेक्ट्रोलाईट, म्यूकस और एंजाइम होते हैं जो भोजन पचाने में मदद करते हैं और मुख के स्वास्थ्य को सामान्य बनाए रखते हैं। भोजन का पाचन मुख में ही शुरू हो जाता है और उम्र बढ़ने के साथ लार का उत्पादन कम मात्रा में होने लगता है। अगर आपको महसूस हो रहा है कि आपका मुंह सूख रहा है तो ज्यादा मात्रा में पानी पीना शुरू कर दें।

## शरीर में फैट यानि वसा को बर्न करने में मदद करता है

कई अध्ययनों में पाया गया है कि पानी का सेवन सही मात्रा में करने से शरीर की वसा को बर्न करने में मदद मिलती है, इस तरह यह वजन कम करने में भी मददगार है।

**घर और ऑफिस के कामों की दोहरी जिम्मेदारी का प्रेशर कहीं न कहीं पड़ता अपना रंग दिखाता ही है। वैसे, हाल ही में हुई एक रिसर्च के नतीजे बताते हैं कि वर्कप्लेस पर ज्यादा स्ट्रेस लेने वाली फीमेल्स में हार्ट संबंधी बीमारियां होने के चांस ज्यादा होते हैं। महिलाओं से जुड़े मुद्दों की जानकार डॉ. रंजना कुमारी का मानना है, आजकल महिलाएं पुरुषों के मुकाबले अपनी काबलियत साबित करने की कोशिश में लगी रहती हैं।**



# दिल की करें फिक्र

वर्किंग वुमेन को कई फ्रंट्स के चैलेंज फेस करने पड़ते हैं। निजी जिंदगी की जिम्मेदारियां और कुछ कर दिखाने की चाहत से स्ट्रेस में आ जाना बड़ी बात नहीं है। हाल ही में हुई एक रिसर्च बताती है कि वर्कप्लेस पर ज्यादा स्ट्रेस लेने वाली फीमेल्स में हार्ट संबंधी डिजीज होने का रिस्क बढ़ जाता है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि वर्किंग वुमेन को स्ट्रेस झेलना पड़ता है। घर और ऑफिस के कामों की दोहरी जिम्मेदारी का प्रेशर कहीं न कहीं पड़ता अपना रंग दिखाता ही है। वैसे, हाल ही में हुई एक रिसर्च के नतीजे बताते हैं कि वर्कप्लेस पर ज्यादा स्ट्रेस लेने वाली फीमेल्स में हार्ट संबंधी बीमारियां होने के चांस ज्यादा होते हैं। महिलाओं से जुड़े मुद्दों की जानकार डॉ. रंजना कुमारी का मानना है, आजकल महिलाएं पुरुषों के मुकाबले अपनी काबलियत साबित करने की कोशिश में लगी रहती हैं। इसके चलते उनका तनाव में आना और अपनी हेल्थ पर पूरा ध्यान न दे पाना स्वाभाविक है।

### क्या कहती है रिसर्च

हाल ही में अमेरिका की हार्ट असोसिएशन ने खासतौर से फीमेल्स पर यह रिसर्च की। लगभग 17,000 मिड ऐज फीमेल्स पर की गई इस रिसर्च में पता चला है कि जो फीमेल्स अपने वर्क प्लेस पर ज्यादा स्ट्रेस फेस कर रही हैं, उनमें से से 40 पर्सेंट महिलाओं में हार्ट संबंधी बीमारियां और 88 पर्सेंट में हार्ट अटैक के चांस बढ़ गए। इस स्टडी से जुड़ी सीनियर रिसर्चर डॉ. मिशेल ए. एल्बर्ट के मुताबिक, च्अभी तक स्ट्रेस और हार्ट डिजीज के संबंध में मेल्स को लेकर ही ज्यादा बातें हुईं। ऐसे में फीमेल्स के बारे में कोई ठोस नतीजे नहीं थे, लेकिन इस रिसर्च के बाद काफी नई बातें सामने आईं। इसमें पता चला कि जिन फीमेल्स को अपनी जॉब जाने का डर सताता है, उनमें हार्ट संबंधी प्रॉब्लम्स का रिस्क कम रहता है। वहीं, जो फीमेल्स जॉब को लेकर ज्यादा सिक्योर फील करती हैं, वह ओवरवेट या हाई ब्लड प्रेशर की शिकार हो सकती हैं।

### बदलता लाइफस्टाइल

वैसे, लेडीज की इस हालत के पीछे लाइफस्टाइल और ईटिंग हैबिट्स जैसी कई वजहें हैं। बकौल कार्डियॉलजिस्ट डॉ. के. के. अग्रवाल, च्आजकल पुराने तौर-तरीकों को उतनी तव्वजो नहीं दी जाती, बल्कि लाइफस्टाइल बहुत चेंज हो गया है। हर चीज रेडीमेड और क्विक है। जहां कई बार बासी तैयार सामान से जल्दी खाना बना लिया जाता है, वहीं स्मोकिंग-ड्रिंकिंग जैसी आदतें भी चलन में हैं। इतना ही नहीं, कई बार डाइटिंग के चक्कर में कुछ गलत रूल्स को फॉलो कर लिया जाता है ।ज एक हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए अच्छा खाना-पीना व एक्सरसाइज के साथ स्ट्रेस को कंट्रोल करना भी आना चाहिए।

### ऐसे मैनेज करें स्ट्रेस

देखा जाए, तो घर और ऑफिस के कामों का बंटवारा करके इस स्ट्रेस को कम किया जा सकता है। काउंसिलर अशोक सिंह का मानना है , च अगर घरेलू काम का बंटवारा परिवार के हर सदस्य के बीच में करके चलें , तो काफी हद तक इस फ्रंट का स्ट्रेस मैनेज हो जाता है। ऑफिस के हर काम में खुद को ज्यादा इंवॉल्व करना या अपनी क्षमता से ज्यादा काम लेना ठीक नहीं है। अपने लिए ऐसे टारगेट भी फिक्स ना करें , जिन्हें तय समय में पूरा न कर पाएं। इससे बेवजह प्रेशर पड़ने के अलावा परफॉर्मेंस पर भी बुरा असर पड़ेगा। च कलीग्स के साथ बेहतर तालमेल बैठाकर आप स्ट्रेस से बच सकती हैं। आपकी इस पॉजिटिव अप्रोच को काफी सराहा भी जाएगा।

### एक नजर इधर भी ...

**कहीं आपको ऐसा , तो नहीं लग रहा कि वर्किंग वुमन होना एक प्रॉब्लम है। ऐसा नहीं है। वर्किंग होने के नाते आप खुद का लिविंग स्टैंडर्ड ऊंचा उठाने के साथ ही बच्चों को भी बेहतर लाइफ दे सकती हैं। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में हुई एक हालिया स्टडी भी कुछ ऐसा ही बताती है :**

- बच्चों को अच्छी हेल्थ मिलने के साथ ही उनकी प्रगति के रास्ते खुलते हैं।
- बच्चों को स्कूल में बिहेवियर संबंधी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता।
- उनके ऐकडेमिक रिपोर्ट में भी बेहतर प्रदर्शन की संभावना दर्ज की जाती रही है।
- कई बार ऐसी मांएं अपने बच्चों के लिए रोल मॉडल के तौर पर सामने आती हैं।

# वास्तुशास्त्र को अपनाकर जीवन में भरें रंग

**कई बार घर की समस्याओं को दूर करने के लिए भी वास्तु का प्रयोग किया जाता है वास्तुविज्ञान के नैशनल चैयरमेन तजेंद्र पाल त्यागी ने बताया कि जिस प्रकार अनुलोम-विलोम करने से जिस प्रकार शरीर को आंतरिक सफाई होती है उसी प्रकार 6 माह में एक बार घर को नमक डालकर धोने के बाद ठंडे पानी से धोना चाहिए। जिससे गर्म और ताप गर्म परिवर्तन की वजह से फ्लोर पर जमी हुए नेगेटिव एनर्जी खत्म हो जाती है। यह प्रॉसेस ऑफ स्ट्रेस रिमूवल कहलाता है।**



वास्तुशास्त्र का इस्तेमाल आज हर क्षेत्र में बढ़ता जा रहा है। लोग अपने घरों में सुख, शांति, अच्छी नौकरी, करियर बिजनेस, धन, संपत्ति और स्वस्थ रहने के लिए वास्तु का प्रयोग कर रहे हैं। कई बार घर की समस्याओं को दूर करने के लिए भी वास्तु का प्रयोग किया जाता है वास्तुविज्ञान के नैशनल चैयरमेन तजेंद्र पाल त्यागी ने बताया कि जिस प्रकार अनुलोम-विलोम करने से जिस प्रकार शरीर को आंतरिक सफाई होती है उसी प्रकार 6 माह में एक बार घर को नमक डालकर धोने के बाद ठंडे पानी से धोना चाहिए। जिससे गर्म और ताप गर्म परिवर्तन की वजह से फ्लोर पर जमी हुए नेगेटिव एनर्जी खत्म हो जाती है। यह प्रॉसेस ऑफ स्ट्रेस रिमूवल कहलाता है। यह बिल्कुल उसी तरह है जिस प्रकार व्यक्ति स्ट्रीम बाथ के बाद नॉर्मल बाथ लेकर स्वयं को तरोताजा महसूस करता हैं।

रंग किसी भी इंसान के जीवन में बेहद महत्वपूर्ण होते है जो कि इंसान के जीवन को प्यार से भर देते है। इसी तरह वास्तु में लव कलर्स का चयन करके जीवनर में खुशियां भर देते हैं। उत्तर दिशा में हरे रंग, पश्चिम दिशा में नीले रंग, साउथ में लाल और ईस्ट में पीले रंग का प्रयोग किया जाना अति उत्तम होता है। इन दिशाओं के अंदर यह कलर शामिल किए जाने से वाइबेशन मिलती है। इनसे निकलने वाली फ्रिक्वेंसी व्यक्ति की बॉडी से मैच किए जाने से पॉजीटिव एनर्जी मिलती हैं। इसके अलावा वास्तु के अनुसार लाल रंग से खोया हुआ प्यार वापस मिलता है। ऑरेंज कलर शुद्धता का प्रतीक, नीला कलर प्यार बढाने का कार्य, पिंक कलर हमेशा दिमांग को ठंडा रखता हैं। चटख रंगों से रिश्तों में रोमानियत ला सकते हैं।

## वास्तु के अनुसार रुम

कपल्स और शादीशुदा जोड़े के बीच आपसी प्यार बढ़ाने के लिए साउथ-ईस्ट में होना चाहिए जबकि हेड ऑफ फैमिली का साउथ वेस्ट में होना चाहिए। छोटे बच्चें का बैडरुम ईस्ट और पैसा कमाने वाले का नॉर्थ में होना चाहिए। एनसीआर रिजन में किचन की दिशा साउथ-ईस्ट में होनी चाहिए। ऐसा किए जाने से पश्चिमी हवा किचन में खाना बनने से इस्तेमाल होनी वाली एनर्जी की दुर्गंध को ईस्ट की खिड़की से बाहर निकाल देती हैं। बताया गया है कि इन डायरेक्शन से इंफ्रारेड रेज आती है। जिससे व्यक्ति की ग्रोथ भी होती है और एनर्जेटिक भी होता हैं। अपने कमरे की दीवारों पर हल्का हरा, हल्का गुलाबी या नीले रंग का पेंट करवाएं। हल्कें रंगों से आपको सुकून का एहसास होगा। कपल्स और शादीशुदा जोड़े कमरे में समुद्र , झरनों या इठलाती नदियों की पेटिंग्स लगा सकते हैं। ऐसी पेटिंग्स कपल्स के बीच रूमानियत पैदा करती हैं। बेडरुम में हमेशा हल्के कलर की बेडशीट और जिसमें फूलों के डिजाइन बने हुए हो। पिंक और रेड कलर की बेडशीट उन लोगों के लिए खासतौर से अच्छी रहती हैं, जो शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। घर में शांति और प्यार बढ़ाने के लिए बेडरूम हमेशा स्कवेयर और त्रिकोणीय होना चाहिए। साथ ही बेडरूम में रखी हुई चीजें हमेशा साफ-सुथरी होनी चाहिए। उन पर कभी भी धूल नहीं होनी चाहिए।

## बेकार सामान को बाहर का रास्ता दिखाएं

वास्तु के अनुसार घर का इंटीरियर जितना खूबसूरत और करीने से लगाया जाएगा, रिश्तों में उतनी ही ताजगी रहेगी। मजबूत और अच्छे रिलेशनशिप के लिए घर पर कभी भी बेकार की चीजों का ढेर नहीं लगाना चाहिए। घर में किताबे, कपड़े और एंटिक चीजों को छोड़कर एक वर्ष से इस्तेमाल नहीं हुई खूबसूरत, जिंदा चीजों को बाहर कर दें या किसी को दान कर दें। ऐसा करने से सोशल एंगल से फायदेमंद होगा बल्कि डिग्री ऑफ फ्रीडम और मूवमेंट को बढ़ावा मिलेगा। डस्ट भी इकट्ठा नहीं होने से आपके दिमाग का भारीपन भी कम होगा।

सोते समय मुंह दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए क्योंकि मनुष्य के अंदर हीमोग्लोबीन में आयरन होता है। आयरन स्वयं ही चुंबकीय गुण रखता है। यह चुंबकीय गुण पृथ्वी के मैग्नेटिक फील्ड के साथ मैच करने से ब्लड प्रेशर और ब्लड सर्कुलेशन की बीमारियों से छुटकारा मिलता हैं। स्टडी करने वाले बच्चे का स्टडी रुम पश्चिम दिशा में होना चाहिए। ऐसा करने से सूर्य की लाल किरणें मिलने के कारण बच्चें की पढ़ाई की टेंडेंसी बढ़ती है और चीजों को जल्दी से कवर करता हैं।

## पूजा के मंदिर और तुलसी पर भी ध्यान दें

पूजा के मंदिर को उत्तर या पूर्व या उत्तर पूर्व के बीच की दिशा में रखें। ड्राइंग और किचन रुम में भी इसे रखा जा सकता है। पवित्र माने जाने के कारण इसे बैडरु म में रखें जाने से परहेज करें। तुलसी में एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं। इसलिए इससे जहरीली कीड़े-मकोड़ो साप और बिच्छू से तो बचाव होता है और शीतलता प्रदान करती हैं। इसलिए इसे उत्तर-पूर्व के बीच की दिशा ईशान कोण के आसपास रखना चाहिए। सूर्य की इंफ्रारेड रेज मिलने से तुलसी की ग्रोथ और बढ़ती हैं।




कोशिश करे कि फर्नीचर डिवाइन ज्यूमैट्रिकल रेशों में बने होने के कारण शुभ माना जाता हैं। भारी फर्नीचर ड्राइग टेबिल, अल्मीरा आदि को साउथ और वेस्ट के बीच की दीवार, हल्के फर्नीचर मूड़ा, चेयर और सिंगल सोफा को उत्तर और पूर्व की दीवार से सटाकर रखें। अगर तीन सीट का सोफा है तो साउथ-वेस्ट ओर सिंगल को नॉर्थ और ईस्ट की दीवार पर रखें। क्योंकि इस प्रकार के फनीर्चर रखें जाने से अल्ट्रावॉयलेट रेजों से बचाव होता है। यह रेंज मनुष्य के सेहत से काफी खतरनाक मानी जाती हैं।

# कैसे पुरुषों को पसंद करती हैं महिलाएं?

लड़के अगर कुछ फैक्टर्स के बल पर लड़कियों को पसंद करते हैं, तो इस मामले में लड़कियां भी कोई कम नहीं हैं। लड़कों को पसंद करने के उनके अपने कायदे हैं और वे खुद से बेटर पोज़िशन वाले को जल्दी पसंद कर लेती हैं। इसके लिए वे कुछ ऐसी बातों तक को इग्नोर कर देती हैं, जिनसे समझौता आमतौर पर मुश्किल होता है।

मशहूर दार्शनिक फ्रायड ने कहा था कि उन्हें इस बात का जवाब कभी नहीं मिला कि एक औरत अपनी जिंदगी से क्या चाहती हैं। कुछ ऐसी ही उधेड़बुन से आपको आज की ज्यादातर महिलाएं भी जूझती दिख जाएंगी। बेशक इस कन्फ्यूज़न के केंद्र में शादी और उससे जुड़े सवाल ही अहम रहते हैं। ऐसे में यह सोचना कि महिलाएं फ़ाइनैंशल तौर पर पुरुषों पर निर्भर नहीं होना चाहतीं, पूरी तरह से सच नहीं है। आज की महिलाएं भी बेहतर करियर से ज्यादा खुशहाल परिवार का सपना देखती हैं। हालांकि, इस बात को खुले तौर पर मानने में उन्हें थोड़ी हिचक होती है। जी हां, तमाम स्टडी से यह बात साबित हुई है। अक्सर देखा भी गया है कि लड़कियां बॉयफ्रेंड को शादी के लिए मना कर देती हैं। उनका कहना होता है कि वे अपने करियर में आगे बढ़ना चाहती हैं और अभी सेटल होने के बारे में नहीं सोच रही हैं। लेकिन, हायर डिग्री वाले या फिर हाई इनकम वाले वेल-सेटल्ड लड़के के साथ उनका रवैया ऐसा नहीं रहता। ऐसे पुरुष के साथ शादी के प्रपोजल को वे झट मान जाती हैं।

### पुरानी सोच का डर

इसी तरह की एक रिसर्च से जुड़ीं लंदन स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स की रिसर्चर कैथरिन हाकिम बताती हैं, दुनिया भर में विमिन इम्पॉवरमेंट की बातें लगभग 40 साल से चल रही हैं। ऐसे में बस हाउसवाइफ बनने की बात को महिलाएं स्वीकार नहीं पातीं। अगर यह बात उनके मन में होगी, तो भी वे दकियानूसी कहलाए जाने के डर से यह बात नहीं कहेंगी। हालांकि, हमारे आसपास ऐसी तमाम महिलाएं हैं, जो फाइनैंशल मैटर्स के लिए अपने पार्टनर पर डिपेंड रहना चाहती हैं।

गौर करने वाली बात यह है कि उम्र ज्यादा होने पर भी महिलाएं ऐसे साथी के सपने संजोए रहती हैं , जो हर लिहाज से उनसे आगे हो। रिसर्च के दौरान देखा गया कि कई यूरोपियन देशों की उम्रदराज महिलाएं भी शादी के लिए तभी तैयार हुईं , जब उन्हें अपने से ज्यादा धनवान और पढ़े - लिखे पुरुष मिले। ब्रिटेन में लगभग 50 साल पहले हुई एक रिसर्च में 20 फीसदी महिलाएं अपने से ज्यादा पढ़े-लिखे पुरुष से शादी करना चाहती थीं , वहीं पिछले दशक में ये आंकड़े 38 फीसदी तक पहुंच चुके हैं। यही पैटर्न पूरे यूरोप , यूएस और ऑस्ट्रेलिया में भी नोट किया गया। जाहिर है , तेजी से वेस्टर्न कल्चर में ढल रहीं इंडियन मेट्रोज की महिलाएं भी इस राह पर हैं।

### नजरिया अलग - अलग

हालांकि इस रिसर्च को लेकर महिलाओं की राय अलग - अलग है। जहां, कुछ इससे सहमत नजर आती हैं , वहीं कुछ को इसमें दम नजर नहीं आता। एक एचआर फर्म में बतौर हेड काम कर चुकीं श्रुति सिंह इस बात से पूरी तरह सहमत नहीं दिखतीं। श्रुति का कहना है , मैंने लव मैरिज की और हाल में अपनी जॉब से रिजाइन दिया है। दरअसल , मेरे हज़्बंड को पांच साल के लिए लंदन की एक आईटी कंपनी में जॉब मिली है और मैं उनके साथ जाना चाहती हूं। मेरा फैसला इमोशंस और जिम्मेदारी से लिया गया है। इसमें उनके पैकेज की बात कहीं नहीं है। फिर वहां जाने पर भी मैं पढ़ाई या जॉब कर सकती हूं।

वैसे , बैंक प्रफेशनल निहारिका जोशी ऐसे मैच को बेस्ट ऑप्शन मानती हैं। उनका कहना है , % जिंदगी में घर और ऑफिस की दुधारी तलवार पर लटकने से क्या मिलेगा ? आपको घर की जिम्मेदारी तो निभानी ही होगी , तो अच्छा है कि ज्यादा पैकेज वाले पुरुष से शादी की जाए। इस तरह न तो बॉस की धौंस सहनी पड़ेगी और एक स्टैंडर्ड के घर का आराम भी मिलेगा।

इस बात का एक और पहलू मीडिया प्रफेशनल गौरी कपूर सामने रखती हैं। वह कहती हैं , हर सफल पुरुष ऐसी बीवी चाहता है , जो अपने लेवल पर सफल हो। इसलिए महिलाओं से जुड़ी इस रिसर्च में मुझे खास दम नहीं लग रहा है।

### जानते हैं पुरुष भी

गुड़गांव की एक फूड बेवरेज फर्म में काम करने वाले गौरव कपूर की बात से यंग जेनरेशन की अप्रोच एकदम क्लीयर हो जाती है। वह मानते हैं कि सही पोस्ट और पैसे से लड़की ही नहीं , बल्कि उसकी फैमिली को इंप्रेस करना भी आसान रहता है और रिश्तों में अनबन की गुंजाइश भी कम होती है। बकौल गौरव , % मैंने अपनी गर्लफ्रेंड से साफ कह दिया है कि जब तक मैं सीनियर मैनेजर की पोस्ट पर नहीं आ जाता , सेटल होने का सवाल ही नहीं उठता है। इससे उसे भी कोई ऐतराज नहीं है , क्योंकि उसकी फैमिली को भी तो ऊंची पोस्ट का दामाद पसंद आएगा !

कुछ पुरुष इस मामले को थोड़ा और दूर ले जाते हैं। उनका कहना है कि हाई सोसाइटी की तमाम महिलाएं अपने पार्टनर के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर तक को इसी वजह से इग्नोर कर देती हैं। सुंदर और सुरक्षित भविष्य की चाहत में सब कुछ जानते हुए भी वे ज्यादा हायतौबा नहीं मचातीं। इस तरह सोसाइटी में उनकी बेइज्जती भी नहीं होती और ऐशोआराम की जिंदगी भी बनी रहती है।



# रूस में एनएसए डोभाल ने आतंकवाद, टेरर फंडिंग के खिलाफ सहयोग की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई

**सेंट पीटर्सबर्ग, एजेंसी।**
राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने बुधवार को जोर देकर कहा कि भारत आतंकवादियों तथा अपराधियों द्वारा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग और टेरर फंडिंग को रोकने के लिए सहयोग जारी रखेगा। सेंट पीटर्सबर्ग में सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च पदस्थ अधिकारियों की 12वीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक के पूर्ण सत्र में बोलते हुए एनएसए डोभाल ने समावेशी आर्थिक विकास के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की भारत की नीति को भी रेखांकित किया। उन्होंने सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खुले, स्थिर, विश्वसनीय और समावेशी ढांचे के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया। बहुकेंद्रीय दुनिया में सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करना विषय पर पूर्ण सत्र में बोलते हुए एनएसए डोभाल ने ऐसे सहयोग के लिए एक रोडमैप रखा जिसमें सरकारों से लेकर निजी क्षेत्र, शिक्षा, तकनीकी समुदायों और नागरिक समाज तक सभी हितधारक शामिल हों। उन्होंने महत्वपूर्ण मुद्दों की आम समझ विकसित करने में मदद के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग के लिए तंत्र के निर्माण; प्रशिक्षण, शिक्षा, जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए समान विचारधारा वाले देशों के क्षमता निर्माण; और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए सुरक्षा मानकों के विकास के लिए नियमित संस्थागत संवाद आयोजित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। साथ ही उन्होंने सहयोग के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तंत्र निर्माण की भी वकालत की। एनएसए ने इस बात पर जोर दिया कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग को रोकने के साथ-साथ आतंकी फंडिंग का मुकाबला करने के लिए भी सहयोग जारी रखेगा। एनएसए ने म्यांमार की मौजूदा स्थिति और पड़ोसी देश में भारत द्वारा वित्त पोषित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर अपने म्यांमार के समकक्ष एडमिरल मो आंग के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। रूस में भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया कि उन्होंने भारत-म्यांमार सीमा पर हाल के घटनाक्रमों पर भी चर्चा की, जिसमें सुरक्षा, शरणार्थी, विकास परियोजनाओं आदि से संबंधित मुद्दे शामिल थे। तीन दिवसीय बैठक में 106 देशों के सुरक्षा परिषदों के सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और सहायक, उप प्रधानमंत्री, सुरक्षा बलों और खुफिया सेवाओं के प्रमुखों के अलावा10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। एनएसए डोभाल ने बुधवार को रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पेत्रुशेव से भी बातचीत की। पूर्ण सत्र की शुरुआत करते हुए पेत्रुशेव ने कहा, रूस एक निष्पक्ष विश्व व्यवस्था के निर्माण की रक्षा करना जारी रखेगा जो समानता के सिद्धांतों और सांस्कृतिक और सभ्यतागत पहचान के सम्मान के आधार पर अधिकांश देशों के हितों को पूरा करती है। इससे पहले दिन में, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रतिभागियों को वर्चुअली संबोधित किया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद 21वीं सदी के सबसे गंभीर खतरों में से एक बना हुआ है, क्योंकि आतंकवादी तेजी से जटिल और बर्बर होते जा रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले आतंकवादी हमलों के पीछे के उद्देश्य न केवल कट्टरपंथी समूहों द्वारा संचालित होते हैं, बल्कि इसमें कुछ देशों की खुफिया सेवाएं भी शामिल होती हैं। उनका उद्देश्य संवैधानिक नींव को कमजोर करना और संप्रभु देशों को अस्थिर करना, अंतरजातीय और अंतरधार्मिक कलह को बढ़ावा देना है।



## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत




**काबुल, एजेंसी ।** अफगानिस्तान के काबुल-जलालाबाद राजमार्ग पर सुरुबी जिले में एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। समाचार एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना बुधवार रात को हुई। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया कि यह दुर्घटना काबुल की राजधानी को पूर्वी प्रांतों से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई, जब एक यात्री वाहन सड़क से उतर गया और पहाड़ से टकरा गया। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घायलों का अब स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। अफ़ग़ानिस्तान में सड़क की खराब स्थिति, लापरवाही से गाड़ी चलाना, कठिन इलाके, ओवरलोडिंग, ओवरटेकिंग और तेज गति के कारण सड़क दुर्घटनाएं आम बात है।

### 11 साल से जेल में बंद बेटी से मिलने भारत से पहुंचीं मां, हत्या के मामले में मिली है मौत की सजा

**यमन, एजेंसी।** यमन जेल में 11 सालों से बंद अपनी बेटी से मिलने भारत से उनकी मां मिलने पहुंची। दोनों बहुत देर तक एक दूसरे को गले से लगाकर रोते रहे। जेल में उपस्थित अन्य लोग भी उनको देख भावुक हो उठे, अपनी बेटी से मिलने के बाद मां ने एक वीडियो जारी कर बताया कि उन्हें नहीं लगा था कि वह कभी उसे देख पाएंगी। बेटी हत्या के आरोप में यमन जेल में मौत की सजा काट रही है। बुधवार 24 अप्रैल का दिन यमन जेल में 11 साल बाद एक मां-बेटी के मिलन का गवाह बना। यमन जेल में पिछले 11 साल से निमिषा प्रिया एक यमन नागरिक की हत्या के आरोप में सजा काट रही हैं। उनकी मां जो कि भारत में रहती हैं, वे कई सालों उससे मिलने के लिए प्रयास कर रहीं थी। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर यमन जाने की अनुमति मांगी थी, ताकि वे अपनी बेटी की मौत की सजा माफ करवा सकें। अनुमति मिलने के बाद वह भारत से यमन गईं। उन्होंने अपनी बेटी से मिलने की अनुमित मांगी थी। अपनी बेटी से मिलकर जेल से लौटीं निमिषा प्रिया की मां प्रेमा कुमारी ने एक वीडियो के जरिए अपनी भावना बयां करते हुए भारत और यमन सरकार को शुक्रिया भी कहा है। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी सरकार की दयालुता के कारण ठीक है।

### कमला हैरिस की सुरक्षा में शामिल सीक्रेट सर्विस एजेंट की सहयोगियों से मुठभेड़

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका की उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस की सुरक्षा में शामिल एक सीक्रेट सर्विस एजेंट को मुठभेड़ में शामिल होने के बाद तुरंत हटा दिया गया है। एजेंसी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। एजेंट को कमला हैरिस के विवरण से हटा दिया गया है। वॉशिंगटन डीसी के बाहरी इलाके में ज्वाइंट बेस एंड्रयूज के पास सुबह के नौ बजे के आसपास सीक्रेट सर्विस एजेंट का अन्य एजेंट के साथ मुठभेड़ हो गया। यह मुठभेड़ कमला हैरिस के वहां पहुंचने से पहले हुई। मुठभेड़ में शामिल एजेंट की पहचान फिलहाल अज्ञात है। उन्हें तुरंत उनके कार्यभार से हटा दिया गया है। यूएस सीक्रेट सर्विस के संचार प्रमुख एंथनी गुग्लिएल्मी ने कहा, ÷उप-राष्ट्रपति के ज्वाइंट बेस एंड्रयूज से प्रस्थान का समर्थन करने वाले अमेरिकी सीक्रेट सर्विस एजेंट का ऐसा प्रदर्शन उनके सहयोगियों को अच्छा नहीं लगा। उन्होंने आगे कहा, अमेरिकी सक्रेट सर्विस हमारी कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को बहुत गंभीरता से लेती है। इस दौरान मेडिकल कर्मियों को मौके पर बुलाया गया। इसके कारण कमला हैरिस की यात्रा में किसी प्रकार की देरी नहीं हुई।

## अमेरिका में फैल रहा जॉम्बी डियर डिजीज का संक्रमण, वर्जीनिया के पार्क में सफेद पूंछ के दो हिरण पॉजिटिव



**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार, सीडब्ल्यूडी एक पुरानी और भयानक बीमारी है। यह वायरस जानवरों के दिमाग को खा जाता है, जिस वजह से उनकी मौत हो जाती है। उन्होंने आगे बताया कि इस बीमारी का न तो कोई इलाज है और न ही कोई टीका। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के मामलों के बीच अमेरिका में जॉम्बी डियर डिजीज का केस सामने आया है। पश्चिमी वर्जीनिया के हार्पर्स फेरी नेशनल हिस्टोरिकल पार्क के अंदर दो सफेद पूंछ वाले हिरणों को इससे संक्रमित पाया गया है। एक विज्ञप्ति में बताया गया कि जिन दो हिरणों को इससे संक्रमित पाया गया है, उनकी मौत हो चुकी है। बता दें कि इस बीमारी को क्रॉनिक वेस्टिंग डिजीज (सीडब्ल्यूडी) के नाम से भी जाना जाता है।

बताया जा रहा है कि एंटिएटम और मोनोकेसी बैटलफील्ड पार्क में रहने वाले हिरणों को सीडब्ल्यूडी से संक्रमित पाया गया है। हार्पर्स फेरी और आसपास के नेशनल पार्क में देशी पौधों और ऐतिहासिक परिदृश्यों को संरक्षित रखने के लिए हिरणों की जनसंख्या को कम किया जा रहा है। पार्क सेवाएं हिरणों की आबादी नियंत्रित करने के लिए समय समय पर कुछ पार्कों में शिकार आयोजित करती है। विज्ञप्ति में बताया गया कि इस साल तक इन पार्कों में परिणाम निगेटिव हैं। अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार, यह एक पुरानी और भयानक बीमारी है। यह वायरस जानवरों के दिमाग को खा जाता है, जिस वजह से उनकी मौत हो जाती है। उन्होंने आगे बताया कि इस बीमारी का न तो कोई इलाज है और न ही कोई टीका। यह वायरस जानवरों के साथ बल्कि मनुष्य को भी प्रभावित करता है। इस बीमारी का पता पिछले साल येलोस्टोन नेशनल पार्क में नवंबर में चला था।

## इजरायल का समर्थन करने पर अमेरिका में विरोध-प्रदर्शन तेज, सैकड़ों छात्र गिरफ्तार



**न्यूयॉर्क , एजेंसी।**
मिडिल ईस्ट में गाजा युद्ध को लेकर इजरायल का समर्थन करने के अमेरिका के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों के कैंपस से सैकड़ों छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। न्यूयॉर्क शहर में आइवी लीग कोलंबिया यूनिवर्सिटी कैंपस में बुधवार को विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, जहां 100 से ज्यादा छात्रों को गिरफ्तार किया गया और उनके तम्बू को हटा दिया गया। कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। छात्रों की मांग हैं कि अमेरिका इजरायल के लिए अपना समर्थन बंद कर दे, जो गाजा में हमास के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। गाजा में 30,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, इनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। उनकी यह भी मांग है कि विश्वविद्यालय इजरायल के साथ सारे संबंध तोड़ ले। छात्रों को टेक्सस-ऑस्टिन विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय, येल, ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी और दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से गिरफ्तार किया गया है।

कोलंबिया की तरह हार्वर्ड, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया-बर्कले सहित दर्जनों विश्वविद्यालयों में विरोध तम्बू शिविर लगाए गए हैं।

अमेरिकी संसद अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कोलंबिया विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने यहूदी छात्रों की रक्षा करने में विफल रहने के लिए कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट मिनोचे शफीक के इस्तीफे की मांग की, साथ ही यहूदी विरोधी भीड़ पर अमेरिकी विश्वविद्यालयों पर कब्जा करने का आरोप लगाया। इस दौरान उन्हें छात्रों के विरोध का सामना करना पड़ा। जॉनसन ने धमकी दी कि विरोध को दबाने के लिए नेशनल गार्ड को तैनात किया जा सकता है, और राष्ट्रपति जो बाइडेन से हस्तक्षेप करने का आह्वान किया।

जब वह पत्रकारों से बात कर रहे थे तो छात्रों ने नारा लगाया, ÷नदी से समुद्र तक, फिलिस्तीन आजाद होगा। विश्वविद्यालय प्रशासक बीच में फंस गए हैं। उन पर दक्षिणपंथियों ने छात्रों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम न उठाने का आरोप लगाया और वामपंथियों ने उन पर बहुत कठोर होने का आरोप लगाया है। शेफाक, जो लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के प्रमुख थे और मिस्र मूल के हैं, विरोध प्रदर्शन की मौजूदा लहर में पुलिस को बुलाने वाले पहले विश्वविद्यालय प्रमुख हैं, लेकिन जब जॉनसन ने उनके इस्तीफे की मांग की, तो यूनिवर्सिटी फैकल्टी और छात्रों ने उनका विरोध किया। ालांकि, विरोध प्रदर्शन में शामिल कुछ लोग यहूदियों को उनके धर्म के आधार पर निशाना बना रहे हैं, जिसकी राजनीतिक प्रतिक्रिया हो रही है।

जॉनसन ने कोलंबिया में यहूदी छात्रों से मुलाकात की, उन्होंने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने उनके धर्म के चलते उन्हें धमकी दी थी। कुछ प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजरायल दोनों के झंडे जला दिए और हमास की ओर से तेल अवीव पर हमला करने की धमकी दी। जॉनसन ने कहा, हम अपने कैंपस में इस तरह की नफरत और यहूदी-विरोधी भावना को पनपने नहीं दे सकते।

## विश्वविद्यालयों में बढ़ते फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों से घबराई सरकार, सैंकड़ों हिरासत में, कई कॉलेज हुए बंद



**वॉशिंगटन , एजेंसी।**
न्यूयॉर्क पुलिस ने तो सोमवार को यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क और येले यूनिवर्सिटी प्रशासन को समन जारी कर फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों को सुलझाने को कहा है। बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के चलते 21 यूनिवर्सिटीज में कक्षाएं ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। अमेरिका के कई विश्वविद्यालय इन दिनों विरोध प्रदर्शनों का केंद्र बने हुए हैं। दरअसल अमेरिकी यूनिवर्सिटीज में फलस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन इतने बढ़ गए हैं कि अमेरिकी सरकार भी घबरा गई है। यही वजह है कि सरकार ने कई यूनिवर्सिटीज को बंद करने और ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का आदेश दिया है। विरोध प्रदर्शनों के चलते सैंकड़ों छात्रों को हिरासत में लिया गया है और 100 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कैलिफोर्निया से लेकर न्यूयॉर्क तक अमेरिका की 21 यूनिवर्सिटीज में बीते कुछ दिनों से फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। बड़ी संख्या में छात्र कॉलेज परिसर में ही तंबू लगाकर रह रहे हैं। न्यूयॉर्क पुलिस ने तो सोमवार को यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क और येले यूनिवर्सिटी प्रशासन को समन जारी कर फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों को सुलझाने को कहा है। बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के चलते 21 यूनिवर्सिटीज में कक्षाएं ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। वहीं कुछ कॉलेज बंद ही कर दिए गए हैं। अमेरिकी पुलिस ने सैंकड़ों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। जिन यूनिवर्सिटीज से छात्रों को हिरासत में लिया गया है, उनमें यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास और यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया आदि शामिल हैं।

## अमेरिकी कांग्रेस ने यूक्रेन के लिए 61 अरब डॉलर की सहायता को दी मंजूरी

**वाशिंगटन , एजेंसी।**


अमेरिकी कांग्रेस ने कई महीनों के इंतजार के बाद यूक्रेन के लिए 61 अरब डॉलर के सहायता पैकेज को आखिरकार मंजूरी दे दी है। इससे पहले शनिवार को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में विधेयक को मंजूरी दी गई थी। अब सीनेट ने मंगलवार को 100 सीटों वाले ऊपरी सदन में 79 मतों के साथ विधेयक को मंजूरी दे दी। अब इस विधेयक को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की मंजूरी का इंतजार है। मतदान के तुरंत बाद बाइडेन ने कहा, मैं इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर इसे कानून बना दूंगा। कल जैसे ही यह मेरी मेज पर पहुंचेगा, मैं अमेरिकी लोगों को संबोधित करूंगा ताकि हम इस सप्ताह यूक्रेन को हथियार और उपकरण भेजना शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि वह इस सप्ताह यूक्रेन को हथियार और उपकरण पहुंचाना शुरू करना चाहते हैं। बिडेन ने कहा, इजरायल और ताइवान के लिए अरबों डॉलर की सहायता का विधायी पैकेज पारित कर अमेरिकी कांग्रेस ने दुनिया में अमेरिकी नेतृत्व की शक्ति का प्रदर्शन किया है। हम लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए तथा अत्याचार और उत्पीड़न के खिलाफ दृढ़ता से खड़े हैं। बाइडेन ने कहा, रूस से लगातार बमबारी का शिकार हो रहे यूक्रेन को समर्थन की तत्काल आवश्यकता है। विधेयक में इजरायल के लिए सहायता भी शामिल है जिसने हाल ही में ईरान से अभूतपूर्व हमलों का सामना किया है। उन्होंने आगे कहा, यह महत्वपूर्ण कानून हमारे देश और दुनिया को और अधिक सुरक्षित बनाएगा। हम अपने उन दोस्तों का समर्थन करते हैं जो हमास जैसे आतंकवादियों और पुतिन जैसे अत्याचारियों के खिलाफ अपना बचाव कर रहे हैं। अमेरिकी सहायता पैकेज में सैन्य भंडार के लिए लगभग 23 बिलियन डॉलर का प्रावधान है, इसलिए पैसा अप्रत्यक्ष रूप से यूक्रेन को जाएगा और अमेरिका में ही रहेगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने यूक्रेन को महत्वपूर्ण सहायता देने के लिए अमेरिकी सीनेट को धन्यवाद दिया है। जेलेंस्की ने कहा, यह बिल लोकतंत्र के प्रतीक और स्वतंत्र दुनिया के नेता के रूप में अमेरिका की भूमिका को मजबूत करता है। इससे पहले मंगलवार को पेंटागन के प्रवक्ता पैट राइडर ने वाशिंगटन में संवाददाताओं से कहा था कि कुछ ही दिनों में यूक्रेन को नई सैन्य सहायता पहुंचाई जाएगी।

# ईरान को तबाह करने के लिए पाकिस्तान दे रहा सेना के हथियार ! इस आतंकी संगठन की कर रहा मदद

**ईरान,, एजेंसी।**
ईरान की खुफिया एजेंसी से आई ऐसी रिपोर्ट कि इस्लामाबाद अब मुश्किल में। पाकिस्तान ने जैश-अल-अदल को दिए सेना में इस्तेमाल होने वाले हथियार। उसी से किए गए ईरान पर हमले। यह आई है बड़ी रिपोर्ट। इस रिपोर्ट के बाद पाकिस्तान और ईरान के रिश्तों में घुल रही मिठास में आने वाली है कड़वाहट।

पाकिस्तान में ईरान के राष्ट्रपति की यात्रा तो हो गई, लेकिन जिस दस अरब डॉलर के व्यापारिक संबंधों की उम्मीद इस्लामाबाद ने तेहरान से लगाई थी उस पर पानी फिर गया। दरअसल ईरान की खुफिया एजेंसियों के दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि जब इस्राइल ने दमिश्क के भीतर उनके दूतावास पर हमला किया, तो पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन-जैश-अल- अदल ने ईरान के कुछ इलाकों में हमले कर उनके सैन्य कर्मियों की हत्या कर दी। चौंकाने वाली रिपोर्ट यह है कि इस हमले में जिन हथियारों का इस्तेमाल हुआ था, वह पाकिस्तान की सेना इस्तेमाल करती है। यही नहीं रिपोर्ट में इस बात का भी



खुलासा हुआ है कि ईरान के खिलाफ पाकिस्तान की सेना के हथियार आतंकी संगठनों को लगातार मुहैया कराए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक ईरानी खुफिया एजेंसियों के ऐसे खुलासे से पाकिस्तान और ईरान के बीच 10 अरब डालर तक के व्यापारिक संधि की उम्मीद पर पानी फिर गया है।

ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी तीन दिवसीय पाकिस्तान के दौरे पर थे, जो बुधवार को खत्म हो गया। इस दौरे में पाकिस्तान ने ईरान के साथ अपने व्यापारिक समझौता को बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार और ओपन बॉर्डर की वकालत करते हुए ईरान को रिझाने का नाटक किया। केंद्रीय खुफिया एजेंसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान के इस नाटक की पोल तब खुली, जब ईरान की खुफिया एजेंसियों की एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट इस यात्रा के दौरान इस्लामाबाद से साझा की गई। दरअसल खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट इस बात की तस्दीक करती है कि पाकिस्तान जिस खुले बॉर्डर से व्यापार की बात कर रहा है, वहां से व्यापार की बजाय आतंकवाद ईरान में भेजा जा रहा है। खुफिया एजेंसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक ईरान की खुफिया एजेंसियों और प्रमुख सुरक्षा अधिकारियों ने इस्लामाबाद से जैश-अल-अदल को हथियारों की सप्लाई करने और आतंकवाद समेत हमले करने में मदद करने की पुख्ता रिपोर्ट दी है। सूत्रों के मुताबिक ईरान में हमला करने वाले आतंकी संगठन जैश अल अदल को पाकिस्तान की सेना के अत्याधुनिक हथियार मुहैया कराए जाते हैं। पाकिस्तान को यह कड़ा संदेश तेहरान ने उनकी ही जमीन पर आकर दिया है।

केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक दरअसल ईरान ने पाकिस्तान को इसकी हकीकत तब बताई, जब उसके ऊपर इस्राइल ने बड़ा हमला किया। इस्राइल ने दमिश्क में जब ईरान के दूतावास पर हमला किया, तो पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों ने ईरान के सिस्तान प्रांत में हमला कर दिया। ईरान की खुफिया एजेंसियों को मिले पुख्ता सुबूतों के मुताबिक यह हमला जैश-अल-अदल की ओर से किया गया था और इस हमले में इस्तेमाल किए गए हथियार पाकिस्तान की ओर से मुहैया कराए गए थे। खुफिया एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक जिन हथियारों से पाकिस्तान समर्थित जैश-अल-अदल ने सिस्तान में हमला किया, वह पाकिस्तान में ही बनाए जाते हैं। ईरान की खुफिया एजेंसियों ने पाकिस्तानी हथियारों से लैस उन आतंकवादियों की तस्वीरें भी हासिल की हैं, जिसमें हेकलर एंड कोच जी 3 जो पाकिस्तान में बनाए जाते हैं और पाकिस्तान सेना इन हथियारों का इस्तेमाल करती है। पाकिस्तान सेना के ये हथियार आतंकियों से बरामद किए गए हैं।

# World cup: पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें फाइनल में, बोम्मदेवरा ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में किया सुधार





शंघाई, एजेंसी।

भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्किये और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया।

भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप के फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया।

### पुरुष टीम का फाइनल में नीदरलैंड से सामना

अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की। भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी, लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा।

### महिला टीम की भिड़ंत इटली से होगी

महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्किये और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाए।

# उसैन बोल्ट आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के ब्रांड एम्बेसडर बने



नईदिल्ली, एजेंसी।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ओलिंपिक लिजेंड उसैन बोल्ट को आगामी आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ब्रांडएम्बेसडर घोषित किया है। टी-20 वर्ल्ड जो 1-29 जून 2024 तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। 11 बार के वर्ल्ड चैंपियन बोल्ट वेस्टइंडिज के जमैका से हैं। उन्होंने 2017 में लंदन वर्ल्ड चैम्पियनशिप के बाद संन्यास ले लिया था। उन्होंने अपने आखिरी टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीता था।

बोल्ट ने कहा, मैं आगामी टी-20 वर्ल्ड कप का ब्रांड एम्बेसडर बनकर रोमांचित हूं। इस खेल ने हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखा है, और मैं वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज मैचों में भाग लेने और वर्ल्ड लेवल पर क्रिकेट के डेवलेपमेंट में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि मैं निश्चित रूप से वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करूंगा, लेकिन इस गेम को अमेरिका में लाना क्रिकेट के लिए बड़ी बात है। यह दुनिया का सबसे बड़ा स्पोर्ट मार्केट है और टी-20 वर्ल्ड कप के लिए हम जो करेंगे, वह 2028 में ऱ ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की दिशा में एक बड़ा मौका है।

बोल्ट ने 100 मीटर रेस 9.58 सेकंड और 200 मीटर रेस 19.19 सेकंड में पूरी की थी। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है। बोल्ट ने 3 ओलिंपिक में 8 गोल्ड जीते थे। इनमें से 2008 बीजिंग ओलिंपिक में 2, जबकि 2012 लंदन ओलिंपिक और 2016 रियो ओलिंपिक में 3-3 गोल्ड जीते थे।

जमैका में जन्मे बोल्ट बोल्ट ने अपना बचपन भाई के साथ गली में क्रिकेट और फुटबॉल खेलकर बिताया। 12 साल की उम्र तक उन्होंने यह तो सोच लिया था कि खेल में ही करियर बनाना है, लेकिन किस खेल में बनाना है, यह तय नहीं कर पा रहे थे।

## आईपीएल 2024

# डीसी के खिलाड़ी पर बीसीसीआई का एक्शन



नईदिल्ली, एजेंसी।

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दार पर बुधवार 24 अप्रैल, बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान अत्यधिक जश्न मनाने के लिए जुर्माना लगाया गया है। डीसी ने आखिरी ओवर के रोमांचक मुकाबले में 4 रन से जीत दर्ज की और अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को बरकरार रखा। डीसी ने पहले बैटिंग करते हुए 224 रन बनाए थे, इस स्कोर के सामने जीटी निर्धारित 20 ओवर में 220 ही रन बना सकती थी।

रसिख ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। इसमें ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करना शामिल है जो अपमान करते हैं या जो किसी अन्य खिलाड़ी की आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़का सकते हैं।

आईपीएल की प्रेस रिलीज के अनुसार दार ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया है और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। रसिख सलाम ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार गेंदबाज की थी, 4 ओवर के कोटे में उन्होंने 44 रन खर्च कर साई सुदर्शन, शाहरुख खान और साई किशोर के रूप में तीन बड़ी विकेट चटकाई थी। बात मुकाबले की करें तो, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने कप्तान ऋषभ पंत की 88 रनों की नाबाद पारी के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 224 रन बोर्ड पर लगाए। इस स्कोर का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम 20 ओवर में 220 के स्कोर तक ही पहुंचने में कामयाब रही। जीटी की ओर से साई सुदर्शन ने 65 तो डेविड मिलर ने 55 रनों की पारी जरूर खेली, मगर वह अपनी टीम को जीत की दहलीज पार नहीं करा पाए। दिल्ली के लिए रसिख दार सलाम ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए।

# पंत को टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए: संजय मांजरेकर





नई दिल्ली,एजेंसी। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि ऋषभ पंत वो काम कर सकते हैं जो ज्यादातर भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज नहीं कर सकते और इसलिए उन्हें टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 44 रन की पारी खेलने के बाद पंत ने बुधवार रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ 204.6 के स्ट्राइक रेट से आठ छक्के और पांच चौके लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनकी 43 गेंदों में 88 रन की पारी ने डीसी को गुजरात के खिलाफ 4 विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया।

जब पंत ने अक्षर पटेल के साथ हाथ मिलाया तो डीसी 3 विकेट पर 44 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी और दोनों बल्लेबाजों ने 68 गेंदों में 113 रन जोड़े। संजय मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, ÷हम जिस कारण से इस पर बहस कर रहे हैं उसका एकमात्र कारण हमारे पास मौजूद विकल्प है। एक विकल्प के रूप में संजू सैमसन और केएल राहुल हैं, दोनों बहुत ही रोमांचक हैं लेकिन बात ऋषभ पंत की है और यही कारण है कि मैं 15 में, प्लेइंग 11 में भी हर समय उनका समर्थन करूंगा, बड़े मंच पर आएं, सेमी- टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल, यह वह व्यक्ति है जो 60 गेंदों में शतक लगाएगा और मैच जीतेगा।

उन्होंने कहा, अब यह कुछऐसा नहीं है जिसे भारतीय टीम में बहुत से लोग करेंगे। हमने देखा है कि भारतीय टीम फाइनल राउंड में पहुंची और बड़े मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, ऋषभ पंत स्वभाव से एक अलग तरह के स्थान पर हैं जहां आप जानते हैं कि इस तरह का मंच, उन्हें और अधिक फलने-फूलने की अनुमति देता है। वह उस तरह की स्थिति में आराम करते हैं।

यह पंत का 2024 आईपीएल सीज़न का सर्वोच्च स्कोर था क्योंकि उन्होंने पहले ही नौ मैचों में 48.86 की औसत के साथ तीन अर्धशतक सहित 342 रन बनाए हैं। उनकी 88 रनों की तूफानी नाबाद पारी ने टी20 विश्व कप में विकेटकीपर बल्लेबाज के स्थान की लड़ाई में स्टार बल्लेबाज का पक्ष लिया है। भारत के एक अन्य पूर्व क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने पंत के प्लेइंग इलेवन में शामिल होने को लेकर आश्वस्त थे और कहा, ÷वह मेरे प्लेइंग 11 में हैं। आज से पहले, मुझे लगता है कि हमने खेल से पहले भी यह बातचीत की थी और मैंने बिना किसी संदेह के कहा था कि ऋषभ पंत मेरी प्लेइंग 11 में आता है। दीप दासगुप्ता ने कहा, डेढ़ साल पहले जो कुछ हुआ उसके बाद आईपीएल शुरू होने से पहले एकमात्र संदेह उनकी फिटनेस का स्तर था। वह किस प्रकार की शारीरिक स्थिति में है और यदि वह फिट है जैसा कि वह है, तो वह फिट से भी बेहतर है। दरअसल, आप जानते हैं कि मैं उनसे क्या बातें कर रहा था. पिछले चार या पांच महीनों में उसका वजन छह किलो कम हो गया है और वह वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा है। तो हाँ, आइए बात करते हैं ऋषभ पंत के बारे में। मेरा मतलब है कि वह अधिक फिट है, वह तेज है, वह बेहतर बल्लेबाजी कर रहा है। बिना किसी संदेह के, जहां तक मेरा सवाल है, मुझे लगता है कि यह कोई बहस ही नहीं है। 15, हाँ, वह वहाँ है। 1 मई को आईसीसी की सबमिशन की समय सीमा भाग लेने वाली टीमों को 25 मई तक अपने प्रारंभिक चयन में बदलाव करने की अनुमति देती है।

## आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025

# पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम? अब हो गया पक्का! चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले फंसा पेच

नईदिल्ली, एजेंसी।

चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में 2025 में होना है, लेकिन भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए वहां जाएगी या नहीं इस पर कोई अधिकारिक रिपोर्ट नहीं आई है. इस बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टीम इंडिया वहां खेलने नहीं जाएगी. भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान खेलने नहीं जाती है तो क्या होगा.

इस पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बयान दिया है. एक सूत्र ने कहा, अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आधिकारिक तौर पर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी खेलने के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करता है तो विकल्पों पर विचार करेगा. दरअसल, हाल में एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें ऐसा कहा गया था कि भारत



अगले साल पड़ोसी देश में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा. सूत्र ने बताया, पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी पहले ही कह चुके हैं कि पाकिस्तान भारत के साथ तटस्थ स्थान पर द्विपक्षीय सीरीज खेलने के लिए तैयार है, अगर भारत अगले साल पाकिस्तान में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए सहमत हो . इस सूत्र ने कहा, रोहित शर्मा के बयान और बीसीसीआई के सूत्र पर आधारित रिपोर्ट पर स्पष्ट विरोधाभास है.

इससे साफ पता चलता है कि अगर बात क्रिकेट की हो तो खिलाड़ी इच्छुक हैं और उन्हें घरेलू मैदानों पर एक-दूसरे के साथ खेलने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन भारत का राजनीतिक नेतृत्व है, जो ऐसा नहीं करना चाहता है.

## आईपीएलः2024

# मोहित ने आईपीएल का सबसे महंगा स्पेल फेंका

नईदिल्ली, एजेंसी।

दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2024 के 40वें मैच में गुजरात टाइटंस को 4 रन से हराया। अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। दिल्ली ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 224 रन बनाए। जवाब में गुजरात 20 ओवर में 8 विकेट पर 220 रन ही बना सकी। जीटी के खिलाफ पहली बार किसी टीम ने इतना बड़ा स्कोर बनाया। डीसी के कप्तान ऋषभ पंत ने 43 बॉल पर 88 रन बनाए। इसमें से उन्होंने 28 रन आखिरी ओवर में मोहित शर्मा के खिलाफ 4 बॉल में स्कोर किए। शर्मा ने आईपीएल का सबसे महंगा स्पेल फेंका।

### मोहित शर्मा ने आईपीएल का सबसे महंगा स्पेल फेंका

मोहित शर्मा ने आईपीएल का सबसे महंगा स्पेल फेंका। उन्होंने 4 ओवर में कुल 73 रन दिए, इसमें से 31 रन उनके आखिरी ओवर से आए। मोहित ने एसआरएच के लिए खेल चुके बसिल थंपी का रिकॉर्ड तोड़ा। साल 2018 में एसआरएच प्लेयर थंपी के खिलाफ आरसीबी के बैटर्स ने 70 रन बनाए थे।



IPL में सबसे महंगे बॉलर्स

| बॉलर | विकेट रन (ओवर) | टीम | साल |
|---|---|---|---|
| मोहित शर्मा | 0/73 | GT vs DC | 2024 |
| बसिल थंपी | 0/70 (4) | SRH vsRCB | 2018 |
| यश दयाल | 0/69 (4) | GT vs KKR | 2023 |
| रीस टॉपली | 1/68 | RCB vs SRH | 2024 |
| इशांत शर्मा | 0/66 (4) | SRH vs CSK | 2013 |
| मुजीब उर रहमान | 0/66 (4) | PBKS vs SRH | 2019 |

## Candidates Chess:

# गुकेश का स्वदेश लौटने पर हुआ भव्य स्वागत

चेन्नई, एजेंसी।

भारतीय ग्रैंडमास्टर ने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का खिताब जीतकर गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ा था। वह 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत हुआ। गुकेश टोरंटो में हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। गुकेश गुरुवार देर रात चेन्नई पहुंचे जहां एयरपोर्ट पर भारी संख्या में मौजूद प्रशंसकों ने उनका स्वागत किया।



### गुकेश की एक झलक पाने को बेताब दिखे फैंस

वेलामल विद्यालय जहां गुकेश पढ़ते हैं वहां के सैकड़ों छात्र एयरपोर्ट पर करीब एक घंटे तक उनका इंतजार करते रहे। इसके अलावा जैसे-जैसे गुकेश की फ्लाइट लैंड होने का समय नजदीक आता गया वैसे-वैसे एयरपोर्ट पर फैंस की भीड़ बढ़ती चली गई। यह युवा शतरंज खिलाड़ी करीब तीन बजे एयरपोर्ट से बाहर आया और उन्हें तुरंत वहां मौजूद फैंस ने घेर लिया। फैंस ने गुकेश को माला पहनाई और पुलिस को उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए मेहनत करनी पड़ी। गुकेश की मां पदमा जो एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट हैं वह भी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गुकेश का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद थीं।

# एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत को चार मेडलःदीपांशु ने जीता गोल्ड

दुबई, एजेंसी।

दुबई में बुधवार से शुरू हुए अंडर-20 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय एथलीटों ने पहले दिन एक गोल्ड सहित कुल चार मेडल जीते। जेवलिन में गोल्ड और सिल्वर भारतीय एथलीटों ने झटके, वहीं 1500 मीटर और डिस्कस थ्रो में भी भारत को सिल्वर मेडल मिले। एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 24 से 27 अप्रैल तक है। भारत से 31 पुरुषों सहित 60 सदस्यीय टीम इस चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। यह चैंपियनशिप पेरू के लीमा में 27-31 अगस्त को होने वाली वर्ल्ड अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का क्वालिफाइंग भी है।

बुधवार को पहले दिन दीपांशु ने 70.29 मीटर जेवलिन थ्रो कर भारत को पहला गोल्ड दिलाया। वहीं इस इवेंट 70.23 के साथ यूपी के रोहन यादव दूसरे स्थान पर रहे। यूपी के ही प्रियांशु ने पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में 3ः50.85 सेकेंड के साथ सिल्वर जीता। जबकि कतर के एतौलगाजी ने गोल्ड जीता।

वहीं डिस्कस थ्रोअर रितिक राठी ने सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने पहला थ्रो 49.97 मीटर फेंका। दूसरे प्रयास में उन्हें कोई अंक नहीं मिला। वहीं उन्होंने तीसरे चांस में 52.23 मीटर फेंक कर मेडल की दावेदारी प्रस्तुत किया। चौथे प्रयास में फिर से उन्हें कोई अंक नहीं मिला, जबकि पांचवां चांस में 50.35 मीटर था और उनका अंतिम और छठा प्रयास 53.01 मीटर था।

कतर के जिब्राइन एडौम अहमत को गोल्ड मिला। उन्होंने 54.80 मीटर का थ्रो फेंका था। सऊदी अरब के हसन मुबारक अलहसाई ने



50.41 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। डिस्कस थ्रोअर रितिक राठी ने 52.23 मीटर थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता। डिस्कस थ्रोअर रितिक राठी ने 52.23 मीटर थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता।

### लक्षिता, तन्वी और विनोद सैंडलिया 800 मीटर फाइनल में भिड़ेंगे

वहीं बुधवार को 800 मीटर के हीट इवेंट में महिला एथलीट लक्षिता और तन्वी के साथ के साथ पुरुष एथजलीट विरोद सैंडिलया फाइनल में पहुंच गए हैं।

बुधवार को 800 मीटर हीट में लक्षिता 2ः09.39 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि तन्वी मलिक 2ः12.82 के समय के साथ अपनी हीट में चौथे स्थान पर रहीं।

### अनुष्का और संगीता, अमन चौधरी 400 मीटर में मेडल की होड़ में शामिल

400 मीटर दौड़ में अनुष्का दत्तात्रेय कुंभार और एसएआई संगीता डोडला फाइनल में पहुंच कर मेडल की उम्मीद को बरकरार रखा है। अनुष्का दत्तात्रेय कुंभार 400 मीटर हीट में पहले स्थान पर रहीं। उन्होंने 55.75 सेकेंड का समय निकाला।

संगीता डोडला ने 56.21 सेकेंड का समय लेकर अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल किया और पोडियम की दौड़ में बनी हुई हैं। पुरुषों की 400 मीटर हीट में अमन चौधरी ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए मेडल राउंड में प्रवेश किया। उन्होंने अपनी हीट में शीर्ष पर पहुंचने के लिए 48 सेकंड का समय लिया।